


वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2016-17

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
केन्द्रीय कार्यालयः चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021. महाराष्ट्र
CENTRAL BANK OF INDIA
Central Office: Chandermukhi, Nariman Point, Mumbai - 400 021. Maharashtra

विषय-सूची / Contents

अध्यक्ष एवं प्रबंध का संदेश	02
निदेशक मंडल / Board of Directors	04
नोटिस	07
कार्यनिष्पादन वैशिष्ट्य	15
निदेशक रिपोर्ट 2016-17	16
प्रबंधतंत्र विचार - विमर्श तथा विश्लेषण	21
कॉर्पोरेट गवर्नेंस	55
सदस्यों को लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	76
दिनांक 31 मार्च, 2017 का तुलन पत्र	79
दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाता	81
तुलन पत्र तथा लाभ हानि खाते की अनुसूचियां	83
मुख्य लेखांकन नीतियां	90
लेखों से सम्बन्धित टिप्पणियां	95
दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरणी	126
दिनांक 31 मार्च, 2017 का समेकित तुलन पत्र	179
प्रॉक्सी फॉर्म	213
Chairman & Managing Director's Message	217
Notice	219
Perfomance Highlights	227
Director's Report 2016-17	228
Management Discussion & Analysis	233
Corporates Governance	266
Auditors' Report to the Members	287
Balance Sheet as on 31 March, 2017	289
Profit & Loss Account for the year ended 31st March, 2017	291
Scheduled to Balance Sheet and Profit & Loss Account	293
Principal Accounting Policies	300
Notes Formaing Part of the Accounts	305
Cash Flow Statement for the year ended 31st March, 2017	335
Consolidted Balance Sheet as on 31st March, 2017	383
Proxy Form	415
Attendance Form / Entry Form	417



अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

प्रिय शेयरधारक,

हाल ही में समाप्त पिछला वर्ष भी वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिदृश्य की दृष्टि से चुनौती पूर्ण ही रहा था.

वर्ष 2016 के दौरान वैश्विक प्रगति की दर में रही मंदी के पश्चात वर्ष 2017 में इसमें तेजी आने की उम्मीद है. भावनात्मक पहलुओं के बढ़ने से यूएस की आर्थिक प्रगति में सुधार के आसार हैं. बेरोजगारी में कमी एवं मुद्रा स्फीति के बढ़ने से विदेशी विनिमय दरों में वृद्धि हुई है. नई सरकार द्वारा अनुमानित वित्तीय प्रोत्साहनों से विकास की सम्भावनाओं को और अधिक बल मिलेगा. डॉलर में मजबूती, बढ़ते हुए संरक्षणवाद इत्यादि के कारण यू.एस. में कुछ हद तक विकास बाधित हुआ है. सतत मौद्रिक प्रोत्साहन के चलते यूरोजोन संतुलित विकास पथ पर कायम रहेगा. इस क्षेत्र में विकास की सम्भावनाएं ''ब्रेक्जिट'' समझौतेके परिणामों पर भी निर्भर होंगी. वृद्धिशील उत्पादन एवं निर्यात, जापानी अर्थव्यवस्था के लिए कुछ हद तक मददगार रहे हैं. चीन ने पिछले वर्ष अपनी अर्थव्यवस्था को पुन: संतुलित करने के उद्देश्य से अर्थव्यवस्था की मन्दी की मार से बचने के लिए घरेलू उपभोग संवर्द्धित विकास पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया है. वस्तुओं की बढ़ती हुई कीमतों के कारण कुछ वस्तु निर्यातक अर्थव्यवस्थाओं को अवश्य फायदा होगा.

भारतीय अर्थव्यवस्था नोटबंदी के ''अल्पकालिक'' प्रभाव से उबर रही है. नोटबंदी के कारण बैंकिंग सिस्टम में भारी मात्रा में एकत्र हुई जमा राशियों से ऋणों की वृद्धि में सहायता मिलेगी. साथ ही, वर्ष 2017-18 के केंद्रीय बजट में घोषित अनुकूल उपायों से इस वृद्धि में और भी उछाल आएगा. वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) से भी आर्थिक प्रगति में मदद मिलेगी. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष वर्ष 2017-18 में भारत की आर्थिक विकास दर 7.2 % रहने संबंधी अपने पूर्वानुमान पर अभी भी कायम है. भारतीय अर्थव्यवस्था की पूर्व में अनुमानित वृद्धि दर भी 6.6% से बढ़कर 6.8% होने का अनुमान है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में मुद्रा स्फीति घट कर 4.5% रह गयी है, जो कि वर्ष 2015-16 में 4.9% थी. इस दौरान शक्कर एवं दलहनों की कीमतें उच्च स्तर पर बनी रहीं. उपयोगी वस्तुओं की बढ़ती हुई वैश्विक कीमतों एवं मौद्रिक अस्थिरता से मुद्रास्फीति में बढ़ोत्तरी का खतरा और भी बढ़ गया है.

दीर्घकालीन मंदी के बाद निर्यात में अनुकूल सुधार हुआ है. तेल के आयात के बढ़ते हुए बिल के कारण आयात में भी वृद्धि हुई है. वर्ष 2016-17 में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में चालू खाते में घाटे का अनुपात लगभग 1% रहने का अनुमान है. अप्रैल से दिसम्बर 2016-17 के दौरान संचयी आधार पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में प्रगति की दर दो अंकों में रही है. हाल ही में, पोर्टफोलियों निवेश में भी सकारात्मक रुख देखने को मिला है.

स्थिर सरकार, नीतिगत पहलों, सुधारात्मक उपायों एवं जनसांख्यकीय अनुकूलता के कारण मध्यावधि में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ रहना संभावित है.

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए कठिन दौर अभी भी जारी है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भुगतान बैंक तथा निजी एवं विदेशी बैंकों जैसी अन्य संस्थाओं से प्रतिस्पर्धा का भी सामना करना पड़ रहा है. नोटबंदी के कारण बैंकिंग उद्योग में जमा राशियां बढ़ने से नकद आधारित उद्योग प्रभावित हुए है. कॉर्पोरेट तुलन-पत्रों में दबाव की स्थिति के चलते ऋणों में वृद्धि भी मंद रही है.

वित्तीय वर्ष 2016-17 हमारे बैंक के लिए सुदृढ़ीकरण के साथ चुनौतियों भरा वर्ष रहा है. बैंक ने अपनी कार्य योजना को वसूली पर केंद्रित रखना जारी रखा है, जिससे इस वर्ष के दौरान बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं. दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त पिछले वर्ष में हुई ₹ 1287 करोड़ की नकद वसूली की तुलना में दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त इस वित्तीय वर्ष में नकद वसूली 84.77% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹ 2378 करोड़ हुई. दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त इस वित्तीय वर्ष में ₹ 1183 करोड़ का आस्ति अपग्रेडेशन हुआ, जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त पिछले वर्ष में ₹ 608 करोड़ हुआ था. निरंतर बढ़ती अनर्जक आस्तियां एवं

उनका समाधान करना, बैंकिंग उद्योग के समक्ष एक प्रमुख चुनौती है. भारतीय रिजर्व बैंक ने त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) की विशिष्टताओं में संशोधन किया है तथा बैंकों पर निगरानी रखने के लिए आस्ति गुणवत्ता एवं लाभप्रदता पर जोर देने के साथ साथ तीनों जोखिमों की सीमा रेखा को भी परिभाषित किया है. वसूली प्रक्रिया की गति को बढ़ाने में दिवालियापन सुधार कानून 2016 एक स्वागतयोग्य कदम है.

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक का कुल व्यवसाय ₹ 449679 करोड़ रहा, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹ 456336 करोड़ था. दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक की जमाराशियां 11.45% बढ़कर ₹ 296671 करोड़ हो गयी है. कुल जमा राशियों में कासा का प्रतिशत, जो पिछले वर्ष 35.48% था, वह इस वर्ष बढ़कर 39.20 % हो गया है. बैंक के व्यवसाय में लाभकारी वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उच्च लागत जमाओं में काफी कमी की गई है. कुल जमाओं में उच्च लागत जमाओं का अनुपात जो मार्च, 2016 में काफी अधिक 5.56% था, वह मार्च, 2017 में घटकर 3.70% हो गया है. कुल कोर जमाओं में 13.65% की वृद्धि से यह स्पष्ट परिलक्षित हुआ है.

बैंक का परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष 16.92% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 3089 करोड़ हुआ, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹ 2642 करोड़ था. तथापि वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान मुख्यत: उच्च प्रावधानों के कारण बैंक को ₹ 2439 करोड़ की शुद्ध हानि हुई है.

वित्तीय वर्ष 2016-17 में बैंक की जमा लागत घटकर 6.20 % हो गयी, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 में 6.86 % थी. बैंक की शुद्ध ब्याज आय, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹ 7065 करोड़ थी, वह इस वर्ष घटकर ₹ 6574 करोड़ रह गयी. यद्यपि, बैंक की गैर ब्याज आय, जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 1938 करोड़ थी, वह दर वर्ष आधार पर 48.38% की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बढ़कर ₹ 2876 करोड़ हो गई है.

पिछले कुछ वर्षों में बैंक के लिए आस्ति गुणवत्ता एक चिंता का विषय बना हुआ है. दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में सकल अग्रिमों में सकल एनपीए बढ़कर 17.81% हो गया, जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 11.95% था. यह वृद्धि, पूंजी पर्याप्तता अनुपात में सुधार के लिए आईबीपीसी सहभागिता के माध्यम से ₹ 22991.22 करोड़ की ऋण आस्तियों की बिक्री की वजह से हुई. दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में शुद्ध अग्रिमों में शुद्ध एनपीए बढ़कर 10.20% हो गया, जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 7.36% था. आपका बैंक एनपीए प्रबंधन में प्रोएक्टिव रहा है और एनपीए के स्तर को घटाने में यह अपने प्रयास जारी रखेगा. दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में प्रोविजन कवरेज अनुपात बढ़कर 58.43% हो गया, जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 51.52% था.

मार्च, 2017 को बैंक की कुल 4714 शाखाएं है जिनमें 2/3 शाखाएं ग्रामीण तथा अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में हैं और 3677 अतिसूक्ष्म शाखाएं है और यह अपनी पहचान रिटेल बैंक के रूप में बनाएं रखेगा. आपका बैंक यह भी सुनिश्चित करेगा कि रिटेल एवं प्राथमिकता क्षेत्र पोर्टफोलियों अब तक की तुलना में और अधिक तेजी से विकास करेगा.

बैंक की दिनांक 31 मार्च,2017 को समाप्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता है.


शुभकामनाओं सहित
आपका,

हस्त/-
राजीव ऋषि

स्थान : मुम्बई
दिनांक : 23 मई, 2017

निदेशक मंडल श्री राजीव ऋषि श्री बी. के. दिवाकर श्री पी. रमण मूर्ती डॉ. सौरभ गर्ग श्री शेखर भटनागर श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय श्री केतुल आर. पटेल श्री एन. नित्यानंद	**BOARD OF DIRECTORS** SHRI RAJEEV RISHI SHRI B.K. DIVAKARA SHRI P. RAMANA MURTHY DR. SAURABH GARG SHRI SHEKHAR BHATNAGAR SHRI SUPRATIM BANDYOPADHYAY SHRI KETUL R. PATEL SHRI N. NITYANANDA
लेखा परीक्षक मै. चांदाभॉय एण्ड जस्सूभॉय मै. लोढ़ा एण्ड कं. मै. पाठक एच. डी. एण्ड असोशिएट्स मै. एस. के. मेहता एण्ड कं.	**AUDITORS** M/s Chandabhoy & Jassoobhoy M/s Lodha & Co M/s Pathak H.D. & Associates M/s S.K. Mehta & Co.
रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. सी-101, 247 पार्क, एल.बी.एस. मार्ग, विक्रोली (पश्चिम) मुम्बई - 400 083 टेलीफोन नं. : 022-49186270 फैक्स नं. : 022-49186060 ई-मेल आईडी: rnt.helpdesk@linkintime.co.in	**REGISTRAR AND SHARE TRANSFER AGENTS** Link Intime India Pvt. Limited C-101, 247 Park, L.B.S. Marg, Vikhroli (West) Mumbai – 400 083 Tel No. : 022 – 49186270 Fax No. : 022 – 49186060 E-mail ID: rnt.helpdesk@linkintime.co.in
बैंक से पत्र व्यवहार करने का पता सहायक महाप्रबंधक-एमबीडी / कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, 9वीं मंजिल, चन्दरमुखी नरीमन पॉइंट, मुम्बई - 400021 संपर्क सं. : 022 - 66387818 फैक्स नं. : 022 - 22835198 ई-मेल आईडी : agmcompsec@centralbank.co.in Investors@centralbank.co.in	**ADDRESS FOR CORRESPONDENCE WITH THE BANK** AGM-MBD / Company Secretary and Compliance Officer Central Bank of India, 9th Floor, Chandermukhi Nariman Point, Mumbai – 400021 Contact No. : 022 - 66387818 FAX No. : 022 - 22835198 E-mail ID : agmcompsec@centralbank.co.in investors@centralbank.co.in

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS



श्री राजीव ऋषि
RAJEEV RISHI

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR



श्री बी. के. दिवाकर
Shri B.K. Divakara

कार्यपालक निदेशक
Executive Director



श्री पी. आर. मूर्ती
Shri P.R. Murthy

कार्यपालक निदेशक
Executive Director



डॉ. सौरभ गर्ग
Dr. Saurabh Garg

भारत सरकार नामित निदेशक
Govt. of India Nominee Director



श्री शेखर भटनागर
Shri Shekhar Bhatnagar

आरबीआई नामित निदेशक
RBI Nominee Director



श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय
Shri Supratim Bandyopadhyay

गैर-सरकारी निदेशक
Non-Offcial Director



श्री केतुल आर. पटेल
Shri Ketul Ramubhai Patel

गैर-सरकारी निदेशक
Non-Offcial Director



श्री एन. नित्यानंद
Shri N. Nityananda

गैर-सरकारी निदेशक
Non-Offcial Director

सूचना

एतद द्वारा यह सूचित किया जाता है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की दसवीं वार्षिक सामान्य बैठक शुक्रवार, दिनांक 30 जून 2017 को पूर्वाह्न 11.00 बजे चन्दरमुखी, नरिमन पॉइंट, मुंबई - 400021 स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय की 9वीं मंजिल में निम्नलिखित कारोबार के संपादन हेतु आयोजित की जाएगी.

1) दिनांक 31 मार्च 2017 को बैंक का लेखापरीक्षित स्टेंड एलोन एवं समेकित तुलनपत्र, दिनांक 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक का स्टेंड एलोन एवं समेकित लाभ-हानि खाता, लेखों द्वारा आवृत अवधि में बैंकों के कार्यों एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट एवं लेखों तथा तुलनपत्र पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर चर्चा, अनुमोदन तथा इन्हें स्वीकार करना.

2) एफपीओ/अधिकार/क्यूआईपी इत्यादि के माध्यम से पूंजी जुटाना.

निम्नलिखित पर विचार करना और उपयुक्त समझे जाने पर संशोधन या संशोधनो के बिना इसे विशेष संकल्प के रूप में पारित करना:

प्रस्ताव है कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्धन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 (''योजना'') एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं मीटिंग्स) विनियम, 1998 समय समय पर यथासंशोधित के अनुसार एवं भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड और /अथवा इस संबंध में आवश्यक अन्य प्राधिकारी के अनुमोदनों, सहमतियों, अनुमतियों तथा स्वीकृतियों, यदि कोई हों, की शर्त पर एवं उक्त अनुमतियां प्रदान करते हुए उनके द्वारा निर्धारित शर्तों एवं संशोधनों, जिनसे बैंक के निदेशक मंडल द्वारा सहमति व्यक्त की गई, की शर्त पर और सेबी (पूंजी निर्गमन एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) अधिनियम 2009 (सेबी (आईसीडीआर विनियम), सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015 (सूचीकरण विनियमन) यथा अद्यतन संशोधित सेबी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश, यदि कोई हो, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड अधिनियम 1992 के अंतर्गत एवं अन्य आवश्यक प्राधिकारियों द्वारा अधिसूचनाओं/परिपत्रों एवं स्पष्टीकरणों के तथा अन्य लागू कानूनों के अधीन एवं जिन स्टॉक एक्सचेंजों में बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, के साथ हुए सूचीकरण करारों के अधीन, बैंक के शेयरधारकों की सहमति है एवं जिसे एतदद्वारा बैंक के निदेशक मंडल (जिसे 'बोर्ड' कहा गया है) को प्रदत्त किया जाता है, जिसमें पूंजी जुटाने वाली समिति शामिल है जिसे बोर्ड ने अपनी शक्तियों (इस प्रस्ताव द्वारा प्रदत्त शक्तियों सहित) के उपयोग के लिए गठित अथवा पुनर्गठित किया जाना है, को भारत अथवा विदेश में प्रस्ताव दस्तावेज/विवरण पत्र अथवा ऐसे किसी अन्य दस्तावेज के माध्यम से उतनी संख्या में इक्विटी शेयर्स जिनका मूल्य ₹ 6500/- करोड़ (रुपए छः हजार पांच सौ करोड़ केवल) (प्रीमियम, यदि हो, सहित) हो, एक या एकाधिक सदस्यों, बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों, अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) कंपनियों, निजी अथवा सार्वजनिक निवेश संस्थाओं, सोसायटियों, न्यासों, शोध संस्थानों, अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) यथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, भारतीय म्यूचुअल फंड, वेंचर कैपिटल फंड, विदेशी वेंचर पूंजी निवेशकों, राज्य उद्योग विकास निगमों, बीमा कंपनियों, भविष्यनिधियों, पेंशननिधियों, विकास वित्तीय संस्थाओं अथवा अन्य निकायों, प्राधिकारियों अथवा निवेशकों की अन्य श्रेणियों जो विद्यमान विनियमों/दिशानिर्देशों के अधीन बैंक की इक्विटी/प्रतिभूतियों में निवेश करने के लिए प्राधिकृत हैं अथवा उपर्युक्त में से कोई संयोजन जिसे बैंक द्वारा उपयुक्त समझा जाय, को इस प्रकार सृजित, प्रस्तावित, निर्गमित एवं आबंटित (तत्समय लागू कानून द्वारा अनुमत निर्गम के उस भाग और उस श्रेणी के व्यक्तियों को पुष्ट आबंटन और/अथवा प्रतियोगी आधार पर आरक्षण के प्रावधान सहित) करने की शक्ति प्रदान करता है कि बैंक की चुकता इक्विटी पूंजी में केंद्र सरकार की धारिता किसी भी समय 51% से कम न हो.

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** अति आबंटन के विकल्प के साथ या उसके बिना अर्हताप्राप्त संस्थानों को नियोजन ऐसे निर्गम, प्रस्ताव अथवा आबंटन सार्वजनिक निर्गमन (अर्थात, अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम) और राइट्स इश्यू और/अथवा निजी तौर पर आबंटन द्वारा किया जाएगा और ऐसे प्रस्ताव, निर्गम नियोजन, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 सेबी (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2009 (''सेबी आईसीडीआर विनियम'') के प्रावधानों तथा भारिबै, सेबी और कोई अन्य प्राधिकारी जो भी लागू हो, द्वारा जारी सभी अन्य दिशानिर्देशों के अधीन किया जाएगा और यह उस तरीके तथा उन नियमों एवं शर्तों तथा उस समय समयांतरों में किया जाएगा जो निदेशक मंडल द्वारा अपनी पूर्ण विवेकाधीन शक्ति में उपयुक्त समझा जाता हो.

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** निदेशक मंडल को सेबी आईसीडीआर विनियमों, अन्य विनियम तथा कोई अथवा अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों एवं दिशानिर्देशों के अंतर्गत बोर्ड द्वारा अपने संपूर्ण विवेक से उन निवेशकों जो बैंक के विद्यमान सदस्य हों अथवा न हों, को ऐसी कीमत जो आईसीडीआर विनियमों के संगत प्रावधानों द्वारा निर्धारित कीमत से कम न हों, को इस प्रकार स्वयं तय करने और आवश्यकता पड़ने पर अग्रणी प्रबंधकों और अथवा हामीदारों और/अथवा अन्य परामर्शदाताओं अथवा अन्यथा तय करने हेतु प्राधिकृत होगा.

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** सेबी (सूचीकरण प्रतिबद्धता और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 के प्रावधानों, संबद्ध स्टॉक एक्सचेंज

के साथ हुए सूचीबद्धता व्यवस्था के प्रावधानों, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण), अधिनियम, 1970 के प्रावधानों, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स और मीटिंग्स), विनियम, 1998 के प्रावधानों, सेबी आईसीडीआर विनियमों के प्रावधानों, विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 के प्रावधानों और विदेशी विनिमय प्रबंधन (भारत से बाहर के निवासी व्यक्ति द्वारा प्रतिभूति का अंतरण अथवा जारीकरण), 2000, और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), स्टॉक एक्सचेंज, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड(एफआईपीबी), औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय (डीआईपीपी) और अन्य सभी आवश्यक प्राधिकरणों जिन्हें संयुक्त रूप से (''सक्षम प्राधिकारी'' के तौर संदर्भित किया है) के अनिवार्य अनुमोदनों, सहमतियों, अनुमतियों और/ अथवा स्वीकृतियों के अधीन और ऐसे अनुमोदन, सहमति, अनुमति देते समय उनके द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन, और/ अथवा स्वीकृति (जिन्हें इसमें ''आवश्यक अनुमोदन कहा गया है'') निदेशक मंडल अपनी सम्पूर्ण विवेकाधीन शक्ति के आधार पर समय-समय पर एक अथवा अधिक श्रृखलाओं में वारंट के सिवाय इक्विटी शेयरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों, जो बाद में किसी समय इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय अथवा विनिमय योग्य हैं, को सेबी आईसीडीआर विनियमों अथवा उस समय लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित कीमत, नियम एवं शर्तों एवं अन्य प्रकार से तथा सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VIII में यथानिबंधित अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के अनुसार, किसी नियोजन दस्तावेज और अथवा अन्य ऐसे दस्तावेजों/लेखों/परिपत्रों/%ापनों के माध्यम से अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) को बोर्ड इस प्रकार निर्गम प्रस्ताव एवं आबंटन कर सकेगा कि बैंक की इक्विटी शेयर पूंजी में केंद्र सरकार की धारिता किसी भी समय 51% से कम न हो.

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** सेबी आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII के अनुसार अर्हतापात्र संस्थागत नियोजन के मामले में:

ए) प्रतिभूतियों का आबंटन, सेबी आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII के निहितार्थों में सिर्फ अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं को ही किया जाएगा एवं ऐसी प्रतिभूतियां पूर्णता चुकता होंगी तथा ऐसी प्रतिभूतियों का आबंटन, इस संकल्प के पारित होने की तारीख से 12 महीनों के अंदर पूर्ण किया जायेगा.

बी) सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियमन 85(1) के प्रावधानों के अनुसार बैंक विनियमों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम कीमत पर अधिकतम 5% की छूट पर शेयर, प्रस्तावित करने हेतु अधिकृत है.

सी) प्रतिभूतियों की न्यूनतम कीमत के निर्धारण की संगत तारीख, सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार तय होगी.

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** निर्गम के लिए अनुमोदन, सहमति, अनुमति एवं स्वीकृति प्रदान करते समय एवं आबंटन, लिस्टिंग करते समय बोर्ड को यह अधिकार व शक्ति प्राप्त होगी कि भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/सेबी/वे स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध है या ऐसे ही अन्य उचित प्राधिकारियों द्वारा प्रस्ताव में चाहे गए या दिए गए संशोधनों, जिनसे बोर्ड सहमत हो, को स्वीकार किया जाए.

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** कि एनआरआई, एफआईआई एवं/अथवा अन्य पात्र विदेशी निवेशकों को नए इक्विटी शेयर्स/प्रतिभूतियों, यदि कोई है, का निर्गम एवं आबंटन, विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999, यथालागू, के अंतर्गत आरबीआई के अनुमोदन के अधीन, परंतु इस अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समग्र सीमा के भीतर होगा.''

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** कथित नए इक्विटी शेयर्स, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं मीटिंग्स) विनियमन, 1998, यथा संशोधित, के अधीन जारी किए जाएंगे और वे सभी प्रकार से बैंक के विद्यमान इक्विटी शेयर्स के समान माने जाएंगे और वे घोषित किए गए लाभांश, यदि कोई हो, के लिए सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरूप, जो उनकी घोषणा के समय प्रचलित हैं, के लिए पात्र होंगे.''

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** किसी भी निर्गम अथवा इक्विटी शेयर्स/प्रतिभूतियों के आबंटन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य हेतु, निवेशकों की श्रृंखला, जिन्हें प्रतिभूतियों का आबंटन किया जाना है, प्रत्येक श्रृंखला में आबंटित किए जाने वाले शेयर्स/प्रतिभूतियों की संख्या, निदेशक मंडल द्वारा अपने संपूर्ण विवेकानुसार उचित समझे जाने वाले निर्गम पर प्रीमियम सहित सार्वजनिक प्रस्ताव के नियमों को निर्धारित करने के लिए, निदेशक मंडल एतदद्वारा प्राधिकृत है और रहेगा तथा उन सभी कार्यों विलेखों व मामलों को करने तथा उन सभी विलेखों, दस्तावेजों एवं करारों, जो इसके संपूर्ण विवेकाधिकारों में आवश्यक उचित अथवा वांछित हों, का निष्पादन करने तथा सार्वजनिक प्रस्ताव, निर्गम आबंटन एवं निर्गम प्राप्तियों के उपयोग के सम्बंध में उत्पन्न किसी भी प्रकार का प्रश्न, कठिनाइयों अथवा संदेहों का समाधान करने तथा सदस्यों के और अधिक अनुमोदन के बिना, बैंक के सर्वोत्तम हित में अपने संपूर्ण विवेक में उचित एवं आवश्यक समझे जाने के अनुरूप उसके नियमों व शर्तों में ऐसे संशोधनों, परिवर्तनों, विचलनों, बदलावों, समापनों, जुड़ावों को प्रभावी करने तथा इस प्रस्ताव के द्वारा बैंक एवं बोर्ड को प्रदत्त सभी अथवा किन्हीं शक्तियों का उपयोग बोर्ड द्वारा किया जा सकेगा.''

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** निदेशक मंडल एतदद्वारा किसी भी बुक-रनर(रों), अग्रणी प्रबंधक(कों), बैंकर(रों), हामीदार(रों), डिपाजिटरी(रियों), पंजीयक(कों), लेखापरीक्षक(कों) और ऐसी सभी एजेन्सियों, जो इक्विटी/प्रतिभूतियों के ऐसे प्रस्तावों से सम्बंधित अथवा शामिल हैं, के साथ ऐसे सभी ठहरावों को करने एवं उनके निष्पादन के लिए प्राधिकृत है और रहेगा तथा ऐसे सभी संस्थानों एवं एजेन्सियों को कमीशन, ब्रोकरेज, फीस अथवा इसी प्रकार की अन्य

मदों हेतु पारिश्रमिक देने और ऐसी एजेन्सियों के साथ ऐसे सभी ठहरावों, अनुबंधों,%ापनों, दस्तावेजों इत्यादि का निष्पादन करने के लिए निदेशक मंडल प्राधिकृत है और रहेगा.''

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** उपर्युक्त को प्रभावी करने के उद्देश्य से, निदेशक मंडल, अग्रणी प्रबंधकों, हामीदारों, परामर्शदाताओं एवं/अथवा बैंक द्वारा नियुक्त अन्य व्यक्तियों से परामर्श कर एतदद्वारा निवेशकों की श्रेणी, जिन्हें शेयर्स/प्रतिभूतियों का आबंटन किया जाना है, प्रत्येक श्रृंखला में आबंटित किए जाने वाले शेयर्स/प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य (प्रीमियम सहित, यदि कोई है), अंकित मूल्य, निर्गम/प्रतिभूतियों के संपरिवर्तन/वारंट के प्रयोग/ प्रतिभूतियों के मोचन पर प्रीमियम राशि, ब्याज दर, मोचन अवधि, प्रतिभूतियों के संपरिवर्तन अथवा मोचन अथवा निरसन पर इक्विटी शेयर्स एवं अन्य प्रतिभूतियों की संख्या, मूल्य, निर्गम/प्रतिभूतियों के संपरिवर्तन पर प्रीमियम अथवा छूट, ब्याज दर, संपरिवर्तन की अवधि, रिकॉर्ड अथवा बही बंदी की तिथि का निर्धारण तथा अन्य सम्बंधित अथवा प्रासंगिक मामले, भारत एवं/अथवा विदेश में एक अथवा एक से अधिक स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता, निदेशक मंडल जो भी अपने संपूर्ण विवेकाधीन उचित समझे, सहित निर्गम(मों) का स्वरूप एवं नियमों का निर्धारण करने के लिए प्राधिकृत है और रहेगा.''

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** इस तरह के उन शेयर्स/प्रतिभूतियों, जो अभिदत्त न हों, को निदेशक मंडल अपने संपूर्ण विवेक के अंतर्गत उस प्रकार से, जैसा निदेशक मंडल उचित समझे और जैसा विधि द्वारा अनुमत हो, के अनुसार निपटान कर सकेगा.''

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** इस प्रस्ताव को प्रभावी करने के लिए बोर्ड को उन सभी कार्यों, विलेखों, मामलों के लिए प्राधिकृत किया जाता है, जिन्हें बोर्ड के पूर्ण विवेकाधिकार में आवश्यक, उचित एवं वांछनीय समझा जाता हो और इक्विटी शेयर के निर्गम से संबंधित उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रश्न, कठिनाई या संदेह के निपटान हेतु प्राधिकृत किया जाता है तथा आगे इसके पूर्ण विवेकाधिकारों में सही, उचित एवं वांछित समझे जाने वाले उन सभी कार्यों, विलेखों, मामलों, विषयों को करने, सभी दस्तावेजों, लेखनों को निष्पादित करने, जो आवश्यक वांछित व इष्टकर हो, को शेयरधारकों द्वारा इस प्रस्ताव से प्रदत्त अधिकारों से स्पष्टत: उनका अनुमोदन, अंतिम अधिकार व संकल्प मानते हुए उनकी आगे और किसी सहमति, अनुमोदन के बिना, करने हेतु बोर्ड को प्राधिकृत किया जाता है.''

''**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** उपर्युक्त प्रस्ताव को प्रभावकारी बनाने के लिए बैंक के निदेशक मंडल को अपनी सभी या किसी भी शक्ति को बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा कार्यपालक निदेशक(कों) अथवा ऐसे किसी उपयुक्त अधिकारी(यों) को, जो वह उचित समझे, प्रत्यायोजित करने हेतु प्राधिकृत किया जाता है.''

निदेशक मंडल के आदेश से

हस्त/-
(ए. के. दास)
सहायक महाप्रबंधक-एमबीडी/
कंपनी सचिव

स्थान: मुंबई
दिनांक: 23.05.2017

नोट :

1. व्याख्यात्मक विवरणी

बैठक के कार्यकलापों के संबंध में प्रमुख तथ्य स्थापित करता व्याख्यात्मक विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न हैं.

2. प्रॉक्सी की नियुक्ति

बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने के पात्र शेयरधारक, अपने बदले बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने हेतु किसी प्रॉक्सी को नियुक्त कर सकते /सकती हैं और ऐसे प्रॉक्सी का बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है.

प्रॉक्सी को नियुक्त करने संबंधी लिखत, चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट मुंबई, 400021 स्थित प्रधान कार्यालय में बैठक की तारीख से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात शुक्रवार दिनांक 23 जून, 2017 को सायं: 5.00 बजे या इसके पूर्व जमा किया जाना चाहिए, क्योंकि इसके उत्तरवर्ती कार्य दिवस रविवार, 25 जून, 2017 है जो छुट्टी का दिन है.

3. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

किसी कंपनी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की बैठक में उपस्थित होने अथवा मतदान करने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि उस बैठक, जिसमें उसे विधिवत रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया हो, के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित प्रस्ताव की प्रति चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई, 400021 में स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय में बैठक की नियत तारीख से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात शुक्रवार दिनांक 23 जून, 2017 को सायं: 5.00 बजे या उसके पूर्व तक प्रस्तुत कर दी जाए, क्योंकि इसके उत्तरवर्ती कार्य दिवस रविवार, 25 जून, 2017 है जो छुट्टी का दिन है.

4. बैंक के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को किसी शेयरधारक का प्रॉक्सी या प्राधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया जाएगा.

5. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पास

शेयरधारकों की सुविधा के लिए इस सूचना के साथ उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पास संलग्न किया गया है. शेयरधारकों/प्रॉक्सी धारकों/प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि इसमें उपलब्ध कराए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें और बैठक स्थल पर इसे सौंप दें. शेयरधारकों के प्रॉक्सी/ प्रतिनिधियों को उपस्थिति पर्ची-सह प्रवेश पास में "प्रॉक्सी अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि'', जैसा भी मामला हो, का उल्लेख करना चाहिए तथा उन्हें, शेयरधारक से अपने हस्ताक्षर सत्यापित करा कर अपनी पहिचान का साक्ष्य साथ में रखना चाहिए.

6. शेयरधारकों के रजिस्टर का बंद होना :

बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण बहियां, दिनांक 27 जून, 2017 (मंगलवार) से दिनांक 30 जून, 2017 (शुक्रवार) (दोनों दिन शामिल है) तक बंद रहेगी.

7. मतदान का अधिकार

अधिनियम की धारा 3(2ई) के उपबंधों के अनुसार, सदृश नए बैंक का केन्द्र सरकार से भिन्न कोई भी शेयरधारक, अपने द्वारा धारित शेयरों के सम्बंध में, बैंक के शेयरधारकों के कुल मताधिकार के एक प्रतिशत से अधिक के मतदान-अधिकार का प्रयोग करने का हक़दार नहीं होगा / होगी.

उपर्युक्त के अधीन, विनियमन 68 के अनुसार, प्रत्येक शेयरधारक, जो शेयरधारक के रुप में पंजीकृत है, अपना हाथ दर्शाकर एक मत दे सकेगा और मतदान की स्थिति में उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए उसे एक वोट देने का अधिकार होगा.

8. संयुक्त धारकों के अधिकारों का उपयोग

विनियमनों के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो अथवा अधिक व्यक्तियों के नाम पर है, तो मतदान के मामले में रजिस्टर में उल्लिखित प्रथम नाम के व्यक्ति को एकमात्र धारक माना जाएगा. अत: यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम में हैं तो केवल प्रथम नामांकित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने एवं मत देने (हाथ दर्शाकर अथवा मतदान द्वारा) का हकदार होगा.

9. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैठक में अपनी वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां अपने साथ लाएं.

10.1 भौतिक स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को सूचना :

जैसा कि आप जानते ही हैं कि भौतिक स्वरूप में शेयरों का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता, अत: शेयरधारकों को तरलता प्रदान करने के लिए हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप अपने शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित कर लें. आप बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा जो डीमेट सेवा प्रदान करती हो, में खाता खोलकर अपने शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित कर सकते हैं. बैंक की वेबसाइट पर डीमेट सेवाएं प्रदान करने वाली शाखाओं की सूची उपलब्ध है. शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित करने के अनेक फायदे हैं जैसे क्षति अथवा गलत सुपुर्दगी से बचाव, तीव्र निपटान, कागजरहित लेन-देन आदि. साथ ही पते में परिवर्तन, बैंक अधिदेश, नामांकन एवं लेनदेन के अनुरोध की सूचना भी एक ही स्थान पर अर्थात वह शाखा, जहां आपने अपना डीमेट खाता खोला है, में ही देनी होती है, चाहे आपके पास एक से अधिक कंपनियों/संस्थाओं के शेयर हों.

तदापि, यदि आप शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित न कर उन्हें भौतिक स्वरूप में ही रखने हेतु इच्छुक हैं तो कृपया हमें निम्नलिखित बैंक विवरण प्रदान करें, ताकि हम लाभांश को (जब भी घोषित किया जाए) सीधे आपके खाते में जमा कर सकें.

- बैंक का नाम

- शाखा का पता
- बैंक खाता संख्या
- शाखा का 9 अंकीय एमआईसीआर कोड
- शाखा का आईएफएससी कोड

(अधिमानत: हमें एक निरस्त चेक/ चेक पन्ने की प्रतिलिपि प्रेषित करें).

कृपया नोट करें कि बैंक खाता, शेयरों के प्रथम धारक के नाम से होना चाहिए.

10.2 डीमेट स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को सूचना :

हमारा सदैव यह प्रयास रहा है कि अपने सम्माननीय शेयरधारकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान की जाएं. हमने पाया है कि कुछ शेयरधारक ऐसे हैं, जिनके पास डीमेट स्वरूप में शेयर्स हैं; परंतु उन्होंने अपने बैंक खातों में सीधे लाभांश राशि प्राप्त करने के लिए, उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के पास अपने बैंक खाते सम्बंधी विवरण पंजीकृत/अद्यतन नहीं कराए हैं. तदनुसार, पूर्व में घोषित किए गए लाभांश उन्हें, उनके द्वारा डिपॉजिटरीज़ के पास दर्ज कराए गए पते पर ही लाभांश वारंट (डी.डब्लू.) के द्वारा भेजे गए हैं.

यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि यदि ऐसे शेयरधारकों ने उनके डीपी के पास उनके बैंक खाते के विवरण पंजीकृत/अद्यतन कराए होते तो लाभांश की राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा करा दी गई होती, इससे नियत तिथि पर लाभांश की द्रुतगति से प्राप्ति सुनिश्चित हो जाती और इससे डाक द्वारा लाभांश वारंट प्राप्त करने में लगे समय की बचत होती तथा लाभांश वारंट जमा करने के लिए बैंक में जाने की आवश्यकता नहीं होती तथा लाभांश वारंट मार्ग में गुम/चोरी हो जाने की आशंका से अथवा उसके कपटपूर्ण नकदीकरण की संभावना से बचा जा सकता था.

तदनुसार, हम इन शेयरधारकों को उनके बैंक खाता विवरण जैसे बैंक का नाम, शाखा का पता, खाता संख्या, खाते का प्रकार, उनके बैंक द्वारा जारी चेक पर विद्यमान नौ अंकीय एमआईसीआर कोड सं. को उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट, जहां वे डीमेट खाता रखते हों, के पास पंजीकृत/अद्यतन करने का सुझाव देते हैं, ताकि नियत तिथि पर उनके बैंक खाते में लाभांश राशि (जब भी घोषित किया जाय) सीधे जमा की जा सके. इसके अतिरिक्त, वे बैंक या अपने आरटीए, जो कि लिंक इनटाइम इंडिया प्रा.लि. है, को सभी भावी लाभांश राशि, वापसी राशि या अन्य प्रेषणों, यदि कोई हो, को लाभांश वारंट, चेक, मांग ड्राफ्ट आदि द्वारा भेजे जाने के स्थान पर उनके बैंक खाते में जमा किए जाने हेतु अधिदेश उपर्युक्त बैंक विवरण के साथ सीधे भेज सकते हैं.

11. अदावाकृत लाभांश, यदि कोई है:

वे शेयरधारक, जिन्होंने अपने लाभांश नहीं भुनाए हैं या जिन्हें पिछले वर्षों में किसी भी वर्ष के लाभांश प्राप्त नहीं हुए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बैंक खाते में सीधे भुगतान किए जाने या डुप्लीकेट लाभांश/मांग ड्राफ्ट जारी करने के लिए बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट से संपर्क करें.

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण), अधिनियम 1970 की धारा 10 बी के अनुसार अप्रदत्त लाभांश खाते में अंतरण की तारीख से 7 वर्षों की अवधि तक यदि लाभांश की राशि अदत्त अथवा अदावाकृत रहती है तो वह राशि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 सी के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) में अंतरित कर दी जाएगी और तत्पश्चात इस भुगतान के संदर्भ में कोई दावा न तो बैंक और न ही आईईपीएफ पर लागू होगा.

12. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग

I. कंपनी नियम 20 (प्रबंधन एवं प्रशासन) के साथ पठित सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015 के खंड 44 के अनुपालन में बैंक, वोटिंग के वैकल्पिक माध्यम के तौर पर ई वोटिग सुविधा सहर्ष प्रस्तावित करता है ताकि सदस्यगण अपने वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से कर पाएं. कंपनी द्वारा सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि. के साथ रिमोंट ई-वोटिंग को सुलभ बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गयी हैं.

रिमोंट ई-वोटिंग संबंधी प्रक्रिया एवं अनुदेश निम्नानुसार हैं :

(i) रिमोंट ई-वोटिंग समयावधि मंगलवार दिनांक 27 जून 2017 को प्रात: 10:00 बजे से प्रारंभ हो कर गुरुवार दिनांक 29 जून 2017 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी. इस समयावधि के दौरान शनिवार दिनांक 24 जून 2017 की कट ऑफ तारीख को बैंक के शेयरधारक, जिनके शेयर भौतिक रूप में हो अथवा डीमेट रूप में हों, अपने वोट इलैक्ट्रॉनिक माध्यम से दे सकते हैं. इसके पश्चात सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा.

(ii) शेयर धारक ई-वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉग ऑन करें.

(iii) शेयरहोल्डर्स पर क्लिक करें.

(iv) अब अपना यूजर आईडी डालें

ए. डीएसएल के लिए : 16 अंकीय लाभार्थी आईडी

बी. एनएसडीएल के लिए : 8 अंकों के डीपी आईडी के पश्चात 8 अंकों का क्लाइंट आईडी

सी. भौतिक स्वरूप में शेयर्स रखने वाले सदस्यों को बैंक में पंजीकृत फोलियो नंबर एंटर करें.

(v) इसके पश्चात प्रदर्शित की गयी सत्यापन छवि को एंटर कर लॉग इन पर क्लिक करें.

(vi) यदि आपके पास शेयर्स डीमेट रूप में हैं एवं आपने www.evotingindia.com पर लॉग ऑन किया है एवं पूर्व में आपने किसी कंपनी / संगठन में वोटिंग की है तब आपके वर्तमान पासवर्ड का प्रयोग किया जाए.

(vii) यदि आप प्रथम बार उपयोगकर्ता हैं तो निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें :

	डी मेट एवं भौतिक स्वरूप में शेयर्स रखने वाले सदस्यों के लिए
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी 10 अंकीय एल्फान्यूमेरिक * पैन एंटर करें. (डीमेट शेयरधारकों के साथ साथ भौतिक शेयरधारकों दोनों के लिए लागू) • जिन सदस्यों ने कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपना पैन अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे निदर्शित पैन फील्ड में ईजीएम नोटिस के पते के स्टिकर में मुद्रित क्रम संख्या का उपयोग करें.
लाभांश बैंक विवरण	आपके डीमेट खाते अथवा लॉग-इन करने के लिए बैंक के रिकार्ड के अनुसार लाभांश बैंक विवरण अथवा जन्म तिथि (दिन/माह/वर्ष प्रारूप में) प्रविष्ट करें. यदि वे विवरण बैंक अथवा निक्षेपागार में अभिलेखित नहीं हैं तो कृपया लाभांश बैंक विवरण अनुदेश (iv) में किए उल्लेख के अनुसार सदस्य आई डी / फोलियो नंबर में प्रविष्ट करें.

(viii) समुचित रूप से उक्त विवरण प्रविष्ट करने के पश्चात, ''सबमिट'' टेब पर क्लिक करें.

(ix) तब ऐसे शेयरधारक, जिनके शेयर्स भौतिक रूप में हैं, उनके लिए सीधा वोटिंग स्क्रीन उपलब्ध हो जाएगा. तथापि वे सदस्य, जिनके शेयर्स डीमेट स्वरूप में हैं वे "पासवर्ड क्रियेशनह्न मेन्यु में पहुंचेंगे जहां उन्हें नये पास वर्ड फील्ड में अनिवार्यत: लॉग इन पासवर्ड एंटर करना होगा. कृपया नोट करें कि डीमेट शेयर धारकों द्वारा इस पासवर्डका उपयोग अन्य संस्था/कंपनी में यदि मतदान के लिए पात्र हों तो वहां भी संकल्पों की वोटिंग के लिए वे इसी पासवर्ड का उपयोग कर सकेंगें, बशर्ते कि कंपनी/संस्था, द्वारा सीडीएसएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग का विकल्प चुना गया हो. यह पुरजोर अनुशंसा की जाती है कि आप अपना पासवर्ड किसी भी अन्य व्यक्ति को न बताएं और इसे गोपनीय रखने के लिए पर्याप्त सावधानी वरतें.

(x) भौतिक स्वरूप में शेयरधारित करने वाले सदस्य, अपने विवरण, सिर्फ इस सूचना में दिए गए संकल्प पर ई-वोटिंग के लिए ही कर सकते हैं.

(xi) संबंधित <कंपनी का नाम> जिस पर आप वोट करना चाहते हों के लिए ईवीएसएन पर क्लिक करें.

(xii) वोटिंग पृष्ठ पर आपको ''संकल्प विवरण'' एवं इसके समक्ष वोटिंग के लिए हां / नहीं का विकल्प दिखाई देगा. अपनी इच्छानुसार हां अथवा नहीं के विकल्प का चयन करें. हां का विकल्प प्रस्ताव के प्रति आपकी सहमति दर्शाता है एवं नहीं का विकल्प आपकी असहमति दर्शाता है.

(xiii) यदि आप संकल्प का संपूर्ण विवरण देखना चाहते हों तो 'रिजोल्यूशन्स फाइल' लिंक पर क्लिक करें.

(xiv) 'रिजोल्यूशन' का चयन करने के उपरांत, आपने वोट डालने का निर्णय लिया है, ''सबमिट'' पर क्लिक करें. एक कन्फरमेशन बॉक्स प्रदर्शित होगा. यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं तो ''ओ.के.'' पर क्लिक करें, अन्यथा अपना वोट परिवर्तित करने हेतु ''केंसिल'' पर क्लिक करें और तदनुसार अपना वोट संशोधित करें.

(xv) संकल्प पर एक बार अपना वोट 'कन्फर्म' करने के पश्चात आपको अपना वोट संशोधित करने की अनुमति नहीं होगी.

(xvi) आप वोटिंग पृष्ठ पर ''प्रिन्ट करने के लिए यहां क्लिक करें'' विकल्प पर क्लिक कर आप अपने द्वारा की गयी वोटिंग का प्रिन्ट ले सकते हैं.

(xvii) यदि डीमेट खाताधारक अपना पासवर्ड भूल जाता है तब यूजर आईडी एवं छवि सत्यापन एंटर कर "फॉरगॉट पासवर्ड'' पर क्लिक कर सिस्टम द्वारा दिये गये विवरण को एंटर करें.

(xviii) शेयर धारक एड्रॉयड आधारित मोबाइल पर उपलब्ध सीडीएसएल मोबाइल एप्प एम-वोटिंग उपयोग कर अपना वोट दे सकते हैं. यह एम-वोटिंग एप्प गुगल प्ले स्टोर से भी डाउनलोड कर सकते हैं. एप्पल एवं विंडोज फोन के उपयोगकर्ता क्रमश: एप्प स्टोर एवं विंडोज फोन स्टोर से यह एप्प डाउनलोड कर सकते है. कृपया अपने मोबाइल से वोटिंग करते समय मोबाइल एप्प द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का अनुपालन करें.

(xix) गैर वैयक्तिक शेयरधारक एवं अभिरक्षकों के लिए नोट

- गैर वैयक्तिक शेयरधारकों (अर्थात वैयक्तिकों, एचयूएफ, एनआरआई इत्यादि) एवं अभिरक्षक को www.evotingindia.com पर लॉगइन कर अपने आपको कॉर्पोरेट के तौर पर पंजीकृत करना आवश्यक है.
- पंजीकरण फार्म पर संस्था के हस्ताक्षर एवं मुहर लगाकर उसकी एक स्कैन प्रति helpdesk.evotingindia.com पर ई-मेल की जानी चाहिए.
- लॉगिन विवरण प्राप्त होने के पश्चात एडमिन लॉगइन एवं पासवर्ड का प्रयोग कर अनुपालन प्रयोगकर्ता निर्मित किया जाना चाहिए. अनुपालनकर्ता उपयोगकर्ता उन खातों का लिंक देने में सक्षम होगा जिसके लिए वे वोट करने के इच्छुक है.
- खातों की सूची helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल करनी चाहिए एवं खातों के अनुमोदन के पश्चात वे वोट करने में सक्षम होंगे.
- बोर्ड के संकल्प एवं मुख्तारनामा जिसे अभिरक्षक के पक्ष में जारी किया गया है, जांचकर्ता द्वारा जांचने के लिए सिस्टम में पीडीएफ प्रारूप में सिस्टम में अपलोड की जानी चाहिए.

(xx) ई- वोटिंग के मामले में यदि आपकी कोई शंका अथवा मुद्दा है, तो आप वेबसाइट www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन के अंतर्गत पर उपलब्ध आमतौर पर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') एवं ई-वोटिंग के मेन्युअल का संदर्भ ले सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल कर सकते हैं.

II कट-ऑफ तारीख दिनांक 24 जून 2017 को बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में शेयरोंधारकों के शेयरों के अनुपात में उनके वोटिंग अधिकार होंगे. तथापि, बैंकिंग कंपनीज (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ई) के प्रावधानों की शर्तों के अनुसार, केन्द्र सरकार को छोड़कर बैंक का अन्य कोई भी शेयरधारक उसके धारित शेयरों के लिए बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल वोटिंग अधिकारों के 10 प्रतिशत से अधिक वोटिंग अधिकार का प्रयोग करने हेतु पात्र नहीं होगा.

III एक व्यक्ति, जिनका नाम सदस्यों के पंजीकरण में अथवा जमाकर्ता द्वारा सम्पोषित लाभार्थी स्वामी के पंजीकरण में रिकार्ड किया गया है, कट-ऑफ तिथि अर्थात दिनांक 24 जून, 2017 को एजीएम में रिमोर्ट ई-वोटिंग एवं ई-वोटिंग/पूल की सुविधा के लिए पात्र होंगे.

IV कोई व्यक्ति जो बैंठक की सूचना भेजे जाने के पश्चात सदस्य बना हो तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात दिनांक 24 जून, 2017 को शेयर धारण करते है, उपरोक्त दिए अनुसार यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकते है.

V इस सूचना की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट एवं सीडीएसएल की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है.

VI ई-वोटिंग प्रक्रिया को उचित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने हेतु ईजेडवाई के श्री अंकुर कुमार, एडवोकेट्स एवं कोर्पोरेट लीगल एडवाजर को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है.

VII जांचकर्ता, न्यूनतम दो (2) गवाहों की उपस्थिति में मतों के अनब्लॉक करने ई-वोटिंग करने की अवधि की समाप्ति से तीन (3) कार्यदिवस से अनधिक अवधि के भीतर होंगे, जो बैंक के रोजगार में नहीं हैं और मतों की जांच रिपोर्ट, चाहे वह पक्ष अथवा विरूद्ध जैसी भी हो, तैयार कर अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत की जाएगी.

VIII जांचकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in एवं सीडीएसएल की वेबसाइट पर बैंक की वार्षिक साधारण बैठक में संकल्प परित करने के 2 दिनों के भीतर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक लिमिटेड को भी सूचित किए जाएंगे.

व्याख्यात्मक विवरणी

एफपीओ/अधिकार/क्यूआईपी इत्यादि के माध्यम से पूंजी जुटाना

बासेल III के विनियमन के अनुसार, बैंक को दिनांक 31 मार्च, 2016 तक सामान्य इक्विटी टीयर - 1 (सीईटी - 1) अनुपात न्यूनतम 5.5% एवं ईक्विटी पूंजी के रूप में 1.88% की पूंजी संरक्षण टियर 1 अनुपात 8.88% एवं समग्र सीआरएआर 10.88% बनाए रखना आवश्यक है. बासेल III की आवश्यकताओं को पूर्ण करने, बैंक की भावी विस्तार योजनाओं एवं तत्परिणामी पूंजी प्रभार, के लिए पूंजी पर्याप्तता अनुपात को और मजबूत करने के लिए, अपनी पूंजी में वृद्धि करना आवश्यक है.

अनुमानित वृद्धि के आधार पर, आपके निदेशकों ने ₹ 6500 करोड़ (रुपये छः हजार पांच सौ करोड़) तक की ईक्विटी पूंजी जुटाने करने का निर्णय लिया है एवं भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य विनियामक प्राधिकारियों एवं सेबी (आईसीडीआर) विनियामकों सहित सभी लागू विनियमों के अधीन बैंक, ईक्विटी पूंजी उगाही विकल्पों यथा सार्वजनिक निर्गमों (अर्थात अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम) और/अथवा अधिकार निर्गम और/अथवा निजी प्लेसमेंट और/अथवा आर्हता प्राप्त संस्थानों को प्लेसमेंट्स और/अथवा अन्य किसी माध्यम का उपयोग कर सकता है.

यह विशेष संकल्प बोर्ड को एक या एकाधिक श्रृंखला में उस कीमत अथवा कीमतों तथा ऐसे समय अथवा समयांतरों एवं ऐसे निवेशकों को, जैसा बोर्ड अपने विवेक से उचित समझे, उसके अनुसार ईक्विटी शेयर्स जारी करने की शक्ति चाहता है. ईक्विटी शेयर्स के जारीकरण के विस्तृत नियम एवं शर्तें जब भी बनाए जाएंगे तब उन्हें बोर्ड द्वारा बाजार की प्रचलित स्थिति तथा अन्य संबद्ध घटकों पर ध्यान देते हुए बैंक के विचार से आवश्यक समझे जाने वाले मर्चेंट बैंकर्स, लीड प्रबंधकों, सलाहकारों एवं ऐसे अन्य प्राधिकारियों के परामर्श निर्धारित किया जाएगा.

अर्हता प्राप्त संस्थानों को प्लेसमेंट के माध्यम से उपरोक्तानुसार ईक्विटी शेयर्स जारी करते समय, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि:

i. ईक्विटी शेयर्स के कीमत निर्धारित के प्रयोजन से संगत तारीख, सेबी (आईसीडीआर) विनियामकों के अध्याय VIII और/अथवा लागू अन्य विनियमों के अनुसार प्रस्तावित इक्विटी शेयर जारी करने के संबंध में सदस्यों के अनुमोदन की प्राप्ति एवं अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों, नियमों, विनियमों तथा दिशानिर्देशों के अंतर्गत तत्पश्चात आयोजित उस बैठक की तारीख होगी जिसमें बोर्ड अथवा पूंजी उगाही समिति इक्विटी शेयर के प्रस्तावित निर्गम को खोलने का निर्णय लिया जाता है.

ii. चूंकि शेयर प्रस्ताव का कीमत निर्धारण बाद के चरणों से पूर्व नहीं किया जा सकता अतः जारी किए जाने वाले शेयरों की कीमत व्यक्त करना सम्भव नहीं है. तथापि, यह समय समय पर संशोधित सेबी आईसीडीआर विनियमों, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एण्ड मीटिंग्स) विनियम, 1998 अथवा अन्य दिशानिर्देशों/विनियमों/सहमतियों के प्रावधानों के अनुरूप होंगे, जो लागू हों अथवा अपेक्षित हों.

iii. पूर्ण दत्त शेयरों का निर्गमन एवं आबंटन सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के निहितार्थ में सिर्फ अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) को ही किया जाएगा और इनका आबंटन, उपर्युक्त संकल्प के पारित होने की तिथि से 12 महीने के अन्दर किया जाएगा.

iv. प्रस्ताव के विस्तृत नियम एवं शर्तें बाजार की प्रचलित स्थिति एवं अन्य विनियामक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए परामर्शकों, अग्रणी प्रबन्धकों एवं हामीदारों और अन्य वांछित ऐसे प्राधिकारी अथवा प्राधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर तय किए जाएंगे.

v. प्रतिभूतियों को जारी करने की शर्तों के अनुसार, अतिआबंटन, यदि कोई हो, को मिलाकर इस प्रकार जुटाई गई कुल राशि पिछले वित्त वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शित बैंक की निवल मालियत के 5 गुना से अधिक नहीं होनी चाहिए.

vi. मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज अथवा सेबी (आईसीडीआर) विनियमों द्वारा समय समय पर दी गई अनुमति के अलावा ये बिना प्रतिभूतियां इनके आबंटन की तिथि से 1 वर्ष की अवधि तक अंतरण/विक्रय किए जाने के पात्र नहीं होंगी.

vii. आबंटित इक्विटी शेयर डिविडेंड सहित हर प्रकार से बैंक के विद्यमान इक्विटी शेयरों के समकक्ष होंगे.

आपके निदेशकगण इस कार्य सूची के नोटिस में यथा-उल्लेखित विशेष प्रस्ताव को पारित करने की अनुशंसा करते हैं.

बैंक के निदेशकगण को बैंक में उनकी वैयक्तिक क्षमता में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक इस संकल्प हेतु सम्बद्ध एवं इच्छुक माना जाएगा.

निदेशक मंडल के आदेश से

हस्त/-
(ए. के. दास)
सहायक महाप्रबंधक-एमबीडी/
कंपनी सचिव

स्थान: मुंबई
दिनांक: 23.05.2017

कुल व्यवसाय

(₹ करोड़ में)

पैरामीटर	मार्च 07	मार्च 08	मार्च 09	मार्च 10	मार्च 11	मार्च 12	मार्च 13	मार्च 14	मार्च 15	मार्च 16	मार्च 17
कुल व्यवसाय	1,36,265	1,84,607	2,18,012	2,69,225	3,10,763	3,46,898	4,02,272	4,23,390	4,50,539	4,56,336	4,49,679
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		35.48%	18.10%	23.49%	15.43%	11.63%	15.96%	5.25%	6.41%	1.29%	(1.46%)
कुल जमा	82,776	1,10,320	1,31,272	1,62,107	1,79,356	1,96,173	2,26,038	2,40,069	2,55,572	2,66,184	2,96,671
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		33.28%	18.99%	23.49%	10.64%	9.38%	15.22%	6.21%	6.46%	4.15%	11.45%
कुल ऋण एवं अग्रिम	53,489	74,287	86,740	1,07,118	1,31,407	1,50,725	1,76,234	1,83,321	1,94,967	1,90,152	1,53,008
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		38.88%	16.76%	23.49%	22.67%	14.70%	16.92%	4.02%	6.35%	(2.47%)	(19.53%)
निवेश	29,037	32,646	44,445	52,008	54,847	59,577	72,662	86,384	95,655	89,895	93,792
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		12.43%	36.14%	17.02%	5.46%	8.62%	21.96%	18.88%	10.73%	(6.02%)	4.34%
सीडी अनुपात	64.62%	67.34%	66.08%	66.08%	73.27%	76.83%	77.97%	76.36%	76.29%	71.44%	51.57%
आस्तियों पर प्रतिलाभ	0.62%	0.54%	0.45%	0.66%	0.70%	0.26%	0.44%	(0.47%)	0.21%	(0.48%)	(0.80%)

लाभप्रदता

(₹ करोड़ में)

पैरामीटर	मार्च 07	मार्च 08	मार्च 09	मार्च 10	मार्च 11	मार्च 12	मार्च 13	मार्च 14	मार्च 15	मार्च 16	मार्च 17
सकल आय	6,710	8,787	11,525	13,799	16,486	20,545	23,528	26,350	28,303	27,825	27,537
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		30.94%	31.17%	19.73%	19.47%	24.62%	14.52%	11.99%	7.41%	(1.69%)	(1.03%)
सकल व्यय	5,444	7,518	10,088	11,741	13,895	17,730	20,355	23,112	24,744	25,183	24,448
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		38.10%	34.18%	16.38%	18.35%	27.60%	14.81%	13.54%	7.06%	1.77%	(2.92%)
परिचालन लाभ	1,266	1,268	1,437	2,058	2,591	2,815	3,173	3,238	3,559	2,642	3,089
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		0.20%	13.28%	43.24%	25.90%	8.65%	12.72%	2.05%	9.91%	(25.77%)	16.92%
शुद्ध लाभ	498	550	571	1,059	1,252	533	1,015	(1,263)	606	(1,418)	(2,439)
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		10.47%	3.83%	85.36%	18.24%	(57.43%)	90.43%	(224.43%)	147.98	----	----
निम (%)	3.28	2.53	1.97	1.86	3.31	2.78	2.65	2.73	2.79	2.78	2.51
शुद्ध ब्याज आय	2,474	2,223	2,228	2,545	5,326	5,169	5,738	6,493	7,247	7,065	6,574
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		(10.16%)	0.22%	14.23%	109.27%	(2.95%)	11.01%	13.16%	11.60%	(2.51%)	(6.95%)
गैर-ब्याज आय	476	791	1,070	1,735	1,265	1,395	1,667	1,923	1,894	1,938	2,876
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		66.31%	35.26%	62.15%	(27.09%)	10.28%	19.50%	15.35%	(1.51%)	2.32%	48.40%

निदेशक रिपोर्ट 2016-17

आपके निदेशकों को दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के साथ लेखा परीक्षित लेखा विवरण, लाभ एवं हानि खाते तथा नकद-प्रवाह विवरण को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता है.

1. कार्यनिष्पादन वैशिष्ट्य

- दिनांक 31 मार्च, 2017 को बैंक का कुल व्यवसाय ₹ 449679 करोड़ रहा जो 31 मार्च, 2016 को ₹ 456336 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को बैंक की कुल जमा राशि ₹ 296671 करोड़ हो गयी जो मार्च 2016 में ₹ 266184 करोड़ थी. यह वर्ष-दर-वर्ष 11.45% की वृद्धि दर्शाता है.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को बैंक के कुल अग्रिम ₹ 153008 करोड़ रहा, जो मार्च 2016 में ₹ 190152 करोड़ था. यह कमी आईबीपीसी सहभागिता के माध्यम से ₹ 22991.22 करोड़ की ऋण आस्तियों की बिक्री की वजह से हुई.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कुल आय ₹ 27537 करोड़ हुई जबकि दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में यह ₹ 27825 करोड़ थी.
- बैंक की गैर-ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष 48.38% की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31 मार्च, 2017 को ₹ 2876 करोड़ हुई जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को ₹ 1938 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक का परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष 16.92% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 3089 करोड़ हुआ, जो पिछले वर्ष दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 2642 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही में शुद्ध हानि घटकर ₹ 592 करोड़ हुई जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त तिमाही में ₹ 898 करोड़ थी. फिर भी दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक को ₹ 2439 करोड़ शुद्ध हानि हुई है.
- वर्ष के दौरान कर्मचारी व्यय ₹ 251 करोड़ की कमी के साथ ₹ 4214 करोड़ हुआ जो पिछले वर्ष ₹ 4465 करोड़ था.
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल-II के अंतर्गत) 11.28% था, जिसमें टीयर- I, 7.16% था. पिछले वर्ष यह अनुपात 11.07% था. पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल-III के अंतर्गत) 10.95% था, जिसमें टीयर-I, 8.62% था. पिछले वर्ष यह अनुपात 10.41% था.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को बैंक की शुद्ध मालियत ₹ 14735.84 करोड़ रही.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में नकद वसूली बढ़कर 2378 करोड़ हो गयी जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 1287 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में आस्तियों का उन्नयन सुधरकर ₹ 1183 करोड़ हो गयी जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में ₹ 608 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में सकल अग्रिमों में सकल एनपीए बढ़कर 17.81% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 11.95% था. यह वृद्धि, पूंजी पर्याप्तता अनुपात में सुधार के लिए आईबीपीसी सहभागिता के माध्यम से ₹ 22991.22 करोड़ की ऋण आस्तियों की बिक्री की वजह से हुई.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में शुद्ध अग्रिमों में शुद्ध एनपीए बढ़कर 10.20% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 7.36% था.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में प्रोविजन कवरेज अनुपात बढ़कर 58.43% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 51.52% था.
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.51% रहा.

- वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹ 11.81 करोड़ रहा.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) (0.80%) रहा.
- वर्ष 2016-17 के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण नियोजन ₹ 82771 करोड़ से बढ़कर ₹ 88085.80 करोड़ हुआ जो पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 5314.80 करोड़ की वृद्धि दर्शाता है. तथापि प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में आधिक्य का फायदा उठाते हुए बैंक ने ₹ 1065 करोड़ के पीएसएलसी तथा ₹ 8761.80 करोड़ आईबीपीसी का विक्रय किया. इस बिक्री के बावजूद प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम में ₹ 1621.40 करोड़ का आधिक्य रहा.
- बैंक का कृषि अग्रिम वित्त वर्ष 2016-17 में ₹ 36760 करोड़ से बढ़कर ₹ 37537 करोड़ हो गया जो वर्ष-दर-वर्ष 2.11% की वृद्धि दर्शाता है.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में एमएसएमई अग्रिम ₹ 30701 करोड़ हुआ जो कुल ऋण एवं अग्रिमों का 20.06% है.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में रिटेल ऋण ₹ 32008 करोड़ हुआ जो कुल ऋण एवं अग्रिमों का 20.92% है.
- आवास ऋण पोर्टफोलियो ₹12510 करोड़ हुआ जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कुल रिटेल पोर्टफोलियों का 39.08% है.
- बैंक ने देश के 9 राज्यों में 46 ग्रामीण स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र (आरसेटी) यथा मध्य प्रदेश (18), बिहार (9), महाराष्ट्र (6), उत्तर प्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (3), छत्तीसगढ़ (2), राजस्थान (1), ओड़ीसा (1) एवं असम (1) में स्थापित किए हैं. वर्ष 2016-17 के दौरान, आरसेटी ने 1153 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और उनमें 31961 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया है. इनमें से 26511 (अर्थात 83%) प्रशिक्षुओं को बैंक ऋण, वेतन समझौते एवं स्व-वित्त के माध्यम से नियोजित किया गया है.
- बैंक के पास दिनांक 31 मार्च, 2017 तक 3 राज्यों के 47 जिलों में 1629 शाखाओं के नेटवर्क के साथ 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं.
- बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत 2000 से अधिक की जनसंख्या वाले 4,330 गांवों तथा 2000 से कम की जनसंख्या वाले 18,376 गांवों को कवर किया है. बैंक ने ये सभी गांव 6,387 बीसी एजेन्ट के माध्यम से कवर किए हैं. हमने 176 शहरी वित्तीय समावेशन केंद्र भी खोले है. बैंक ने बीसी एवं शाखाओं के माध्यम से 170.89 लाख बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट खाते (बीएसबीडीए) खोले है. दिनांक 31 मार्च,2017 को इन खातों में कुल जमा शेष ₹ 2070.14 करोड़ था.
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में, बैंकाश्युरेंस व्यवसाय से कुल आय ₹17.07 करोड़ हुई.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को पूरे देश में बैंक के नेटवर्क में 4714 शाखाएं, 3677 अति-सूक्ष्म शाखाएं (यूएसबी), 5285 एटीएम, 10 सेटेलाइट कार्यालय एवं 1 विस्तार पटल हैं.

2. आय एवं व्यय

वर्ष 2016-17 की अवधि में आय एवं व्यय के विवरण निम्नानुसार दिए जा रहे हैं :

₹ करोड़ में

		31.03.2017	31.03.2016	विचलन	%
1	ब्याज आय	24661	25887	(1226)	(4.73)
	-अग्रिम	16283	18978	(2695)	(14.20)
	-निवेश	7372	6474	898	13.87
	-अन्य	1006	435	571	131.26
2	गैर ब्याज आय	2876	1938	938	48.40
3	कुल आय (1+2)	27537	27825	(288)	(1.03)
4	प्रदत्त ब्याज	18087	18822	(735)	(3.90)
	-जमाराशियां	17330	17653	(323)	(1.83)
	-अन्य	757	1169	(412)	(54.43)

		31.03.2017	31.03.2016	विचलन	%
5	परिचालन व्यय	6361	6361	0	0
	-स्थापना	4214	4465	(251)	(5.62)
	-अन्य	2147	1896	251	13.24
6	कुल व्यय (4+5)	24448	25183	(735)	(2.92)
7	स्प्रैड (1-4)	6574	7065	(491)	(6.95)
8	परिचालन लाभ (3-6)	3089	2642	447	16.91
9	प्रावधान	5528	4060	1468	36.15
10	कर के लिए प्रावधान	(1090)	(1251)	161	(12.87)
11	शुद्ध लाभ	(2439)	(1418)	(1021)	(72.00)

3. प्रावधान

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान, लाभ एवं हानि खाते को प्रभारित ₹ 5528 करोड़ के कुल प्रावधान का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

	31.03.2017	31.03.2016	विचलन
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	(164)	470	(634)
एनपीए के लिए प्रावधान	6216	4913	1303
पुनर्संरचित खातों के लिए प्रावधान	321	(1235)	1556
निवेश के लिए प्रावधान	300	851	(551)
करों के लिए प्रावधान	(1090)	(1251)	161
अन्य	(55)	312	(367)
कुल	5528	4060	1468

4. लाभप्रदता अनुपात

(प्रतिशत में)

	31.03.2017	31.03.2016
जमाओं की लागत	6.20	6.86
निधियों की लागत	6.27	6.95
अग्रिमों पर आय	9.01	10.09
निवेशों पर आय	7.38	7.46
  7. आईएनबी के माध्यम से अटल पेंशन योजना में पंजीकरण.
  8. आधार का उपयोग कर ऑनलाइन बचत खाते खोलना.
  9. आईएनबी की हिंदी में शुरुआत.

- आईएमपीएस सेट-अप का नवीकरण एवं यह सुविधा ग्राहकों तक पहुंचाना.

- आईएमपीएस लेनदेन, आईआरसीटीसी टिकट बुकिंग, ऑन लाइन रेलवे माल परिवहन बुकिंग के लिए कोर्पोरेट ग्राहकों द्वारा इ-फ्रेट आरटीजीएस/ एनईएफटी इत्यादि सुविधाएँ भी बैंकिंग द्वारा उपलब्ध है तथा कॉर्पोरेट (गैर- व्यक्ति) आईएनबी ग्राहकों के लिए बल्क अपलोड सहित आईएफबी के माध्यम से ग्राहकों को 24X7 एनईएफटी कार्यप्रणाली वर्तमान में उपलब्ध है. ऑनलाइन लेनदेन प्रसंस्करण सुविधा को द्रुतगामी बनाने के लिए लाइटवेट पेमेंट पेज सुविधा प्रारंभ की गई है.

- ओडिसा, बिहार सरकार के कर तथा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में संग्रहण के लिए बैंक ने पेमेंट एग्रीगेटर के माध्यम से एक बिल्कुल नया मॉडल लगाया है जिसमें 40 से ज्यादा बैंकों के ग्राहक कर जमा कर सकते हैं. बैंक द्वारा भुगतान पद्धति को कार्यान्वित करना, भोजन तथा अन्य ई-पीएओ.

- सेन्ट्रल बैंक ऐसा पहला बैंक है जिसने डीआईपीपी द्वारा आरंभित मिशन प्रोजेक्ट के लिए ऑनलाइन भुगतान सुविधा प्रदान करने लिए ई-बिज से समेकीकरण किया है. विभिन्न राज्य सरकारों के कर /फीस सग्रहण हमारे बैंक के माध्यम से किया जाता है.

- कॉरपोरेट ग्राहकों हेतु आवश्यतानुरूप खाता विवरणी की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध है. कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग के तहत एनईएफटी द्वारा बल्क अपलोड की सुविधा भी उपलब्ध है. ग्राहक अपनी जरुरतों के अनुसार इंटरनेट बैंकिंग उपयोग करते समय विभिन्न विकल्प चुन सकते हैं.

- वैयक्तिक आईएनबी ग्राहकों को पहले से ही उपलब्ध सेवाओं की तरह अब कोर्पोरेट ग्राहकों को भी सिर्फ देखने की सुविधा युक्त आईएनबी / कर एवं यूटिलिटी बिल भुगतान सुविधा उपलब्ध करायी जा सकती है.

4. एम-पासबुक :

- ग्राहकों के लिए मोबाइल आधारित एम-पासबुक का शुभारंभ किया गया. जिसे गूगल प्लेस्टोर में हमारे ग्राहकों द्वारा बहुत सराहा गया है.

एसएमए - एनपीए ट्रैकर

- ऋण एवं एनपीए की निगरानी बैंक की नियमित गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. फील्ड फंक्शनरियों की सुविधा एवं उनकी दैनिक गतिविधियों की ट्रैकिंग तथा ऋण पोर्टफोलियों की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए हमारे बैंक में एसएमए - एनपीए ट्रैकर सोल्यूशन क्रियान्वित किया गया है. इस सोल्यूशन को केंद्रीकृत सर्वर पर नियोजित किया गया है जिस तक मोबाइल एप्प, डेस्कटॉप/लैपटॉप / टैबलेट्स/ फोन के माध्यम से पहुंच बनाई जा सकती है.

- यह उत्पाद निम्नलिखित के माध्यम से स्टाफ सदस्यों को उपलब्ध है :

  1. बैंक के नेटवर्क से जुड़ा डेस्कटॉप पीसी
  2. एप्लीकेशन के माध्यम से मोबाइल फोन (एंड्रायड, विंडोज , ब्लैकबेरी, एवं आईओएस)

3. इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल वेबसाइट

6. भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस)

बिल भुगतान व्यवसाय की समस्याओं के समाधान के लिए एनपीसीएल की यह एक नई पहल है. इस पहल के अंतर्गत एक ऑपरेटिंग ईकाइ के रूप में सहभागिता के लिए हमारे बैंक को विनियामक लाइसेंस प्राप्त है एवं इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है.

7. एसएमएस बैंकिंग/अलर्ट :

❖ एसएमएस बैंकिंग के माध्यम से ग्राहकों द्वारा किए गए व्यावसायिक लेनदेन संबंधी रियल टाइम अलर्ट से उनके खातों की सूचना उन्हें उपलब्ध कराई जाती है. वर्तमान में ग्राहकों द्वारा चुने गए विकल्प के आधार पर 15 विभिन्न भारतीय भाषाओं में निम्नलिखित के लिए एसएमएस अलर्ट भेजे जाते है. 1) बचत खातें में ₹ 1000/- से अधिक तथा चालू/ओडी खाते में ₹ 10,000/- से अधिक की जमा/नामे 2) समाशोधन चेक नकारे जाने पर 3) निर्धारित न्यूनतम स्तर के खाते की शेष राशि कम होने पर 4)सावधि जमा की परिपक्वता से 7 दिन से पूर्व सूचना.

❖ नियंत्रण एवं निगरानी बनाए रखने के लिए शाखा प्रबंधकों तथा उच्च अधिकारियों को भी एसएमएस भेजे जाते हैं ताकि वे एनपीए सहित अन्य खातों एवं हाउसकीपिंग तथा शाखाओं की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी एवं नियंत्रण रख सकें.

8. मोबाईल बैंकिंग :

❖ सेन्ट मोबाइल एक मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन है जिसे परिवर्धित विशिष्टताओं के साथ हाल ही में पुन: प्रारम्भ किया गया है. उपयोगकर्ता इंटरनेट समर्थित हेंड सेट्स के माध्यम से कभी भी और कहीं भी अधिकांश बैंकिंग सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं. सेन्ट मोबाइल एंड्राइड, एप्पल (आईओएस), विंडोज एवं ब्लैकबेरी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध है. यह संबंधित प्ले स्टोर / एप्प स्टोर से डाउन लोड किया जा सकता है. प्री-लॉग इन विकल्प सभी के लिए उपलब्ध है पोस्टलॉग-इन विकल्प सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक एक बारगी पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात हासिल कर सकते है.

❖ बैंक ने निम्नलिखित सुविधाओं के साथ नया मोबाइल बैंकिंग सोल्यूशन प्रारम्भ किया है :-

लॉगिन पूर्व विकल्प :

- कार्यालय पता, फोन नंबर, ई-मेल पता, एमआईसीआर कोड, पिन कोड, आईएफएससी कोड, के साथ केन्द्रीय कार्यालय /आंचलिक कार्यालय क्षेत्री कार्यालय, शाखओं का सम्पर्क विवरण.
- शाखा एवं एटीएम अवस्थिति जीपीएस आधारित मोंबाइल हैंडसेट मे नजदीकी एटीएम अथवा शाखा की सूची. राज्य, जिला, केन्द्र अथवा पिनकोड आधारित आखिल भारतीय खोज विकल्प भी उपलब्ध है.
- एटीएम/शाखा /प्रशासनिक कार्यालय के लिए दूरी एवं ड्राईविंग के लिए रास्ते को प्रदर्शित करने वाला मानचित्र.
- शाखाओं/प्रशासनिक अधिकारियों/कोल सेंटर के फोन नंबर प्रदर्शित करने के लिए डायल टच
- कोर्पोरेट वेबसाईट के लिए लिंक, अधिकारिक सोशल मिडिया पृष्ठों (फेसबुक, ट्विटर) ई-मेल पता
- जूम विकल्प के साथ उत्पाद से संबंधित तथा बैंक की सेवाओं से संबंधित जानकारी का बैनर
- अलग-अलग परिपक्वता अवधि के लिए बचत और सावधि जमा पर ब्याज दरें.
- चयनित खुदरा ऋण योजनाओं पर ब्याज दरें.
- चयनित मुद्राओं के लिए (नक्द, टीटी तथा बिलों के लिए) क्रय/विक्रय विदेशी मुद्रा दरें.
- एसएमएस द्वारा खाते की शेष राशि तथा पिछ्ले कुछ लेनदेनों के बारे में जानने के लिए बैंक की मिस्ड कॉल सेवा के लिए टच डायल.
- योजनाओं में वास्तविक समय अधिसूचना / नई उत्पाद के संबंध में अलर्ट /प्रस्ताव/ संशोधन आदि.
- प्रमुख शब्द आधारित एफएक्यू ज्ञात करना

लॉगिन पश्चात विकल्प :

- **खाता संबंधी कार्य-विशिष्टताएँ :** खाता शेष पूछताछ (बचत/चालू/ओडी/सीसी/एफडी/ऋण/पीपीएफ खातों के लिए), खाता विवरण (बचत/चालू/ओडी/सीसी/एफडी/ऋण/पीपीएफ खातों के लिए), लघु विवरणी, निधि अंतरण, सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के खाते में निधि अंतरण, एनईएफटी के माध्यम से अन्य बैंक के खातों में निधि अंतरण, आईएमपीएस के माध्यम से अन्य बैंक के खातों में निधि अंतरण, चयनित संस्थानों को दान एवं नए सावधि जमा (आवर्ती,एडडीआर एवं एमएमडीसी खाते) खाते खोलना.
- **अनुरोध :** एटीएम कार्ड (डेबिट) ब्लॉकिंग, आधार नंबर से खाता लिंक करना, वैयक्तिक एटीएम (डेबिट) कार्ड हेतु अनुरोध, चेक बुक अनुरोध, अंतरण रोको अनुरोध, भुगतान रोको निरस्तीकरण अनुरोध, चेक स्थिति पूछताछ, ई-मेल पर खाता विवरण पाने हेतु अनुरोध एवं एनईएफटी स्थिति पूछताछ.
- सेन्ट मोबाइल एप्लीकेशन हेतु फीडबैक/सुझाव/रेटिंग प्रस्तुत करने का विकल्प.
- **बिल भुगतान सेवा :** यूटिलिटी बिल भुगतान, मोबाइल/डीटीएच रिचार्ज.
- **क्रेडिट कार्ड सेवाएं:** सेन्ट्रल बैंक कार्ड संबंधित जानकारी जैसे उपलब्ध सीमा, बिलराशि, बिल मे न जोड़ी राशि, पिछले बिल का सारांश, कार्ड विवरणी रिवार्ड पॉइंट, सेन्ट्रल कार्ड संपर्क विवरण, सेन्ट्रल कार्ड बिल का भुगतान, क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने का अनुरोध इत्यादि.

क्रेडिट नियंत्रण विशिष्टताएं :

मोबाइल बैंकिंग एप्प में कार्ड नियंत्रण विशिष्टताएं शुरु की गयी है ताकि ग्राहक डेबिट कार्ड संबंधी निम्नलिखित कार्य मोबाइल बैंकिंग से कर सके:

- डेबिट कार्ड का अस्थाई निलम्बन
- निलम्बित डेबिट कार्ड का पुन: सक्रियन
- घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय लेनदेनों के लिए ई-कॉम /पीओएस खरीद हेतु डेबिट कार्ड दैनिक सीमा तथा एटीएम नकद आहरण सीमा का निर्धारण

9. मिस्ड कॉल अलर्ट :

❖ यह सुविधा हमारे कासा ग्राहकों के लिए उप्लब्ध है, जिसके द्वारा ग्राहक विशिष्ट नंबर 9555244442 एवं 9555144441 पर मिस्ड कॉल देकर क्रमश: खाते में शेष राशि की जानकारी और अंतिम तीन लेनदेनों की नि:शुल्क जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. इस नई अभिनव ग्राहकोन्मुखी पहल के लिए हमें भारतीय बैंक संघ से प्रशंसा भी प्राप्त हुई है.

एक ही खाताधारक के बहु-खातों के खाते शेष एवं लघु विवरणियों को समाहित करने के लिए सुविधा का उन्नयन किया गया.

10. एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड राशि (आस्बा) :

❖ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने कंपनियों द्वारा शेयर्स के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम की विद्यमान प्रक्रिया को सुप्रवाही बनाया है और एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (अस्बा) नामक पूरक प्रक्रिया शुरू की है. हम सभी ग्राहकों को अस्बा सुविधा प्रदान करते है. जिसके द्वारा निवेशक उनके खाते में आवेदन राशि को ब्लॉक करने तथा उसके पश्चात आबंटन राशि प्रेषित करने के बैंक को प्राधिकृत कर सार्वजनिक निर्गम हेतु आवेदन कर सकते हैं. यह सुविधा आस्बा समूहन एवं ई-आईपीओ के लिए भी विस्तारित की गई है.

11. किओस्क बैंकिंग:

❖ नगद जमा, शेषराशि पूछताछ सुविधाओं के साथ बैंक ने 254 स्वंय सेवा किओस्क मशीनें स्थापित की है. इसके अलावा नकद जमा, शेषराशि पूछ्ताछ, लघु विवरणी, पास बुक प्रिंटिंग, चेक जमा तथा इंटरनेट बैंकिंग सेवा सहित 407 मल्टी फंक्शन कियोक्स मशीने स्थापित की है.

12. यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) :

एंड्राएड मोबाइल पर यूपीआई सोल्यूशन शुरु किया गया है जिससे निम्नलिखित विभिन्न सेवाएं प्राप्त की जा सकती है :

1. निम्नलिखित के उपयोग से धन प्रेषण

ए. वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए)

बी. खाता सं. एवं आईएफएससी

सी. मोबाइल नं. एवं एमएमआईडी

डी. आधार सं.

2. धन प्राप्त करना

3. बैंक खातों के लिए भुगतान पता सृजित करना

4. आदाता प्रबंधन

5. शेष राशि पूछताछ

6. लेनदेन इतिहास

7. लेनदेन स्थिति की जानकारी

8. शिकायत प्रस्तुत करना

9. एम-पिन सृजित करना /बदलना

10. संग्रहण अनुरोध के लिए सूचना

11. संग्रहण अनुरोध का अनुमोदन

उपर्युक्त के अलावा यूपीआई एप्लीकेशन में निम्नलिखित विशिष्टताएं भी मौजूद है :

ए. इंटीग्रेटेड यूपीआई 1.5 लाइब्रेरी

बी. क्यूआरकोड के उपयोग से धन प्रेषण

सी. ओटीपी ऑटो डिटेक्शन

डी. ओटीपी पुन: भेजना

ई. पिन सेट के दौरान काल्पनिक की पैड

बैंकिंग लेनदेन के लिए ग्राहकों को भीम एप्प पर ऑन-बोर्डिंग की सुविधा के लिए बैंक ने एनपीसीएल के साथ समन्वयन किया है.

13. डिजिधन लकी ग्राहक योजना एवं व्यापार योजना

❖ डिजिटल भुगतानों को प्रचारित करने के लिए भारत सरकार की डिजिधन लकी ग्राहक योजना एवं व्यापार योजना में हमारे बैंक के अनेक ग्राहकों ने बैंक के वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों का उपयोग कर डिजिटल भुगतान किए तथा दैनिक एवं साप्ताहिक ड्रॉ में पुरस्कार प्राप्त किए. इस योजना अवधि में हमारे बैंक के लगभग 64855 ग्राहकों को ₹ 9.60 करोड़ की राशि पुरस्कारस्वरूप प्राप्त हुई. दिनांक 14 अप्रैल, 2017 को घोषित इस योजना के अंतर्गत ₹ 1 करोड़ के मेगा ड्रा का पुरस्कार भी हमारे बैंक के ग्राहक को प्राप्त हुआ.

अन्य परियोजनाएँ

14. वेबसाइट :

❖ ग्राहकों की आवश्यकताओं को महसूस करते हुए, वेबसाइट के आकर्षक प्रदर्शन एवं अनुभूति में निरतंर बदलाव किया जा रहा है. यह बेवसाइट रिटेल ऋणों, जमा खातों इत्यादि के ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान करती है तथा ग्राहक अपनी शिकायतें भी इस पर दर्ज कर सकते हैं. सुरक्षा लेखापरीक्षा तिमाही आधार पर की जाती है. बैंक की विद्यमान वेबसाइट को नई डिजाइन के साथ नए रुप में बनाने का कार्य चल रहा है.

15. भारिबैं भुगतान गेटवे प्रणाली :

- दिनांक 31 मार्च, 2017 को 4811 शाखाएं/विस्तार पटल/ एसएसबी/कार्यालयों को आरटीजीएस समर्थित किया गया है एवं 4823 शाखाओं / विस्तारपट्ल / एसएसबी /कार्यालयों को एनईएफटी समर्थित किया गया है. आरटीजीएस/ एनईएफटी दोनों ही हमारे बैंक में स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) के अंतर्गत हैं.

- रिटेल तथा कॉर्पोरेट ग्राहकों को भी इंटरनेट बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से एनईएफटी/आरटीजीएस सुविधा उपलब्ध है. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भी हमारे बैंक के भुगतान गेटवे के माध्यम से एनईएफटी सुविधा उपल्ब्ध कराई गई है. इसके आलावा बैंक ने उप-सदस्य व्यवस्था के अंतर्गत 40 सहकारी बैंकों को भी एनईएफटी सुविधा विस्तारित की गई है.

- रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के शुरुआत करने के साथ ही हमारे बैंक में नेक्स्ट जेन आरटीजीएस (एनजी- आरटीजीएस) सक्रिय कर दिया गया.

16. एंटरप्राइज सर्विस बस (पेमेंट इंटीग्रेटर सोल्यूशन):

लम्बी कतार के कारण भुगतान प्रक्रिया में होने वाले विलम्ब को टालने के लिए क्षमता निर्माण कार्रवाई की गई है तथा समय सीमा के अनुपालन हेतु मल्टी थ्रेड प्रोसेसिंग शुरू की गई है. बैंक ने विभिन्न बेच प्रसंस्करण कार्यों जैसे- खाता सं., इलेक्ट्रानिक समाशोधन प्रणाली(एनईसीएस) , सरकारी भुगतान (जीईपीजी), पेंशन प्रसंस्करण, ईएफएमएस खाता सं. आधारित ग्रहणाधिकार हटाना एवं लेनदेन प्रसंस्करण के माध्यम से(आस्बा एवं स्रोत) वेतन भुगतान के लिए एचआरएमएस एकीकरण, आवक स्विफ्ट संदेशों का एकीकरण (एमटीस 103) सहकारी बैंक, एनईएफटी, त्वरित प्रेषण, एनजीआरटीजीएस, सीपीएसएमएस- डिजिटल हस्ताक्षर सत्यापन, पैन सत्यापन(सीबीएस में सीआईएफ बनाते समय) ई-प्रेषण (फ्लैश रेमिटेंस) ट्रेजरी एकीकरण, डीडीए हेतु आरटीजीएस, आधार आधारित ईएफएमएस, मनरेगा आधार सीडींग, सीटीएस, कोर बैंकिंग पद्धति के साथ सीएमएस, आईएमपीएस, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस, खजाना,पीएमजेबीवाई इत्यादि के प्रभावी कार्यांवयन हेतु भुगतान एकीकरण सोल्यूशन वित्तीय लेनदेन प्रबंधन (एफटीएम) स्थापित किया है.

17. चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सी टी एस) :

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार निम्नलिखित स्थानों पर चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सी टी एस) सफलतापूर्वक कार्यान्वित की जा चुकी है :

- दक्षिण ग्रिड में 50 चयनित केंद्र.
- उत्तर ग्रिड में सीटीएस हेतु 46 चयनित केंद्र
- पश्चिमी ग्रिड में 55 चयनित केंद्र

18. कॉल सेन्टर :

- बैंक ने दिनांक 6 जुलाई 2011 को कॉल सेन्टर की स्थापना की है तथा यह सुगमतापूर्वक कार्य कर रहा है.

- वर्तमान में कॉल सेन्टर द्वारा विभिन्न सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं. जैसे, बैंक के उत्पाद तथा सेवाओं की सूचना, शाखा/एटीएम लोकेशन की सूचना, ब्याज दर तथा सेवा प्रभारों पर सूचना, शेष राशि पूछ्ताछ, लेनदेन जानकारी, चेक नंबर की जानकारी, डेबिट कार्ड की हॉट लिस्टिंग, ब्याज अर्जित/ब्याज भुगतान की जानकारी, टीडीएस जानकरी, लेनदेन विवरण, जारी या जमा किए गए चेक की स्थिति, सीडी/सीसी/ओडी ऋण सीमा एवं ब्याज की जानकारी बैंक के ग्राहकों की शिकायतें रिकार्ड करना तथा उपयुक्त स्तर पर समाधान हेतु उन्हें बैंक की ग्राहक शिकायत प्रणाली में फीडिंग करना.

- बैंक ने कॉल सेन्टर में सीआरएम कार्यान्वित किया है.

- ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को देखते हुए तथा उन तक प्रभावी तरीके से पहुँचने के उद्देश्य से एक नया कॉल सेन्टर स्थापित किया जा रहा है. इसकी मदद से बैंक अपने द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे उत्पादों के बारे में जागरुकता लाने के लिए बाहरी कॉल किए जा सकेंगे.

- बैंक एक अत्याधुनिक कॉल सेन्टर की स्थापना करने की प्रक्रिया में है, जो अधिक सीटों वाली एवं और अधिक कार्यक्षेत्र को कवर करेगी. इस नए कॉल सेंटर का नं. 1800221911 है.

19. सिंगल डाटा रिपोजटरी (एसडीआर) :

- बैंक ने सिंगल डाटा रिपॉजिटरी की स्थापना की है, जो पूरे बैंक में सूचना/रिपोर्ट प्रदान करने का एक स्रोत होगा. यह उच्च प्रबंधन को सत्यतापूर्ण रिपोर्टिंग के विभिन्न डैशबोर्डस उपलब्ध कराते हुए रिपोर्टिंग की तारतम्यता सुनिश्चित करेगा. जिससे निर्णय सहायता प्रक्रिया में अभिवृद्धि होगी. बैंक का एएलएम मॉड्यूल, विश्लेषणात्मक सीआरएम तथा कॉर्पोरेट कार्यनिष्पादन निगरानी इस परियोजना के भाग हैं, जिन्हें कार्यान्वित किया जा चुका है. बैंक की एडीएफ रिपोर्ट/ एमआईएस रिपोर्ट/ डैशबोर्ड, डाइनेमिक एएलएम, फंड ट्रांसफर प्राइसिंग मॉड्यूल इत्यादि कार्यान्वयन हेतु अंतिम चरण में है.

20. एचआरएमएस :

❖ बैंक ने पीपुलसॉफ्ट के सहयोग से नवीन तकनीक युक्त एचआरएमएस सोल्युशन (स्वदर्पण) कार्यान्वित किया है जिसमें सभी कार्यों जैसे कर्मचारी स्वंय सेवा, कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रबंधन, वेतन रजिस्टर प्रबंधन, दौरा अनुमोदन एवं दावा प्रसंस्करण, एलएफसी का प्रबंधन, अवकाश एवं उपस्थिति प्रशासन, कर्मचारी सूचना प्रणाली, स्टाफ ऋण प्रसंस्करण, चिकित्सा सहायता का प्रबंधन, एचआरडी/विधि विभाग, अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रभाग (डीएडी), ग्रेच्युटी प्रबंधन/ भुगतान, भविष्य निधि डाटा प्रबंधन एवं भुगतान, एनआरडब्ल्यू भुगतान प्रसंस्करण, रिहायशी क्वार्टर्स का आबंटन, समाचार पत्र प्रतिपूर्ति रिपोर्ट (स्टाफ संख्या, पेरोल, फार्म 16 अवकाश, यूनियन, वेतनवृद्धि रिपोर्ट), प्रशिक्षण प्रबंधन एवं मानव शक्ति प्रशिक्षण (एमपीटी), निवेश, पदोन्नति परीक्षा आवेदन फार्म, वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन फॉर्म एवं सम्बद्ध रिपोर्ट, ब्रीफकेस, रजत जयंती पुरस्कार प्रतिपूर्ति, फर्नीचर एवं फिक्स्चर, अधिकारियों के स्थानांतरण, किराया प्रतिपूर्ति सुविधा इत्यादि की सुविधा एचआरएमएस में उपलब्ध है.

❖ एचआरएमएस में द्विभाषी सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा एचआरएमएस के लिए बैंक ने एक डीआर सेट-अप स्थापित किया है.

21. इन हाउस डेवलेपमेंट :

❖ बैंक के पास एक सुदृढ आईटी डेवलेपमेंट टीम है, जो बैंक के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर हेतु प्रभावी कार्य करती है तथा इस प्रकार यथासंभव उनकी आउट्सोर्सिंग बचाती है.

❖ बैंक ने रेलवे, डिफेंस, सिविल, टेलिकॉम, पोस्टल, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, डीयूएसआईबी, डीडीए इत्यादि के पेंशन के लिए एक केंद्रीकृत पेंशन मॉड्यूल विकसित किया हैं. जो इस टीम की एक बडी उपलब्धि है. यह इन -हाउस टीम विभिन्न विभागों एवं प्रशासनिक कार्यालयों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है, जिससे बाहरी वेंडरों पर निर्भरता कम हो गई है.

❖ निम्नलिखित इनहाउस डेवलेपमेंट पूर्ण किए गए हैं;

- ई- विजिलेंस शिकायत निगरानी प्रणाली (वी-सीएमएस)
- ओआरओपी- वन रैंक वन पेंशन- डिफेन्स पेंशनर्स हेतु एरियर
- आंचलिक/क्षेत्रीय प्रबंधक हेतु ई-वीआरएस (इलेक्ट्रॉनिक विजिट रिपोर्टिंग सिस्टम)
- पीएमजेबीवाई, पीएमएसबीवाई एवं एपीवाई योजनाओं हेतु पोर्टल
- लीज डीड पोर्ट्ल : यूजर विभाग द्वारा सुझाये गये बदलाव समाहित कर परिष्कृत पोर्टल
- डीबीटीएल : शाखाओं द्वारा गैस ग्राहक सं. की सीडिंग के लिए डीबीटीएल विकसित किया गया.
- जीवन प्रमाण पोर्टल : पेंशन डेटाबेस में जीवन प्रमाणपत्र का अपडेशन
- सीएफएसएल: - एफडीआर एवं शेयर मॉड्यूल विक्सित किए गए. मर्जर, समेकन, डीमर्जर जैसे मॉड्यूल को भी सक्रिय कर दिया गया है.
- ग्राहक सेवा समिति बैठक पोर्टल : ग्राहक बैठकों के विवरण तैयार करने के लिए शाखाओं/क्षेत्रीय कार्यालयों /आंचलिक कार्यालयों को उपलब्ध कराये गए हैं.
- एलडीएम पोर्टल :- विभिन्न एमआईएस रिपोर्टों से संबंधी डाटा को सृजित करने के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक हेतु पोर्टल.
- शैक्षणिक अनुदान: डाटा परिमार्जन के लिए कार्रवाई पूर्ण हो चुकी है.
- अनुशासनिक कार्रवाई के मामले पंजीकृत करने एवं उनमें हुई प्रगति की जानकारी के लिए सतर्कता विभाग हेतु अनुशासनिक जांच मॉड्यूल तैयार किया गया.
- जीएडी वेंडर पेमेंट का प्रथम चरण पूर्ण.

❖ **विकसन प्रक्रियाधीन परियोजनाएं :-**

- ई-चैनल मैनेजर :- कुछ रिपोर्टों का सृजन विकसन प्रक्रिया के अधीन है, जिसे इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा.
- एनसीजीटीसी (एमएसएमई, रिटेल) के लिए एक्सएमएल फाइल तैयार करने के लिए डाटा अद्यतन पोर्टल.

- डीआईटी भुगतान प्रणाली
- केंद्रीयकृत किराया भुगतान प्रणाली.

22. बैंक द्वारा प्रायोजित आआरबी:

बैंक के पास वर्तमान में 1629 शाखाओं वाली 3 आआरबी हैं. मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार समेकन प्रक्रिया के पश्चात सभी शाखाएं कोर बैंकिंग सोल्यूशन के अंतर्गत हैं और यह प्रयास किए जा रहे हैं कि बैंक द्वारा की जा रही प्रौद्योगिकी पहल के समान स्तर पर आरआरबी की प्रौद्योगिकी पहल को स्थापित किया जाए. बैंक की वर्ष 2020 तक की अपेक्षाओं के अनुरूप सम्पूर्ण प्रणाली को सुसज्ज किया गया है. हार्डवेयर, नेटवर्क एवं सुरक्षा उपकरण इत्यादि की खरीद आरएफपी प्रक्रिया के अंतर्गत की जा रही है. आरआरबी के व्यवसायिक प्रगति एवं शाखा विस्तार की परिकल्पना के अनुसार नवीकरण किया जा रहा है. वर्तमान में आरआरबी का शाखा नेटवर्क मुख्य रूप से वी-सैट पर आधारित है. इसलिए, नवीकरण प्रक्रिया में सभी शाखा स्थानों पर भी एमपीएलएस लीज्ड लाइन लिए जाने पर भी विचार किया जा रहा है. जो स्थान व्यवहार्य पाए जायेंगे वहां लीज्ड लाइन प्रारंभ कर दी जाएगी.

प्रायोजित बैंक की सभी प्रौद्योगिकी पहलें कार्यान्वित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और फिलहाल प्रारंभ की गई प्रमुख पहलें इस प्रकार:-

- आरआरबी ग्राहकों के लिए ईवीएम चिप आधारित एटीएम कार्ड की सुविधा
- आरआरबी में एसएमएस एलर्ट प्रारंभ करना
- एफआई लेन-देनों के लिए ऑन-लाइन इंटरफेस
- किसान क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ
- सीपीएसएमएस का कार्यान्वयन
- अति लघु शाखाओं की प्रयोजनीय कार्यपद्धति
- एपीबीएस/एसीएच का शुभारंभ
- सिबिल डाटा निष्कर्षण
- शाखा में सीबीएस प्रयोगकर्ता हेतु बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन सोल्यूशन का कार्यान्वयन
- रुपे डेबिट कार्ड के माध्यम से पीओएस सुविधा
- एईपीएस का कार्यान्वयन प्रारंभ किया गया है.
- आरआरबी की व्यापक आईएस लेखापरीक्षा पूर्ण हो चुकी है.
- सभी 3 आरआरबी में डीबीटीएल/एसीएच कार्यान्वित कर दिए गए हैं.
- ई-केवाईसी का कार्यान्वयन.
- माइक्रो एटीएम के माध्यम से रुपे कार्ड लेनदेन का प्रयोग.
- परिपत्र पोर्टल का प्रारम्भ.

23. वित्तीय समावेशन पहलें :

- ❖ आवश्यक प्रौद्योगिकी पहल सहायता उपलब्ध कराते हुए सरकार द्वारा यथा निर्देशित सभी वित्तीय समावेशन पहलों को प्रारंभ किया गया है.
- ❖ आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम (एपीबीएस) सक्रिय किया है.
- ❖ एलपीजी उपभोक्ता हेतु डीबीटी का कार्यान्वयन एवं अस्वीकृत को कम करने हेतु निगरानी
- ❖ आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एइपीएस) सक्रिय है.
- ❖ मनरेगा लाभार्थी के आधार हेतु बल्क आधार सीडिंग की सुविधा

- आधार सीडिंग वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से भी उपलब्ध है – एटीएम, एसएमएस एवं इंटरनेट बैंकिंग द्वारा
- दिनांक 31 मार्च, 2017 तक कुल 239 लाख आधार सीडिंग
- एफआई ग्राहकों के लिए केन्द्रीय बायोमीट्रिक अधिप्रमाणन
- एफआई में सीएससी किओस्क बैंकिंग मॉडल के स्थान पर टीसीएस कियोस्क बैंकिंग मॉडल का कार्यान्वयन
- ई-केवाईसी – सभी शाखाओं में कार्यान्वित कर दिया गया है.
- डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण- एनपीसीआई के माध्यम से डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण लेनदेन से उत्पादकता की प्रवृति एवं प्रदर्शन में सक्रियता
- सीबीएस में तीन नई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का शुभारम्भ.
- बीसी उपकरणों के माध्यम से रुपे कार्ड लेन-देन प्रत्यक्ष उत्पादन में है.
- नए आरएफपी तकनीकी सेवा प्रदाता मेसर्स इत्यादि सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं.
- बीसी के लिए आधार आधारित लॉगिन कार्यमूलकता को प्रोडक्शन एन्वायरमेंट डाल दिया गया है एवं सभी सक्रिय टीएसपी उस पर लाइव है.
- उन बीसीज के लिए भी बल्क एसएमएस सुविधा को प्रोडक्शन में क्रियान्वित कर दिया गया है जो किसी विशिष्ट दिन लॉगिन नहीं होते है.
- एनपीसीआई दिशानिर्देशों के अनुसार आधार सीडिंग तथा आधार मैपिंग का पृथक्कीकरण प्रोडक्शन में डाल दिया गया है.
- आधार मोबाइल एवं नामाकंन के अनिवार्य फील्ड प्रॉडक्शन मे डाल दिए है.
- आधार आधारित व्यापारिक भुगतान कार्यमूलकता को भी प्रोडक्शन में डाल दिया है और उसे लाइव कर दिया गया है.

24. आईटी गवर्नेंस:

- बैंक में आईटी कार्य नीति समिति, आईटी संचालन समिति एवं आईटी जोखिम प्रबंधन समिति के गठन से बैंक में आईटी गवर्नेंस के लिए आवश्यक संरचना तैयार की गई है. सूचना प्रौद्योगिकी नीति और आईटी आस्तियों के निपटान के लिए हार्डवेअर निपटान नीति का अनुमोदन बोर्ड द्वारा कर दिया गया है.
- कार्यपालकों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आबंटित करने, उनके स्थानांतरण पर उन्हें वापस करने/ले जाने तथा पुनर्आबंटित करने तथा अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति के समय उन्हीं के पास रहने देने में पारदर्शिता के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नीति अपनाई गई है. आने वाले समय में, इस प्रकार के उपकरणों की खरीद विभिन्न उपयोगकर्ता समूहों/व्यक्तियों के लिए आवश्यक होगी. अत: यह आवश्यक है कि सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी हो.
- सूचना प्रौद्योगिकी नीति के संस्करण 1.4 को बोर्ड द्वारा अनुमोदित एवं अंगीकृत किया गया था. आईटी का संगठनात्मक ढांचा बैंक द्वारा की जा रही व्यवसायिक गतिविधियों के आकार, प्रमाण एवं प्रकृति के अनुरूप तथा व्यावसायिक परिचालन के लिए सूचना प्रणाली द्वारा उपलब्ध कराये गए अन्तर्निहित समर्थन के अनुरूप होना चाहिए. आईटी संगठनात्मक संरचना के प्रमुख कार्यक्षेत्रों में 'तकनीक एवं विकास", 'आईटी परिचालन", 'आईटी एश्योरेंस" एवं 'आपूर्तिकर्ता 'तथा 'संसाधन प्रबंधन" शामिल होंगे. आईटी विभाग आदर्श स्थिति में उच्च कार्यपालक की श्रेणी के अधिकारी तथा महाप्रबंधक एवं उनके सहयोग हेतु उप महाप्रबंधक द्वारा संचालित होना चाहिए. आईटी विभाग का प्रत्येक वर्टिकल समुचित रूप से अनुभवी एवं प्रशिक्षित वरिष्ठ अधिकारियों, जो कम-से-कम सहायक महाप्रबंधक श्रेणी के हों, द्वारा संचालित होना चाहिए.
- बेहतर प्रबंधन हेतु बैंक द्वारा पैच प्रबंधन नीति, स्वीकार्य उपयोग नीति एवं नक़ल रोधी नीति को अंगीकृत किया गया है.
- आई टी कार्यनीति समिति की सलाह के अनुसार संतुलित स्कोर कार्ड नियमित रूप से तैयार कर उसका प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है तथा आई टी परियोजनाओं के विभिन्न पैरामीटरों के अंतर्गत कार्यनिष्पादन की रेटिंग की जा रही है. आईएसओ-27001 प्रमाणन और बीएसएमएस-25999 प्रमाणन के लिए निगरानी प्रक्रिया और आंतरिक लेखापरीक्षा की गई.

25. सूचना सुरक्षा:

- बैंक का डाटा केन्द्र (डी सी) और आपदा पुनर्स्थापन केन्द्र (डी आर सी) आईएसओ 27001:2013 आईएसएमएस मानकों एवं आईएसओ 22301:2012 बीसीएमएस मानकों से प्रमाणित है.

- ❖ सुरक्षा संतुलन स्कोर कार्ड की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न सूचना सुरक्षा नियंत्रणों/गतिविधियों की प्रभाविता तिमाही आधार पर मापी जाती है.
- ❖ भारतीय रिजर्व बैंक एवं सीईआरटी-इन (भारतीय कम्प्यूटर आपातकाल प्रतिक्रिया दल) द्वारा आयोजित साइबर ड्रिल में सहभागिता की.
- ❖ डीसी/डीआर की विभिन्न प्रणालियों के विशिष्ट उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों को प्रबंधित करने के लिए विशिष्ट पहचान प्रबंधन समाधान (पीआईएम) क्रियान्वित कर दिया गया है.
- ❖ डीएलपी (डाटा क्षति संरक्षण) को और बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने हेतु कदम उठाये गए.
- ❖ ग्राहकों एवं स्टाफ के लिए नियमित सुरक्षा जागरूकता पहलें.
- ❖ बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचा के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश एवं बैंकिंग उद्योग में व्याप्त प्रथाओं के अनुरूप बैंक की साइबर सुरक्षा की स्थिति को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए है.

26. सीबीएस यूजर्स (स्टाफ) के लिए बायोमीट्रिक अधिप्रमाणन:

- ❖ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के तौर पर बैंक ने बायोमीट्रिक अभिप्रमाणन प्रणाली (बीएएस) का कार्यान्वयन पूर्ण कर लिया है.
- ❖ सभी शाखाएं और कार्यालय बायोमीट्रिक अधिप्रमाणन समर्थित हैं और सभी लेनदेन समर्थता उपयोगकर्ताओं को बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से सीबीएस में लॉगिन करना अनिवार्य बनाया गया है.

27. जीवन प्रमाण

- ❖ पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के सृजन हेतु हमारे बैंक के सभी क्षेत्रीय/आंचलिक/शाखाओं में जीवन प्रमाण एप्लीकेशन इंस्टॉल कर दिया गया है. केंद्र सरकार/सेना/राज्य सरकार के पेंशनर्स किसी भी आंचलिक कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय/शाखा से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के लिए पंजीकरण कर सकते हैं.

28. केंद्रीकृत ऋण मूल्यांकन प्रणाली एवं पर्यवेक्षण (क्लास) :

- ❖ यह रिटेल, कृषि, एमएसएमई एवं कॉर्पोरेट मॉड्यूल के साथ निगरानी मॉड्यूल के साथ क्रियान्वित किया जाता है.
- ❖ इस प्रणाली के लागू करने से ऋणों की स्वीकृति के नियमों को लागू करना आसान हो गया है तथा सभी शाखाओं में एकसमान प्रक्रिया लागू हो गई है.
- ❖ वर्तमान में, इस सॉफ्टवेर का उपयोग सभी शाखाओं के द्वारा रिटेल ऋणों इत्यादि के अंतर्गत ऋण आवेदन प्रवर्त करने में किया जाता है.
- ❖ इन्टरनेट पर इस सॉफ्टवेर के द्वारा ऋण आवेदनों की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन जानकारी के लिए भी सुविधा उपलब्ध है.
- ❖ हाल ही में शैक्षणिक ऋणों के लिए प्रस्तुत किया गया एनएसडीएल विद्यालक्ष्मी पोर्टल पहले से ही क्लास से सम्बद्ध कर दिया गया है एवं एनएसडीएल पोर्टल के स्वचलन के चरण दो का क्रियान्वयन यूएटी के अंतर्गत क्रियान्वयनाधीन है.
- ❖ इस सॉफ्टवेर में भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण चूककर्ता सूची प्रदर्शित करने की क्षमता है एवं एनपीए मॉड्यूल परीक्षणाधीन है जिसे शीघ्र ही प्रोडक्शन में लगा दिया जाएगा.
- ❖ क्लास मॉड्यूल का नवीकरण विशुद्ध स्थापत्य पैमाने की प्रक्रिया में है जिसका प्रथम भाग डीआरसी में क्रियान्वित कर दिया गया है तथा डीसी क्रियान्वयन का दूसरा भाग शीघ्र ही प्रारम्भ कर दिया जाएगा.
- ❖ अनुप्रयोग, मिडल वेयर, हार्डवेयर एवं लाइसेंसों के लिए पांच वर्षीय समेकित एएमसी/एटीएस संबंधी प्रक्रिया जारी है एवं उसे शीघ्र ही अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा.

29. सरल टीडीएस वेब एप्लीकेशन :

दिनांक 06.10.2015 को केंद्रीकृत ई-टीडीएस प्रबंधन सोल्यूशन क्रियान्वित किया गया था. जो टीडीएस सम्प्रेषण के लिए मासिक आयकर चालान का सृजन एवं आईटी विवरणी फाइल करने में सहायक है.

30. नकद प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस):

- ❖ दिनांक 01.01.2015 को नकदी प्रबंधन प्रणाली क्रियान्वित की गयी थी जो तरलता, खाता शेष, भुगतान एवं नकदी प्रबंधन कार्य प्रबंधित करने में कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए सहायक है. इस एप्लीकेशन के दो प्रमुख मॉड्यूल है अर्थात भुगतान एवं संग्रहण.

31. धन-शोधन निवारण (एएमएल):

दिनांक 15.06.2015 को एमलॉक एप्लीकेशन क्रियान्वित की गयी थी जो वित्तीय अन्वेषण इकाई (एफआईयू) को प्रस्तुत की जाने वाली अनिवार्य रिपोर्टें (दैनिक/मासिक) यथा एसटीआर, सीटीआर, एनटीआर, सीसीआर, एवं सीबीडब्ल्यूआर इत्यादि सृजित करने में सहायक है.

32. विविध परियोजनाएं:

- समेकित जोखिम प्रबंधन प्रणाली का क्रियान्वयन
- धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन सिस्टम का क्रियान्वयन
- दस्तावेज प्रबन्धन प्रणाली (डीएमएस) के क्रियान्वयन से बैंक दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में है.
- बाजार जोखिम के लिए हार्डवेयर की खरीद की गयी है.
- एनएसीएच उत्पादों के लिए होस्ट 2 होस्ट संबद्धता का कार्यान्वयन
- सिस्टम संचालित आईबीआर का कार्यान्वयन
- निक(एनआईसी) के द्वारा मेल मैसेजिंग प्रणाली एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
- आईटी संबंधी विद्यमान नीतियों की समीक्षा
- कार्पोरेट आईएनबी ग्राहकों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर का कार्यान्वयन
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस जैसे लाइसेंसशुदा उत्पादों के उपयोग का नियमन
- सभी व्यवहार्य स्थानों पर बैकअप लिंक के रूप में ऑपेक्स मॉडल पर केयू बैंड वीसैट का क्रियान्वयन किया गया है.
- डेबिट कार्डों के लिए अधिप्रमाणन के लिए दूसरे घटक के रूप में ओटीपी का कार्यान्वयन
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का व्यापक प्रयोग जिसे बैंक के कार्पोरेट नेटवर्क, इंटरनेट एवं आईपैड पर उपलब्ध कराया गया.
- इस अवधि के दौरान प्राप्त सभी विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन
- ऑफ-साइट निगरानी - ऑफ-साइट निगरानी के लिए लेखा परीक्षा विभाग को 89 रिपोर्टें दी जा चुकी हैं.

लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण

बैंक की शाखाएं आंतरिक लेखापरीक्षकों के माध्यम से जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के अधीन है और सम्मिश्र जोखिम ढांचे के अनुसार प्रत्येक शाखा को जोखिम रेटिंग प्रदान की जाती है. तदनुसार, 3661 शाखाएं आरबीआईए के अधीन थी एवं शाखाओं को श्रेणी प्रदान की गयी. दिनांक 31.03.2017 को मध्यम जोखिम रेटिंग में 2330 शाखाएं, न्यून जोखिम रेटिंग में 2315 एवं उच्च जोखिम रेटिंग में 51 शाखाएं वर्गीकृत हैं. बैंक की कोई भी शाखा बहुत अधिक जोखिम रेटिंग एवं अत्यधिक जोखिम रेटिंग के अंतर्गत नहीं हैं.

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, 32 क्षेत्रीय कार्यालयों, 11 आंचलिक कार्यालयों और केन्द्रीय कार्यालय के 11 विभाग प्रबंधन लेखापरीक्षा के अधीन थे.

बैंक ने 1064 शाखाएं/एसएसबी/के.का. विभागों को सनदी लेखाकार के फर्मों द्वारा संगामी लेखा परीक्षा के अंतर्गत कवर की है. बैंक की सभी 7 कॉर्पोरेट वित्त शाखाएं बैंक के वरिष्ठ श्रेणी के अधिकारियों द्वारा संगामी लेखापरीक्षा के अंतर्गत हैं. दिनांक 31.03.2017 को कुल जमा राशि का लगभग 56% और कुल अग्रिमों का 74% संगामी लेखा परीक्षा के अंतर्गत कवर किया है. 1057 सनदी लेखाकार फर्मों को संगामी लेखापरीक्षा कार्य सौपा गया है जिनमें से 407 फर्में भारिबैं श्रेणी ध की, 328 श्रेणी II की, 183 श्रेणी III की एवं 139 फर्में श्रेणी IV की हैं. इनमें से 841 फर्में ऐसी है जिनके भागीदारों/कर्मचारियों ने आईसीएआई द्वारा संचालित बैंकों की संगामी लेखापरीक्षा संबंधी पाठ्यक्रम प्रमाणन प्राप्त किया है.

बैंक ने भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के दिशानिर्देशानुसार ऑफसाईट निगरानी प्रणाली प्रारंभ की है और वर्तमान में, 89 परिदृश्यों पर एलर्ट जनरेट किए जा रहे हैं.


नोटबंदी के दौरान एवं उसके पश्चात लेखा परीक्षा विभाग में एलर्ट्स पर ध्यान रखते हुए अग्रसक्रिय भूमिका निभाई और शाखाओं / करेंसी चेस्ट की लेखा परीक्षा

की. विभाग ने राष्ट्रीय सीमा पर स्थित शाखाओं, वाम चरम पंथी प्रभावित इलाकों (एलडब्ल्यूई), देश के उत्तर पूर्वी इलाकों की शाखाओं तथा दूर दराज के इलाकों में स्थित शाखाओं की भी लेखा परीक्षा की. आपके निदेशकों को यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि नोटबंदी लेखा परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई.

शाखा विस्तार

दिनांक 31 मार्च 2017 को, बैंक के नेटवर्क में कुल 4714 शाखाएं हैं, 3677 अतिसूक्ष्म शाखाएं, 5285 एटीएम, 10 सेटेलाइट कार्यालय एवं 1 विस्तार पटल हैं. देश के सभी 29 राज्यों, 6 में से 5 केन्द्र शासित प्रदेशों, एनसीटी दिल्ली, 574 जिला मुख्यालयों एवं 707 जिलों में से 626 जिलों में उपस्थिति के साथ बैंक का देशव्यापी विस्तार है.

शाखाओं का वर्गीकरण



परिचालन

- **नोटबंदी** - बैंक ने ग्राहकों/आम नागरिकों से एसबीएन नोट प्राप्त करने/बदलने तथा छोटे मूल्य के नोट/नए करेंसी नोट जारी करने का काम का प्रबंधन कुशलतापूर्वक सम्पन्न किया.
- **नए कॉल सेंटर** - बैंक द्वारा विस्तारित किए गए आधुनिक कॉल सेंटरों ने ग्राहकों को 24 x7x365 बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए कार्य आरम्भ कर चुके है. कॉल सेंटर का नया शुल्करहित नं. 1800-22-1911 है.
- **बीसीएसबीआई रेटिंग-** ग्राहक सेवा संहिता के श्रेष्ठ अनुपालन के लिए बीसीएसबीआई ने हमारे बैंक को ''औसत से बेहतर'' श्रेणी प्रदान की है. हमारे बैंक की रैंकिंग भी आगे बढ़ी है.
- **ओआरओपी एवं सातवां वेतन संशोधन बकाया** - बैंक ने बकाए ओआरओपी के साथ साथ 7वें वेतन आयोग के एरियर की तीन किस्तों का भुगतान सभी पात्र केंद्रीय पेशनधारियों को समय पर कर दिया है.
- **मिस्ट्री शॉपिंग** - बैंक ने शाखा स्तर पर प्रचलित उपलब्ध सुविधाओं की आधारभूत वास्तविकता को जानने हेतु शाखाओं में 'मिस्ट्री शॉपिंग" की अवधारणा शुरू की है. अब तक एजेंसी से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर इसमें 721 शाखाएं कवर की गयी और सुधारात्मक कार्रवाई की गयी.
- **शिकायतों का निपटान** - विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर प्राप्त शिकायतों का निपटान मुस्तैदी से किया जाता है. स्टाफ के दुर्व्यवहार संबंधी शिकायतों की जांच अन्य बैंकों के सेवानिवृत्त महाप्रबंधकों द्वारा कराई जाती है एवं दोषी स्टाफ सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है.

राजभाषा :

- वर्ष के दौरान, हमारे बैंक को राष्ट्रीयकृत बैंकों की श्रेणी में भाषिक क्षेत्र ''ख'' में बैंक में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2015-16 के लिए ''राजभाषा'' कीर्ति ''पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया.
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वर्ष के दौरान राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए ''भारतीय रिजर्व बैंक की गवर्नर शील्ड योजना के अंतर्गत हमारे बैंक को तीनों भाषिक क्षेत्र ''क'' ''ख'' एवं ''ग'' में वर्ष 2015-16 के लिए ''प्रथम'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- हमारे बैंक की गृह पत्रिका सेन्ट्रलाइट को बैंकों की द्विभाषी गृह पत्रिका पुरस्कार योजना के अंतर्गत ''रिजर्व बैंक गवर्नर शील्ड'' से सम्मानित किया गया.
- वर्ष के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए मुम्बई एवं गुवाहाटी आंचलिक कार्यालय, को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015-16 के लिए ''प्रथम'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए हमारी गुवाहाटी शाखा एवं क्षेत्रीय कार्यालय पणजी को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015-16 के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया.
- वर्ष के दौरान हमारे बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, औरंगाबाद, अकोला, दिल्ली दक्षिण एवं तिरुवनंतपुरम को संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा वर्ष 2015-16 के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- हमारे क्षेत्रीय कार्यालय कोच्चि को त्रिवेंद्रम नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया.
- हमारे अग्रणी कार्यालय कार्यालय होशंगाबाद, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर, कोटा, देहरादून को संबंधित नगर राजभाषा समितियों द्वारा द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया.
- वर्ष के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी, जालंधर एवं कोच्चि को संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों द्वारा वर्ष 2015-16 के लिए राजभाषा के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया.
- हमारे बैंक की हरिद्वार शाखा एवं आंचलिक कार्यालय दिल्ली को संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- सभी क्षेत्रीय /आंचलिक कार्यालयों द्वारा ई- पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जा रहा है.
- दिनांक 23 जनवरी 2017 को संसदीय राजभाषा समिति द्वारा हमारे केन्द्रीय कार्यालय का निरीक्षण किया गया जिसमें समिति ने भारत सरकार की राजभाष नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए हमारे बैंक की सराहना की.
- दिनांक 22 मार्च 2017को मुंबई महानगर आंचलिक कार्यालय के अधीन गोवा में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन सम्मेलन का आयोजन किया गया. गोवा की राज्यपाल डॉ. मृदुला सिन्हा इस सम्मेलन की मुख्य अतिथि थी.

कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन

हमारे उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, आउटडोर एवं अन्य मास कम्यूनिकेशन के माध्यमों से जागरुकता जागृत करने के लिए, गो ग्रीन उपायों को स्वीकार करते समय अपनी ब्रांड छवि को बनाए रखने एवं उसमें वृद्धि करने के लिए तथा स्टाफ सदस्यों के सक्रिय सहयोग से अपने बैंक के व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए निम्न लागत वि%ाापनों को महत्व देते हुए निरंतर प्रयास करते रहने के हमारे प्रयास इस वर्ष भी जारी रहेंगे. अखिल भारतीय स्तर पर विजिविलिटी बढ़ाने के लिए, फील्ड स्तर पर स्थानीय खेल स्पर्धाओं/यात्राओं/आयोजनों/किसान कैम्पों/सम्मेलनों के प्रायोजन के अतिरिक्त, विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों जैसे ट्रैफिक बेरिकेडस्, नो पार्किंग बोर्डों, पुलिस चौकियों, यूटिलिटी किऑस्क, दीवार पेंटिंग, ऑटो-रिक्शा, बस एवं ट्रेन में ब्रेंडिंग की गई. इन गतिविधियों को अंजाम देने के लिए लोकल केबल, एफएम रेडियो, मोबाइल एप, यूएफओ मूवीज़, पीवीआर सिनेमा का भी उपयोग किया गया.

- वर्ष के दौरान, बैंक ने ग्राहकों और स्टाफ सदस्यों के लिए 143 स्वास्थ्य जांच कैम्प-सह-रक्त दान कैम्पों का आयोजन किया.
- सिद्धिविनायक मंदिर में सड़क संकेत बोर्डों, महत्त्वपूर्ण स्थानों पर ट्रैफिक बैरिकेडस् लगाकर जनमानस का ध्यान आकर्षित किया गया.
- प्रिंट, इलेक्ट्रिॉनिक एवं बाहरी मीडिया वाहनों के प्रयोग के माध्यमों से ब्रैंडिंग गतिविधियों को अंजाम देने से, ब्रैंड फाइनैन्स द्वारा प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ 500 ब्रैंडों की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों में हमारे बैंक की ब्रैंड रेटिंग 9वीं तथा विश्व स्तर पर यह 393वीं रही.

- ❖ हमारे बैंक को इकोनॉमिक्स टाइम सर्वे के अनुसार पीएसयू बैंक श्रेणी के अंतर्गत भरोसेमंद ब्रॉन्ड के रूप में 6ठा स्थान प्राप्त हुआ है.
- ❖ एबीसीआई ने बैंक को इसके कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन पहलों को देखते हुए 5 पुरस्कारों से पुरस्कृत किया है.

सतर्कता

- ❖ सतर्कता विभाग का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने एवं इसकी परिचालन सक्षमता बढ़ाने के लिए ई-विजिलेंस पोर्टल की शुरुआत की जा चुकी है. इससे विभागीय जांच के मामलों एवं शिकायतों के संचलन पर रियल टाइम आधार पर निगरानी रखने में मदद मिलेगी.
- ❖ सतर्कता के मामलों के निपटान में उल्लेखनीय सुधार हुआ है.
- ❖ इस वर्ष बैंक के सभी शाखा/क्षेत्रीय कार्यालयों ने सर्तकता जागरुकता कार्यक्रम, नैतिकता कार्यक्रम, जन सहभागिता एवं भ्रष्टाचार निवारण संबंधी कार्यक्रमों के प्रचार में सक्रिय सहभागिता की. देश भर में विभिन्न विद्यालयों/ महा विद्यालयों तथा ग्राम पंचायतों में 180 कार्यशालाएं आयोजित की गयी.

मानव संसाधन विकास

1. मानव शक्ति :

मार्च 2017 के अंत में बैंक में स्टाफ सदस्यों की संख्या 37044 थी जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 37685 थी. स्टाफ सदस्यों का श्रेणीवार वर्गीकरण निम्नानुसार है:

श्रेणी	मार्च, 2017	मार्च, 2016
अधिवकारी वर्ग	16,247	16,115
लिपिक वर्ग	13,001	13,103
अधीनस्थ वर्ग	7,796	8,467
कुल संख्या	37,044	37,685

2. मानव संसाधान विकास :

(i). 5 स्टार श्रेणीकृत शाखा प्रबंधकों के लिए एक्जीक्यूटिव डेवलपमेंट कार्यक्रम

इस योजना का उद्देश्य अधिकारियों में लक्ष्य प्राप्ति हेतु स्पर्धात्मक भावना विकसित करने तथा व्यवसाय विकास प्रबंधन में प्रशंसा एवं पुरस्कृत कर कार्य-निष्पादन में विशिष्टता का संवर्द्धन करना है. इसे वर्ष 2016-17 की हमारे प्रशिक्षण कार्य योजना में अनुमोदित कर दिया गया है तथा 5 स्टार श्रेणी प्राप्त शाखा प्रबंधकों को विदेश में प्रशिक्षण, तीन शाखा प्रबंधकों की (रिपीटर्स) को बैंकाक में आयोजित फॉरेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 27वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए नामित किया गया, एनआईबीएम, पुणे द्वारा एनआईबीएम एवं आईएमपीएम, दुबई में 44 शाखा प्रबंधकों को दो बैचों में प्रशिक्षणार्थ भेजने के लिए प्रशिक्षण बजट में शामिल किया गया है.

(ii). अधिकारियों एवं पंचाट कर्मचारियों को आवास ऋण की प्रमात्रा में वृद्धि

कर्मचारियों (अधिकारी एवं पंचाट कर्मचारी) के लिए आवास ऋण के संबंध में उनके बचे हुए सेवाकाल तथा उनकी उम्र 70 वर्ष पूर्ण होने एवं अधिकारियों के मामले में अधिकतम पुनर्भुगतान अवधि 240 माह एवं अवार्ड स्टाफ के संबंध में पुनर्भुगतान अवधि 300 माह के अधीन आवास ऋण की मात्रा निर्धारित की गयी. दिनांक 27.05.2016 से अधिवर्षिता/ वीआरएस /त्याग पत्र के समय भवन निर्माण ऋण को प्रत्यक्ष आवास वित्त योजना (सेन्ट होम) में परिवर्तन अनुमत करने का प्रावधान किया गया. ऋण की मात्रा में यह वृद्धि 08.02.2014 से प्रभावी की गयी.

(iii). वित्त वर्ष 2015-16 से प्रभावी बोनस का भुगतान.

दिनांक 01 अप्रैल, 2015 से प्रभावी, भारत में हमारे बैंक में कार्यरत सभी पात्र कर्मचारी जिनका वेतन/पारिश्रमिक ₹ 21,000/-प्रति माह से अधिक नही है (बोनस भुगतान अधिनियम, 2015 (संशोधन) प्रावधानों के अनुसार), को उनके वेतन/पारिश्रमिक के 8.33% की दर से बोनस का भुगतान किया जाएगा. देय बोनस की अधिकतम राशि ₹7,000/- होगी.

(iv). वेतनमान I,II,III में कार्यरत अधिकारियों के स्थानांतरण संबंधी मानदंड : संशोधन समाहित करते हुए दस्तावेज.

हमारे बैंक की वर्तमान व्यावसायिक आवश्यकताओं एवं हमारे बैंकके स्टाफ की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यधारा के वेतनमान I,II,III के अधिकारियों के स्थानांतरण मानदंडों के कुछ प्रावधानों में संशोधन किया गया है जिसका अनुमोदन दिनांक 04.02.2017 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में किया गया.

(v). संवेदनशील/ गैर संवेदनशील स्थानों पर पदस्थ कर्मचारियों के लिए अनिवार्य अवकाश नीति.

अधिकारी एवं पंचाट कर्मचारी सहित सभी कर्मचारी अनिवार्य अवकाश नीति के तहत कवर किए गए है, उन्हें संवेदनशील स्थान पर उनकी पदस्थता के दौरान प्रत्येक वर्ष एक बार में 10 कार्यशील दिवसों के लिए अनिवार्यत: अवकाश पर रहना होगा अथवा उन्हें उनकी डेस्क से दूर रखा जाएगा. इसी प्रकार गैर संवेदनशील स्थानों में 6 दिन के लिए ऐसा करना होगा. इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे कर्मचारियों के अवकाश पर होने के समय उनके कार्य संबंधी उत्तरदायित्वों से जुड़े भौतिक अथवा आभासी संसाधनों (सेन्ट मेल इत्यादि) तक उनकी पहुंच नहीं होनी चाहिए.

(vi). ₹ 1000/- एवं ₹ 500/- के नोटों की नोटबंदी के समय ओवरटाइम और जेब खर्च का भुगतान.

₹ 1000/- एवं ₹ 500/- के नोटों की नोटबंदी के समय शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों को ओवरटाइम एवं जेब खर्च के भुगतान से क्षतिपूर्ति की गयी.

(vii). कार्यालयों/शाखाओं में देर तक कार्यरत महिला कर्मचारियों की सुरक्षा.

यह अवश्यकरणीय है कि हमारा बैंक हमारी महिला सहकर्मियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करे. तदनुसार, सभी प्रशासनिक कार्यालयों एवं शाखाओं को निर्देश दिए गए कि वे यह सुनिश्चित करें कि सामान्यत: महिला स्टाफ सदस्यों की देर शाम तक कार्य के लिए न रोका जाए फिर भी, यदि किसी अत्यावश्यक कार्य के कारण देर शाम तक महिला कर्मचारी को रोकना पड़े तो यह सुनिश्चित किया जाएं कि वे कार्यालय में अकेले कार्य न करें तथा प्राधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि महिला कर्मियों को घर तक सुरक्षित पहुंचाया जाए.

(viii). सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए आईबीए ग्रुप मेडीक्लेम बीमा के वर्ष 2016-2017 के लिए नवीकरण का प्रीमियम (दिनांक 31.10.2016 को पॉलिसी समाप्त.

दसवें द्विपक्षीय समझौते/ संयुक्त नोट दिनांक 25.08.2015 में आईबीए द्वारा निर्धारित सेवानिवृत्त कर्मचारियों/पारिवारिक पेंशनधारकों की ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी दिनांक 31.10.2016 को समाप्त हो गयी है. इस पॉलिसी में कवर हुए/इसका विकल्प लेने वाले सभी पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारी जो इसे नवीकरण कराने के इच्छुक हो, से अनुरोध किया गया कि वे अपना विकल्प सहित सहमति पत्र पुन: प्रस्तुत करें.

3. प्रशिक्षण :

वर्ष 2016-17 के लिए प्रशिक्षण योजना एवं प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया गया है. अनुमोदित प्रशिक्षण योजना में ऋण (रिटेल, एमएसएमई एवं कृषि), वसूली, विदेशी विनिमय एवं जोखिम प्रबंधन तथा मानवीय स्वभाव के पहलुओं पर प्रशिक्षण देने को प्राथमिकता दी गई है.

वर्ष 2016-17 के दौरान विशेष प्रशिक्षण पहल निम्नानुसार है :

- सभी 26 महाप्रबंधकों एवं फील्ड महाप्रबंधकों के लिए आईआईएम, बैंगलोर में प्रभावी परिवर्तन प्रबंधन विषय पर प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.
- पहली बार वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं क्षेत्रीय प्रबंधकों के लिए आईआईएम कलकत्ता में 'प्रबंधन विकास कार्यक्रम' आयोजित किया गया.
- 28 संकाय सदस्यों के लिए एनआईबीएम पुणे में संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया. अनुक्रमण आयोजना की अनुशंसा पर आईडीबीपी नोएडा,
- एनआईबीएम, पुणे, एससीआई, हैदराबाद एवं एसपीबीटी कॉलेज में क्रिसिल, मुम्बई द्वारा एडवांस्ड क्रेडिट मैनेजमेंट प्रोग्राम आयोजित किए गए. सभी सहायक महाप्रबंधकों एवं मुख्य प्रबंधकों को समाहित करते हुए ऐसे कुल 10 कार्यक्रमआयोजित किए गए.
- हैदराबाद अंचल के ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों के शाखा प्रबंधकों एवं कृषि वित्त अधिकारियों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम 'हार्नेसिंग द अपॉर्च्युनिटी इन रुरल एंड सेमी अर्बन एरिया' विषय पर आंध्रा बैंक अपेक्स ट्रेनिंग कॉलेज, हैदराबाद में तथा चेन्नई अंचल के लिए इंडियन बैंक ट्रेनिंग कॉलेज, इमेज, चेन्नई में आयोजित किया गया.
- शाखाओं/कार्यालयों में कार्यरत वेतनमान I से IV के अधिकारियों के लिए एक विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम ''ऑन फील्ड ट्रेनर्स'', एसपीबीटी कॉलेज में आयोजित किया गया. ऑन फील्ड टेनर्स की सेवाओं का उपयोग जेडएसटीसी एवं प्रशिक्षण महाविद्यालयों में आवश्यकतानुसार किया जा सकेगा.

- वर्ष के दौरान एनआईबीएम, पुणे एवं आईएमटी दुबई में 5 स्टार वाले 44 शाखा प्रबंधकों के लिए एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया. तथा तीन रिपीटर शाखा प्रबंधकों ने बैंकाक में आयोजित फॉरेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 27वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया.
- एक विशेष रूप से तैयार किया गया सॉफ्ट स्किल कार्यक्रम मंथन वर्ष 2015 में प्रारंभ किया गया था. दिसम्बर 2016 तक विभिन्न जेडएसटीसी, प्रशिक्षण महाविद्यालयों एवं अन्य केंद्रों पर यह कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें बैंक के वेतनमान V तक के सभी अधिकारियों को कवर किया गया. इसका उद्देश्य बैंक के कर्मचारियों में व्यावहारिक परिवर्तन लाना था.
- वितीय वर्ष 2016-17 में नए भर्ती हुए प्रोबेशनरी अधिकारियों एवं 185 एएफओ के लिए सीईटीटीएम, पवई में आईआईबीएफ के संकाय सदस्यों के सहयोग से इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए.
- एसपीबीटी कॉलेज द्वारा प्रबंधित ई-लर्निंग पोर्टल में ई-लर्निंग पर 26 पाठ्यक्रम उपलब्ध है.
- ₹ 1000/- एवं ₹ 500/- के नोटों की नोटबंदी के कारण दिनांक 09.11. 2016 से दिनांक 31.12.2016 तक जेडएसटीसी /सीबीओटीसी एवं एसपीबीटी में आयोजित होने वाले सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे.

वर्ष 2016-17 के दौरान, सभी कर्मचारियों के लिए क्लास रूम, लोकेशनल, मंथन एवं विशेष प्रशिक्षण सहित 2787 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गए. जिनमें विभिन्न स्टाफ सदस्यों ने एक अथवा दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता की इस प्रकार कुल 52252 सहभागियों ने भाग लिया एवं 3 प्रशिक्षण महाविद्यालयों और 15 आंचलिक कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा 1,43,115 कार्य-दिवस का उपयोग किया गया. इसके अलावा, एनआईबीएम, सीएबी एवं आईडीआरबीटी इत्यादि एजेंसियों द्वारा आयोजित विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न वेतनमानों के 1555 अधिकारियों को नामित किया गया. साथ ही, वर्ष 2016-17 के दौरान 5 स्टार वाले 44 शाखा प्रबंधकों एवं 12 अधिकारियों को विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशाला/सम्मेलन/एक्स्पोजर विजिट के लिए भेजा गया.

4. भर्ती एवं पदोन्नति :

- ❖ वर्ष 2016-17 में, परिवीक्षाधीन अधिकारी, कृषि वित्त अधिकारी, एच आर अधिकारी, लिपिक संवर्ग तथा अधीनस्थ वर्ग के 2631 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई.
- ❖ पदोन्नति प्रक्रिया को और अधिक प्रोत्साहनकारी तथा कॉर्पोरेट उद्देश्यपरक बनाया गया है. अत: यह प्रस्ताव किया गया कि यथासम्भव सभी वेतनमानों /श्रेणियों के लिए पदोन्नति प्रक्रिया आयोजित की जाए. तदनुसार वर्ष2016-17 के दौरान अंतर-वेतनमान एवं अंतर-श्रेणी पदोन्नति प्रक्रियाएं आयोजित की गई तथा कर्मचारियों/अधिकारियों को उच्चतर श्रेणी/वेतनमान में पदोन्नत किया गया. इसा प्रकार 309 अधीनस्थ कर्मचारी लिपिक संवर्ग में, 1355 लिपिक वेतनमान–1 अधिकारियों की श्रेणी में तथा 3837 अधिकारी उच्चतर श्रेणी/वेतनमान में पदोन्नत हुए.

5. आरक्षण नीति का कार्यान्वयन :

- ❖ आरक्षण नीति पर भारत सरकार/भारतीय बैंक संघ से प्राप्त दिशानिर्देशो/अनुदेशों का बैंक द्वारा क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा आरक्षण नीति के अनुसार अजा/अजजा/ अपिव/पीडब्ल्यूडी को छूट एवं रियायतें प्रदान की जा रही हैं.
- ❖ दिनांक 29.04.2016 एवं दिनांक 04.01.2017 को चंडीगढ़ में आयोजित बैठकों में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के माननीय सदस्य श्री अशोक कुमार सैनी उपस्थित रहे एवं अजा/अजजा/ओबीसी के प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श किया.
- ❖ आरक्षण के कार्यान्वयन, रोस्टर के रखरखाव के साथ साथ पिछली बैठकों पर की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट एवं रोस्टर की जांच के लिए दिनांक 05.11.2016 को अहमदाबाद में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय सदस्य श्री राजू परमार उपस्थित हुए.

6. औद्योगिक संबंध :

वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सामान्यतया संतोषजनक रहे.

क्रेडिट कार्ड परिचालन :

- ❖ दिनांक 31 मार्च, 2017 को बैंक का क्रेडिट कार्ड आधार 112943 है एवं प्री-पेड कार्ड का आधार 430550 है.
- ❖ बैंक प्रमुख कार्ड जारीकर्ताओं अर्थात मास्टर एवं वीज़ा के सहयोग से क्रेडिट कार्ड जारी करता है. प्री-पेड कार्ड मास्टर कार्ड के सहयोग से जारी किये जाते हैं.

- बैंक ग्राहकों की सिर्फ ईएमवी चिप आधारित क्रेडिट कार्ड जारी करता हैं.
- बैंक ने क्रेडिट कार्ड के लिए विशेष वेब पोर्टल शुरु किया है.
- मोबाइल बैंकिंग पर क्रेडिट कार्ड संबंधी कार्य-प्रणाली भी विकसित की गई है.
- क्रेडिट कार्ड की ऑन-लाइन खरीद के लिए ईएमआई विकल्प विकसित एवं कार्यान्वित किया गया है.

एटीएम/डेबिट कार्ड परिचालन :

- दिनांक 31.03.2017 को एटीएम की कुल संख्या 5285 हैं. वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान 121 एटीएम स्थापित किये गए तथा 9 'कम-हिट वाले/ खराब हुए एटीएम' बंद कर दिये गए.
- 88 एटीएम में नकदी भराई का कार्य स्टाफ द्वारा किया जा रहा है.
- 31.03.2015 तक खोली गई 4624 शाखाओं में से, दिनांक 31.03.2017 को 4464 शाखाएं एटीएम के साथ सम्बद्ध हैं.
- बैंक के 60% एटीएम ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित है.
- वर्तमान में एटीएम अप-टाइम 60% है.
- नोटबंदी के पश्चात सभी एटीएम को ₹ 2000/- एवं ₹ 500/- के नए नोट संवितरित करने योग्य बनाया गया.

अनुषंगियां एवं संयुक्त उद्यम

I. **सेन्टबैंक होम फाइनेंस लिमिटेड**

- मार्च 2017 को स्वामित्व निधि ₹ 88.35 करोड़ थी.
- वर्ष के दौरान, कंपनी के कुल अग्रिम मार्च 2016 के ₹ 1110.21 करोड़ से बढ़कर, 19.13% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2017 को ₹ 1322.62 करोड़ हो गया है. आवास ऋण, मार्च 2016 के ₹ 886.06 करोड़ से बढ़कर, मार्च 2017 को ₹ 1085.53 करोड़ हो गए, इसमें 22.51% की वृद्धि दर्ज हुई है.
- रिटेल जमाएं एवं संस्थागत जमाएं मार्च 2016 के ₹ 562.61 करोड़ से बढ़कर, मार्च 2017 को ₹ 680.58 करोड़ हो गई, इसमें वर्ष दर वर्ष 20.94% की वृद्धि दर्ज हुई.
- वर्ष 2016-17 के लिए, कंपनी का शुद्ध लाभ ₹ 11.04 करोड़ रहा, जो वर्ष 2015-16 के लिए ₹ 13.44 करोड़ था.
- प्रति शेयर आय ₹ 4.42 (₹ 10 प्रति शेयर) गत वर्ष ₹ 5.38 .रही.
- मार्च 2017 में एनपीए ₹ 21.48 करोड़ रहा, जो मार्च 2016 में ₹ 23.29 करोड़ था.
- मार्च 2017 को शुद्ध अग्रिम में शुद्ध एनपीए 1.05 % है.
- आस्तियों पर प्रतिफल 0.58% है. डगत वर्ष 1.34%.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को सीएआर 17.52% है.

II. **सेन्टबैंक फाइनेंशिल सर्विसेज लिमिटेड**

- सेन्टबैंक वित्तीय सेवाएं लिमिटेड, डिबेंचर/सुरक्षा न्यास, निष्पादक न्यास, प्रबंध चेरीटेबल ट्रस्ट इत्यादि सहित अनिवार्यत: न्यासधारिता सेवाएं उपलब्ध करा रही है.
- कंपनी, डिबेंचर न्यास गतिविधियों के अधिग्रहण के लिए सेबी के साथ पंजीकृत है.

वित्तीय अद्यतन जानकारी :

- ❖ कंपनी ने मार्च 2017 में ₹ 2.77 करोड़ का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो गत वर्ष ₹ 2.00 करोड़ था.
- ❖ खंडवार अर्जन :

(राशि रुपये में)

विवरण	वि.व. 2016-17	वि.व. 2015-16
निष्पादक न्यास से शुल्क	36,97,765	40,97,743
डिबेंचर एवं प्रतिभूति न्यास से शुल्क	2,69,31,110	2,56,73,602
अन्य आय (ब्याज)	3,02,88,904	3,23,,96,472
कुल	**6,09,17,779**	**6,21,67,817**

iii. **इंडो-जाम्बिया बैंक लिमिटेड**

- ❖ जाम्बिया सरकार तथा भारत के तीन बैंकों अर्थात सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से जाम्बिया में बैंक का संयुक्त उद्यम स्थापित किया गया है. इसमें इन तीनों भारतीय बैंकों में से प्रत्येक की 20% इक्विटी है, जबकि शेष 40% इक्विटी जाम्बिया गणराज्य सरकार की है.
- ❖ बैंक का वित्तीय वर्ष, कैलेंडर वर्ष है.
- ❖ बैंक सभी पैरामीटरों में बेहतर कार्यनिष्पादन दर्शा रहा है और वर्तमान में जाम्बिया का छठा सबसे बड़ा बैंक है.
- ❖ दिसम्बर 2016 के अंत तक हमारे बैंक के पास कुल 1 क्वाचा प्रति शेयर के 8,32,00,000 शेयर है.
- ❖ पिछले वर्ष की तुलना में बैंक की जमा राशियों में 3.76% एवं अग्रिमों में 2.63% वृद्धि हुई है.
- ❖ कैलेंडर 2016 में बैंक को 83.61 एमआईओ क्वाचा (₹ 55.74 करोड़) का शुद्ध लाभ हुआ है.
- ❖ वर्ष के दौरान बैंक ने वर्ष 2016 के लिए लाभांश की घोषणा की है. तदनुसार, हमारे बैंक ने ₹4,79,90,324/- के समतुल्य यूएस डॉलर 616,748/- का लाभांश दिनांक 15/03/2017 को प्राप्त किया है.

iv. **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक**

- ❖ हमारे पास दिनांक 31 मार्च, 2017 को हमारे 3 आरआरबी हैं, जिनका 3 राज्यों के 47 जिलों में 1629 शाखाओं का नेटवर्क है.

आरआरबी एवं मुख्यालय का नाम तथा राज्य	जिलों एवं शाखाओं की संख्या	कुल जमाराशियां	कुल अग्रिम	सकल एनपीए	शुद्ध लाभ
सेन्ट्रल मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, छिंदवाड़ा (म.प्र.)	25/455	6964.37	4000.98	479.92	3.38
उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, मुजफ्फरपुर (बिहार)	18/1032	13505.24	7042.63	1707.51	(77.98)
उत्तरबंग क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कूचबिहार (प.बंगाल)	4 / 142	2702.40	1237.16	223.36	1.48
कुल	**47 / 1629**	**23172.01**	**12280.77**	**2410.79**	**(73.12)**

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व

- सीएसआर, कार्यबल एवं उनके परिवारों के साथ साथ समुदाय एवं समाज के जीवन स्तर में सुधार लाते हुए अर्थव्यवस्था के विकास में व्यवसाय की सतत प्रतिबद्धता है.
- सीएसआर के अंतर्गत निर्धन, समाज के वंचित वर्ग के शिक्षा, स्वास्थ्य के स्तर को बढाने प्राकृतिक आपदाओं एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए कार्य करने वाली संस्था/ट्रस्ट के माध्यम से आर्थिक दान देना हमारी सतत प्रतिबद्धता है.
- वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए सीएसआर बजट शून्य है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2015-16 में बैंक को हानि हुई थी.

उपलब्धियां

- वर्ष के दौरान एमएसएमई विभाग द्वारा निम्नलिखित नये उत्पादों का शुभारम्भ किया:
  1) स्टैण्डअप इंडिया
  2) सेन्ट वीवर्स मुद्रा योजना
- वर्ष के दौरान बैंक में एमएसएमई वित्तपोषण को बढावा देने के लिए सात नये एसएमई कक्षों की स्थापना की गई. वित्त वर्ष 2016-17 में सभी 14 एसएमई कक्षों द्वारा 322 खातों में ₹ 464 करोड़ के नये ऋण स्वीकृत किए एवं उनमें से 293 खातों में ₹ 236 करोड़ संवितरित किए. सेन्ट स्टैण्डअप योजना के कार्यान्वयन से कई नये उद्यमियों को उनका जीवन स्तर सुधारने के लिए नये ऋण स्वीकृत किए गए. ऐसे ऋणियों मे से जिन ऋणियों को अपना जीवन स्तर सुधरने में लाभ हुआ वे हैं:
- स्टैण्ड इंडिया पोर्टल में प्रदर्शित सफलता की कहानी इस प्रकार है:

  सुश्री मंजू चाण्डक ने हमारी सौसर शाखा में स्टैण्डअप इंडिया (एसयूआई) ऋण के लिए सम्पर्क किया. शाखा द्वारा उसे बिछयत केंद्र संबंधी व्यवसायिक गतिविधि (विवाह तथा अन्य सामाजिक व सांस्कृतिक समारोह में आवश्यक टेंट एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराना) स्थापित करने के लिए ₹ 49.90 लाख का एसयूआई ऋण तत्परता से संवितरित कर दिया. तत्पश्चात, उसने अपनी व्यावसायिक गतिविधि को सुचारू रुप से चलाने के लिए 5 महिलाओं एवं 4 पूरुषों को नियुक्त किया. इसके अलावा वह प्रत्येक कार्यक्रम में कई अन्य लोगों जैसे रिक्शा चालक, ओटो ड्राइवर, कार्पेंटर, वेल्डिंग ओपरेटर, इलैक्ट्रिशियन इत्यादि के सेवाएं निरंतर लेकर उन्हें रोजगार प्रदान करती है.
- दिनांक 01/04/2017 से सेन्ट अस्पायर क्रेडिट कार्ड का जमा आधारित नया प्रकार प्रारम्भ किया जिसमें जमा राशि के समक्ष 100% ऋण सीमा अनुमत की जाती है.

बढ़ते कदम

- इस वित्त वर्ष में एमएसएमई क्लास मोड्युल प्रारम्भ करने के प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें ऋण आवेदन का प्रसंस्करण एवं स्वीकृति करने के लिए शाखाओं को एमएसएमई क्लास मोड्युल पर ऑनलाइन एप्लिकेशन उपलब्ध कराए जाएंगे. बैंक की वेबसाइट पर ये एप्लिकेशन www.standupmitra.in एवं www.udyamimitra.in पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं. इन पोर्टल में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को प्रथम वरीयता दी गई है और इन्हें क्लास मोड्युल में उपलब्ध कराया जाएगा ताकि शाखा प्रबंधकों को ऋण स्वीकृति के लिए त्वरीत निर्णय लेने एवं पावती भेजने के लिए तत्वरित निर्णय लेने में मदद मिल सके.
- एपीआई के माध्यम से www.standupmitra.in पोर्टल को बैंक के सीबीएस (इंट्रानेट) से संबद्ध करना.
- सूक्ष्म उद्यमी सेगमेंट के लिए एएनबीसी का 7.5 % लक्ष्य हासिल करने के लिए ऋण प्रवाह बढाने हेतु हम प्रत्येक माह की 15 से 25 तारीख तक एमएसएमई अभियान चला रहे हैं जिसमें प्रत्येक शाखा द्वारा सीबीएस सिस्टम में कम से कम 2 सूक्ष्म उद्यमी ऋण प्रस्ताव लॉग-इन करेंगे.
- एनपीसीआई द्वारा शीघ्र ही रूपे कार्ड का शुभारम्भ किया जा रहा है. सेन्ट्रक बैंक ऑफ इंडिया रूपे क्रेडिट कार्ड विकसित कर दिया गया है और हमारा बैंक पहले चरण के शुभारम्भ में ही सहभागिता के लिए तैयार है.

पुरस्कार एवं सम्मान

- वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक को ''भारतीय रिजर्व बैंक शील्ड'' योजना के अंतर्गत तीनों भाषिक क्षेत्रों में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ
- महामहिम राष्ट्रपति द्वारा हमारे बैंक को ''राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'' प्रदान किया गया.
- भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए मुंबई की सुप्रसिद्ध संस्था ''आशीर्वाद'' द्वारा बैंक को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ.

कॉर्पोरेट गवर्नेंस

1) बैंक के कॉर्पोरेट गवर्नेंस का उद्देश्य:

❖ **बैंक के कॉर्पोरेट गवर्नेंस का प्रमुख उद्देश्य व्यवसाय के संचलन में नैतिक संव्यवहार से शेयरधारकों की आय में वृद्धि करना तथा प्रकटीकरण एवं पारदर्शिता के उच्च मानकों का अनुसरण करना है. बैंक ने सर्वोत्तम संव्यवहार को अपनाया है एवं गवर्नेंस के मानकों की निगरानी बोर्ड की विभिन्न समितियों द्वारा की जाती है. कॉर्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति, कार्य-निष्पादन में सुधार एवं शेयरधारकों के शेयर मूल्य में वृद्धि हेतु बोर्ड, कार्यपालकों एवं अन्य पदाधिकारियों की विशिष्ट भूमिकाएं हैं.**

❖ बैंक के इक्विटी शेयर्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लि. एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेन्ज ऑफ इंडिया लि. में सूचीबद्ध है. हालांकि, बैंक एक कंपनी नहीं है, किन्तु बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 के तहत निगमित निकाय है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नियंत्रित है. अत: बैंक सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 में विनिर्दिष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस मानदंडों के प्रावधानों को उस सीमा तक, जहां तक कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विभिन्न प्रावधान)योजना 1970 एवं भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस संबंध में जारी दिशानिर्देशों, निदेश इत्यादि के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता है, अनुपालन करेगा.

❖ इक्रा लिमिटेड ने हमारे बैंक को कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रथाओं के लिए ''सीजीआर 3+'' (सीजीआर 3 प्लस उच्चारित) रेटिंग की पुन: अभिपुष्टि की है. इस रेटिंग से यह प्रकट होता है कि इक्रा की वर्तमान राय यह है कि बैंक ने इस तरह की प्रथाएं, परम्परा एवं संहिता को अपनाया और उनका अनुपालन किया है, जिससे वह अपने वित्तीय स्टेकधारकों को कॉर्पोरेट गवर्नेंस की उच्चस्तरीय गुणवत्ता से आश्वत कर सके.

2) निदेशक मंडल

(ए) निदेशक मंडल का संयोजन

❖ बैंक का गठन बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (समय-समय पर यथा-संशोधित), के अनुरूप किया गया है. सामान्य देखरेख, दिशानिर्देश एवं बैंक के व्यवसाय प्रबंधन के अधिकार निदेशक मंडल के पास निहित हैं, जिनकी अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की जाती

❖ बैंक के निदेशक मंडल का गठन बैंककारी विनियम, 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, यथा संशोधित एवं राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970, यथा संशोधित के द्वारा अधिशासित होता है.

❖ समीक्षाधीन वर्ष अर्थात 2016-17 के दौरान, निदेशक मंडल का संयोजन निम्नवत था:

क्र.	नाम	पद धारित	अवधि (से-तक)	दिनांक 31.03.2017 को बैंक के धारित इक्विटि शेयर की संख्या	विशेष%ाता का क्षेत्र	दिनांक 31.03.2017 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बोर्ड समिति की सदस्यता/ अध्यक्षता की		दिनांक 31.03.2017 को अन्य कंपनी की निदेशकता	क्या दि. 30 जून, 2016 को अंतिम एजीएम की बैठक में उपस्थिति थी
						सदस्य	अध्यक्ष		
1.	श्री राजीव ऋषि.	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	01.08.2013 से	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, बीआईजी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी, सीआई डब्ल्यूडी	एमसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी सीएससी, बीआईजी, सीएसी, एचआर, एमआरसी सीआरसी, सीआई डब्ल्यूडी	-इन्डो ज़ाम्बिया बैंक लि. -इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कं. लि. -भारतीय बैंक संघ -राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कम्पनी -एक्जिम बैंक -एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कोर्पोरेशन	जी हाँ
2.	श्री आर.के.गोयल	कार्यपालक निदेशक	11.01.2013 से 31.12.2016 तक	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलबीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी	निरंक	- सेन्ट बैंक होम फाइनैंस लि.	जी हाँ

क्र.	नाम	पद धारित	अवधि (से-तक)	दिनांक 31.03.2017 को बैंक के धारित इक्विटि शेयर की संख्या	विशेष%ाता का क्षेत्र	दिनांक 31.03.2017 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बोर्ड समिति की सदस्यता/ अध्यक्षता की		दिनांक 31.03.2017 को अन्य कंपनी की निदेशकता	क्या दि. 30 जून, 2016 को अंतिम एजीएम की बैठक में उपस्थिति थी
						सदस्य	अध्यक्ष		
3.	श्री बी.के. दिवाकर.	कार्यपालक निदेशक	23.01.2014 सेनिरंक	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, एसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी	निरंक	- सेन्ट बैंक होम फाइनैंस लि. - सेन्टबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि.	जी हाँ
4.	श्री आर.सी. लोढ़ा	कार्यपालक निदेशक	11.03.2015 से 28.02.2017 तक	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी	निरंक	- सेन्ट बैंक होम फाइनैंस लि.	जी हाँ
5.	श्री पी. रमण मूर्ती	कार्यपालक निदेशक	17.02.2017 से	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी	निरंक	निरंक	एजीएम की तारीख को निदेशक नहीं
6.	डॉ. सौरभ गर्ग	भारत सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक	19.02.2014 से	निरंक	वित्त एवं अर्थशास्त्र	एसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी आरसी, वीआईजी, एमआरसी, एचआर, नामांकन	आरसी नामांकन	निरंक	जी नहीं
7.	श्री शेखर भटनागर	भारिबैं द्वारा मनोनीत निदेशक	13.03.2014 से	निरंक	बैंकिंग एवं वित्त	एमसीबी, एसीबी, आरसी, वीआईजीनिरंक	निरंक	निरंक	जी नहीं
8.	श्री एस.बी.रोडे	अधिकारी कर्मचारी निदेशक	02.04.2013 से 01.04.2016 तक	133	बैंकर	एमसीबी, आरएमसी, एचआर	निरंक	निरंक	बैठक की तारीख को निदेशक नहीं थे
9.	श्री गुलबख्श कुमार जोशी	कर्मकार कर्मचारी निदेशक	10.07.2013 से 09.07.2016 तक	निरंक	बैंकर	एमसीबी, सीएससी, आईटीएस, आरएमसी, एलवीएफसी नामांकन, एचआर	निरंक	निरंक	जी नहीं

क्र.	नाम	पद धारित	अवधि (से-तक)	दिनांक 31.03.2017 को बैंक के धारित इक्विटि शेयर की संख्या	विशेष%ाता का क्षेत्र	दिनांक 31.03.2017 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बोर्ड समिति की सदस्यता/ अध्यक्षता की		दिनांक 31.03.2017 को अन्य कंपनी की निदेशकता	क्या दि. 30 जून, 2016 को अंतिम एजीएम की बैठक में उपस्थिति थी
						सदस्य	अध्यक्ष		
10.	श्रीमती एन.एस. रत्नप्रभा	अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक	19.12.2013 से 18.12.2016 तक	निरंक	समाज सेवा	एसीबी, आरएमसी, एसआरसी, सीएससी, आरसी, सीआईडब्ल्यूडी, एलवीएफसी, एमसी, नामांकन	एसआरसी	निरंक	जी हाँ
11.	श्री एस. बंद्योपाध्याय	शेयर धारक द्वारा नामित निदेशक	दिनांक 01.07.15 से	100	प्रशासन	एसीबी आरएमसी आईटीसी एसआरसी, सीएससी, एमआरसी, एचआर	एससीआ, आईटी, एसीबी	एलआईसी पेंशन फंड	जी नहीं
12.	श्री के.आर पटेल	शेयर धारक द्वारा नामित निदेशक	दिनांक 01.07.2015 से	163	व्यावसायिक	एमसीबी एलवीएफसी आईटीसी एसआरसी सीआईडब्ल्यूडी आरएमसी एमआरसी सीएससी	निरंक	निरंक	जी नहीं
13.	श्री एन नित्यानंद	अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक	21.06.2016 सेनिरंक	निरंक	सनदी लेखाकार	एसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी एसआरसी सीएससी नामांकन	निरंक	निरंक	जी नहीं

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं कार्यपालक निदेशकगण बैंक के पूर्णकालिक निदेशक हैं.

एमसीबी	-	बोर्ड की प्रबंधन समिति
एसीबी	-	बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
आरएमसी	-	जोखिम प्रबंधन समिति
एलवीएफसी	-	उच्च मूल्य की धोखाधड़ी संबंधी समिति
सीएससी	-	ग्राहक सेवा समिति
आईटीएस	-	सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति
एसआरसी	-	स्टेकहोल्डर सम्बंध समिति
आरसी	-	पारिश्रमिक समिति
वीआईजी	-	सतर्कता समिति
सीएसी	-	ऋण अनुमोदन समिति
एचआर	-	मानव संसाधन समिति
एमआरसी	-	वसूली समिति की निगरानी
सीआरसी	-	पूंजी उगाही समिति
सीआईडब्ल्यूडी	-	इरादतन चूककर्ता की पहचान की समीक्षा के लिए बोर्ड की समिति
नामांकन	-	नामांकन समिति

नए निदेशकों का संक्षिप्त परिचय

1. श्री पी रमण मूर्ती, कार्यपालक निदेशक (जन्म तिथि 16.05.1964)

श्री पी रमण मूर्ती कृषि वि%ान में स्नातक एवं सीएआईबी हैं. आपने दिनांक 16.01.1989 को इलाहाबाद बैंक में कृषि फील्ड अधिकारी के रूप में कार्यग्रहण किया. दिनांक 17.02.2017 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यग्रहण करने के पूर्व आप वहाँ दिनांक 10.05.2014 को महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत हुए एवं दिनांक 19.05.2014 से फील्ड महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे.

श्री मूर्ती ने कई प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे केलॉग्स स्कूल ऑफ मेंजमेंट, शिकागो, यूएसए से लीडरशीप फॉर कॉर्पोरेट एक्सलेंस एवं आईआईएम, कोलकाता से लीडरशीप एक्सलेंस में भाग लिया है.

2. श्री एन नित्यानंद, अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक (जन्म तिथि 20.05.1955)

श्री नित्यानंद, वाणिज्य में स्नातक, डी.बी.ए., एल.एल.बी., एफ.सी.ए. एवं व्यवसाय प्रशासन के स्नाकोत्तर डिपलोमा में गोल्ड मेडेलिस्ट हैं.

श्री नित्यानंद पिछले 3 दशकों से अपने ग्राहकों, सरकार एवं अर्थव्यवस्था की मूल्य संवर्धित सेवाएं दे रहे व्यावसायिक सनदी लेखाकार हैं. आप लगभग 16 वर्षो से दक्षिण भारत स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर कर्नाटक का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं (किसी कन्नाडिगा द्वारा सबसे अधिक). आपने अंतर्राष्ट्रीय लेखाकार परिसंध (आईएफएसी), न्यूयार्क, यूएसए, जो विश्व में लेखा एवं लेखा परीक्षा की सबसे उच्च संस्था है एवं दक्षिण एशिया लेखाकार परिसंघ (सार्क की सदस्य संस्था) करांची, पाकिस्तान में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है तथा 'कोर्पोरेट गवर्नेंस' पर मेगा अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन के अध्यक्ष रहे हैं. आपने आर्थिक मामलों की समिति के सलाहाकार, कर्नाटक चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) परिसंघ की केन्द्रीय कर समिति के अध्यक्ष एवं सह-सलाहाकार सहित राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेड, कॉमर्स एवं इंडस्ट्री में सेवाएं दी है. आपने कर्नाटक सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए), भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों में भी सेवाएं दी हैं.

अन्य निदेशकों के विवरण

1. श्री राजीव ऋषि, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (जन्म-तिथि 30.08.1959)

श्री राजीव ऋषि, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से विधि स्नातक हैं तथा वे विश्वविद्यालय के रैंक होल्डर, राष्ट्रीय मेरिट स्कॉलर रहे हैं. आप स्पोर्ट्स खेल से जुड़े व्यक्ति है और टेबल टेनिस में अपने कॉलेज का तथा राष्ट्रीय रौलर स्केटिंग प्रतियोगिता में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं.

बैंक में दिनांक 01.08.2013 से सीएमडी के रूप में अपनी वर्तमान नियुक्ति से पूर्व आप इंडियन बैंक में कार्यपालक निदेशक थे, और यह उत्तरदायित्व, वे अक्तूबर 2010 से वहन कर रहे थे.

आपने अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत दिनांक 12.05.1979 को ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में की एवं 3 दशकों तक उन्होंने विभिन्न पदों एवं स्थानों पर कार्य किया. आपको शाखाओं एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्य करने का 25 वर्षो का वृहद अनुभव है. आप वर्ष 2005 से 2010 तक मानव संसाधन, तृतीय पक्ष उत्पाद विपणन एवं बोर्ड सचिवालय में महाप्रबंधक रहे. ग्लोबल ट्रस्ट बैंक के ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में विलय पर आपने मानव संसाधन समन्वयन का कार्य अत्यंत सफलतापूर्वक संपादित किया.आप आईबीए की एचआर पर स्थायी समिति के सदस्य हैं.

2. श्री आर.के.गोयल, कार्यपालक निदेशक (जन्म-तिथि 01.01.1957)

श्री राज कुमार गोयल ने दिनांक 12 मई, 1977 को बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) में कार्यग्रहण किया. आप एक करियर बैंकर और सम्पूर्ण रूप से व्यावसायिक बैंकर हैं. आपने पिछले 37 वर्षो के दौरान विभिन्न पदों पर कार्य किया है. आपके विभिन्न पोर्टफोलियो में सामान्य परिचालन, ऋण, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग एवं मानव संसाधन विभाग शामिल है. आपने ऋण, विशेषतौर पर बड़े ऋण में बहुत ही सक्रियता से कार्य किया और सफलतापूर्वक बैंक ऑफ इंडिया की तीन बड़ी कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखाओं के प्रभारी रहे. आपके कार्यकाल में बैंक ऑफ इंडिया की लंदन शाखा के 4 वर्ष शामिल है. आपने ऋण समूहन एवं निवेश सहित विभिन्न महत्त्वपूर्ण पोर्टफोलियो में सफलतापूर्वक कार्य किया. आपको प्रशासकीय क्षमता के लिए जाना जाता है और आप सदैव टीम वर्क में विश्वास रखते हैं. श्री गोयल ने पदोन्नत होकर दिनांक 11 जनवरी, 2013 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यग्रहण किया.

दिनांक 31 जनवरी, 2017 को आप अधिवार्शिता पर सेवानिवृत्त हुए.

3. श्री बी.के. दिवाकर, कार्यपालक निदेशक (जन्म-तिथि 17.07.1960)

श्री दिवाकर, सनदी लेखाकार, लागत लेखाकार एवं कंपनी सचिव है. आपने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1986 में कॉर्पोरेशन बैंक में कंपनी सचिव के रूप में की. आप वर्ष 1997 में मुख्य प्रबंधक, वर्ष 2000 में सहायक महाप्रबंधक, वर्ष 2007 में उपमहाप्रबंधक तथा वर्ष 2010 में महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत हुए. आप दिनांक 23.01.2014 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के पद पर नियुक्त हुए. आपने कॉर्पोरेट स्वीकृतियां मुद्रण एवं लेखन सामग्री, राजभाषा नीति कार्यान्वयन, सहायक सेवाएं, एटीएम प्रबंधन, क्रेडिट रेटिंग, शुल्क आय, सीडीआर, ऋण समूहन आदि जैसे विभिन्न पोर्टफोलियो में कार्य करने के साथ आंचलिक प्रधान के रूप में भी कार्य किया है.

4. श्री आर.सी. लोढ़ा, कार्यपालक निदेशक (जन्म-तिथि 14.02.1957)

श्री आर.सी. लोढ़ा, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में दिनांक 11.03.2015 को कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नति से पूर्व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे. आप ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्रधान कार्यालय, गुड़गांव में मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति पर थे.

आपकी बैंकिंग यात्रा, प्रत्येक बैंकिंग विभाग के बहुआयामी अनुभव से समृद्ध हुई है. आपने पूरे देश के विभिन्न स्थानों पर कार्य किया है और इस तरह से आप ग्रामीण, अर्ध-शहरी, शहरी एवं महानगरीय शाखाओं के प्रभारी रहे हैं. आप क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली के प्रभारी रहे हैं और आपने पुणे एवं दिल्ली अंचलों में फील्ड महाप्रबंधक के पद पर सफलतापूर्वक कार्य किया है. आपको यूनियन बैंक के केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई के एमडीओ में बोर्ड सेक्रेटरी के पद पर कार्य करने का भी अवसर भी प्राप्त हुआ है.

आपको कई आंतरिक पुरस्कारों से नवाजा गया है, इनमें वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में बड़ौदा एवं अहमदाबाद की शाखाओं में समग्र कार्यनिष्पादन के लिए, आपको दो बार 'सुपर अचीवर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है. आपको तीन बार चेयरमेन क्लब का सदस्य बनने का भी विशेष अवसर प्राप्त हुआ है.

बैंक के बाहर भी आपको अन्य पुरस्कारों के अलावा, इंडियन बैंकस् असोसिएशन, मुंबई से सी.एच. भाभा रिसर्च एवं स्कॉलरशिप अवार्ड 2000-2001 प्राप्त हुआ है.

आप दिनांक 28 फरवरी 2017 को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए.

5. डॉ सौरभ गर्ग, सरकार मनोनीत निदेशक- (जन्म-तिथि 28.07.1964)

डॉ. सौरभ गर्ग एक प्रतिष्ठित विद्वान है. आपने आईआईटी दिल्ली से केमिकल इंजिनीयरिंग-बायो टेक्नॉलॉजी में बी.टेक. डिग्री प्राप्त की है. आपने आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए(वित्त प्रबंधन) किया है. आपको लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस, लंदन, यूके से वैश्वीकरण एवं शहरी विकास में प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है. आपने पॉल निजे स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, हॉपकिंस यूनिवर्सिटी, वाशिंगटन, यूएसए से पीएचडी की है.

डॉ गर्ग ओडिसा से 1991 कैडर के आईएएस हैं. ओडिसा राज्य कैडर में कार्य करने के उपरांत, आपने अप्रैल 2002 में भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामले विभाग के उप सचिव की नियुक्ति पाई. अपने राज्य कैडर के कार्यकाल के दौरान वर्ष 1993-96 की अवधि में आपने विभिन्न महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो जैसे परियोजना निदेशक, डीआरडीए, कालाहांडी एवं परियोजना निदेशक, ऊर्जा विभाग में कार्य किया है. आप वर्ष 1996-98 के दौरान आईडीसीओएल, सीमेंट लिमिटेड के एमडी रह चुके हैं. आपने बरगढ़ एवं केयोंझर जिले के जिलाधीश एवं वाटरशेड विकास विभाग के निदेशक के पद पर भी कार्य किया है. आप दिनांक 04.05.2012 से संयुक्त सचिव व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के पद पर कार्य कर रहे हैं.

डॉ गर्ग को प्राप्त पुरस्कारों का विवरण :

1988 - शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु स्वर्ण पदक

1993 - 1991 के आईएएस बैच में सर्वश्रेष्ठ आल राउंड परिवीक्षार्थी

उनके प्रकाशनों का विवरण :-

2000 (लोक प्रशासन)

सरकारी वितरण प्रणाली 2010 (वित्त) के माध्यम से सेवाओं में सुधार हेतु कुछ दखल एवं अनुभव

भारत की बुनियादी संरचना संबंधी दूरदर्शिता - वित्तपोषण की चुनौतियां

6. श्री शेखर भटनागर, आरबीआई मनोनीत निदेशक (जन्म-तिथि 17.07.1958)

श्री भटनागर, बी.एस.सी., एम.ए. (लखनऊ विश्वविद्यालय) एवं एफ.एम.एस., नई दिल्ली से एमबीए (वित्त) हैं. आपने वर्ष 1984 में भारतीय रिज़र्व बैंक में एक अधिकारी (ग्रेड 'बी') के पद पर कार्यग्रहण किया एवं आरबीआई के मुद्रा प्रबंधन, बैंकिंग, बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग एवं गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग जैसे विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है. उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक, कानपुर, उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय निदेशक के रूप में भी कार्य किया था. वर्तमान में आप भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय,मुम्बई, में मुख्य महाप्रबंधक - विदेशी विनिमय विभाग,के रूप में कार्यरत है.

7. श्री एस.बी. रोडे, अधिकारी-कर्मचारी निदेशक (जन्म- तिथि 15.03.1957)

श्री रोडे, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उप-धारा 3 के खंड (एफ) के अंतर्गत अधिसूचना की तारीख (02.04.2013) से 3 वर्षों की अवधि के लिए अथवा बैंक के अधिकारी-कर्मचारी के पद से पदभार से मुक्त होने तक कर्मचारी-अधिकारी निदेशक के पद पर भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए गए है.

8. श्री गुरुबख्श कुमार जोशी, कर्मकार कर्मचारी निदेशक (जन्म-तिथि 10.07.1958)

श्री जोशी, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उपधारा 3 के खंड (ई) के अंतर्गत अधिसूचना की तारीख (10.07.2013) से 3 वर्षों की अवधि के लिए अथवा बैंक के कर्मकार कर्मचारी के पद भार से मुक्त होने तक वर्कमैन कर्मचारी निदेशक के पद पर भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए गए है.

श्री जाशी ने दिनांक 27.01.1981 को बैंक में कार्यग्रहण किया तथा वे ऑल इंडिया सेन्ट्रल बैंक फैडरेशन के उपाध्यक्ष रहे हैं.

9. श्रीमती एन.एस. रत्नप्रभा (जन्म-तिथि 19.07.1962)

श्रीमती रत्नप्रभा एक प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता एवं एआईसीसी की सदस्या हैं. आप केपीसीसी की महासचिव भी हैं. आप कर्नाटक राज्य सरकार के उपक्रम - कर्नाटक हस्तशिल्प विकास निगम लि. की अध्यक्षा भी रह चुकी हैं.

आप सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से संलग्न हैं. आपके सार्वजनिक कल्याण के कार्यों में नेत्र दान कैम्पों का आयोजन, रक्त दान कैम्पों का आयोजन, परिवान नियोजन कैम्पों का आयोजन, सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन, महिलाओं के लिए विभिन्न विधिक जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन शामिल है.

10. श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय , शेयर धारक निदेशक (जन्म तिथि 17.01.58)

श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय कोलकाता विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में वि%ाान स्नातक एवं भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के असोशिस्ट सदस्य हैं.

उन्होंने वर्ष 1985में भारतीय जीवन बीमा निगम में सीधे अधिकारी का पद ग्रहण किया एवं उन्होंने अपने 30 वर्षों के कार्यकाल में ट्रेजरी, नियत आय एवं कॉर्पोरेट बॉन्ड निवेश, इक्विटि बाजार निवेश एवं बैक ऑफिस इत्यादि विभिन्न पोर्टफोलियो / उत्तरदायित्व का निर्वहन किया. उन्होंने जून 2014 से एलआईसी पेंशन निधि लि. के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का प्रभार लिया. वे इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फायनेन्शियल सर्विसेज लि.के निदेशक मंडल में भी हैं.

11. श्री केतुल आर. पटेल, शेयर धारकद्वारा नामित निदेशक (जन्म तिथि 10.08.74)

श्री केतुल पटेल गुजरात विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं विधि के स्नातक एवं भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के सदस्य हैं. वे भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान से सूचना प्रणाली के डिप्लोमा धारक भी हैं.

श्री पटेल वर्तमान में 47 वर्ष पुरानी लेखा एवं परामर्शी फर्म आर.एस.पटेल एवं कंपनी के प्रबंध भागीदार हैं.

वे गुजरात के सबसे बड़े बहु राज्य अनुसूचित सहकारी बैंक के निदेशक मंडल में व्यावसायिक निदेशक थे. वे 1999- 2001तक सनदी लेखाकार संस्था, अहमदाबार (सीएए)के सचिव थे. वे दो वर्षों के लिए गुजरात चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की बैंकिंग, वित्त एवं बीमा समिति के सदस्य भी थे.

बोर्ड बैठकों का आयोजन

वर्ष के दौरान, बोर्ड की 17 बैठकें निम्नलिखित तारीखों को आयोजित की गई:

13.04.2016	13.05.2016	27.05.2016	16.07.2016	12.08.2016
23.09.2016	16.10.2016	17.10.2016	27.10.2016	04.11.2016
15.11.2016	28.11.2016	21.12.2016	23.01.2017	04.02.2017
23.02.2017	28.03.2017			

बोर्ड की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण :

निदेशकों के नाम	दर्ज उपस्थिति	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि(से-तक)
श्री राजीव ऋषि	17	17	01.04.2016-31.03.2017
श्री आर.के.गोयल	13	14	01.04.2016-31.12.2016
श्री बी.के.दिवाकर	17	17	01.04.2016-31.03.2017
श्री आर.सी. लोढ़ा	17	17	01.04.2016-28.02.2017
श्री पी. आर. मूर्ती	2	2	17.02.2017-31.03.2017
डॉ. सौरभ गर्ग	10	17	01.04.2016-31.03.2017
श्री शेखर भटनागर	14	17	01.04.2016-31.03.2017
श्री गुरबख्श कुमार जोशी	3	3	01.04.2016-09.07.2016
श्रीमती एन.एस.रत्नप्रभा	13	13	01.04.2016-18.12.2016
श्री एस. बंद्योपाध्याय	14	17	01.04.2016-31.03.2017
श्री केतुल पटेल	15	17	01.04.2016-31.03.2017
श्री एन. नित्यानंद	13	14	21.06.2016-31.03.2017

3. बोर्ड की उप-समिति

i) **निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति:**

❖ निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति का गठन राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 सहपठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के अनुसार किया गया है एवं यह बोर्ड में निहित वित्तीय स्वीकृतियां, समझौते/बट्टे खाते डालने संबंधी प्रस्ताव एवं वाद दायर/ अपील इत्यादि संबंधी शक्तियों का प्रयोग करती है, दिनांक 31.03.2017 को इस समिति में 8 सदस्य थे, जिनमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, 3 कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक के मनोनीत निदेशक एवं 3 अन्य निदेशक, जिनमें 1 शेयर धारक द्वारा नामित निदेशक, कर्मकार कर्मचारी निदेशक तथा 1 अधिकारी कर्मचारी निदेशक शामिल हैं. अंशकालीन/कर्मकार निदेशकों का प्रत्येक छ: माह में आवर्तन किया जाता है. तथापि, दिनांक 31.03.2017 को 1 कार्यपालक निदेशक, 1 कर्मकार कर्मचारी निदेशक एवं 1 अधिकारी कर्मचारी निदेशक का पद रिक्त है.

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति की 14 बैठकें आयोजित की गई.

13.04.2016	13.05.2016	24.06.2016	16.07.2016	24.08.2016
23.09.2016	18.10.2016	28.11.2016	21.12.2016	23.01.2017
04.02.2017	23.02.2017	18.03.2017	27.03.2017	

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार है:

निदेशकों के नाम	उपस्थिति अभिलेख	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	प्रबंधन समिति की अवधि (से-तक)
श्री राजीव ऋषि	14	14	01.04.2016 - 31.03.2017
श्री आर.के.गोयल	9	9	01.04.2016 - 31.12.2016
श्री बी.के.दिवाकर	14	14	01.04.2016 - 31.03.2017
श्री आर.सी. लोढ़ा	12	12	01.04.2016 - 28.02.2017
श्री पी. आर. मूर्ती	3	3	17.02.2017 - 31.03.2017
श्री शेखर भटनागर	14	14	01.04.2016 - 31.03.2017
श्रीमती एन.एस.रत्नप्रभा	5	5	01.04.2016 - 18.12.2016
श्री गुरबख्श कुमार जोशी	3	3	01.04.2016 - 09.07.2016
श्री के.आर. पटेल	13	14	01.04.2016 - 31.03.2017

ii) ऋण अनुमोदन समिति:

❖ राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना,1970 के खंड 13ए के अनुसार, दिनांक 31.01.2012 को निदेशक मण्डल की ऋण अनुमोदन समिति का गठन किया गया है. ₹ 400 करोड़ तक के ऋण प्रस्ताव, ₹10 करोड़ तक के समझौता/बट्टे खाते, ₹15 लाख तक के प्रतिवर्ष (ग्रामीण क्षेत्र), ₹ 25 लाख तक के प्रतिवर्ष (अर्धशहरी क्षेत्र), ₹50लाख तक के प्रतिवर्ष (शहरी क्षेत्र) एवं ₹1करोड़ तक के प्रतिवर्ष (मेट्रो क्षेत्र) के परिसर प्रस्ताव संबंधी बोर्ड में निहित शक्तियों का प्रयोग करती है. वर्तमान समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक एवं प्रभारी महाप्रबंधक जोखिम प्रबंधन,ऋण, ऋण निगरानी एवं वसूली शामिल हैं.

❖ वर्ष के दौरान ऋण अनुमोदन समिति की 21 बैठकें आयोजित की गई.

26.04.2016	19.05.2016	02.06.2016	17.06.2016	30.06.2016
21.07.2016	30.07.2016	26.08.2016	12.09.2016	22.09.2016
13.10.2016	26.10.2016	10.11.2016	25.11.2016	15.12.2016
27.12.2016	17.01.2017	31.01.2017	14.02.2017	10.03.2017
31.03.2017				

iii) **बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति**

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति(एसीबी) का गठन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, निदेशक मंडल द्वारा किया गया है. एसीबी दिशानिर्देश देने के साथ-साथ बैंक में आंतरिक लेखा परीक्षा और निरीक्षण के संगठन, परिचालन पद्धति तथा गुणवत्ता नियंत्रण और बैंक की सांविधिक/बाह्य लेखा परीक्षा तथा भारतीय रिजर्व बैंक के निरीक्षणों की अनुवर्ती कार्रवाई सहित बैंक के समग्र लेखा कार्य के परिचालनों का पर्यवेक्षण करती है.

लेखा परीक्षा समिति के संदर्भ बिंदु निम्नानुसार हैं:

❖ अंतर-शाखा समायोजन खातों, अंतर-बैंक एवं नॉस्ट्रो खातों में लंबे समय से बकाया पुरानी प्रविष्टियों, बही संतुलन का पुराना बकाया कार्य, धोखाधड़ी एवं हाउसकीपिंग के अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए बैंक की आंतरिक लेखा परीक्षा, आंतरिक निरीक्षण/लेखा परीक्षा की समीक्षा;

❖ भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशानुसार, बैंक में नियुक्त अनुपालन अधिकारी से अर्द्ध-वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करना तथा उनकी समीक्षा करना;

❖ बोर्ड को प्रस्तुत करने के पूर्व लेखा-परीक्षकों के अवलोकनों सहित स्वतंत्र लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र की समीक्षा और तिमाही, अर्द्ध-वार्षिक एवं वार्षिक

वित्तीय रिपोर्टों की समीक्षा करना;

- तिमाही/अर्द्ध-वार्षिक/वार्षिक वित्तीय खातों और रिपोर्टों को अंतिम रूप देने के पूर्व सांविधिक लेखा परीक्षा के संबंध में, लांग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गये समस्त मुद्दों एवं बाह्य लेखा परीक्षकों से चर्चा करते हुए अनुवर्ती कार्रवाई करना;
- लेखों, लेखांकन नीतियों एवं प्रकटीकरणों की नियमित समीक्षा;
- प्रबंधतंत्र के निर्णय की कार्रवाई पर आधारित प्रमुख प्रविष्टियों की समीक्षा एवं लेखा-परीक्षा से उत्पन्न महत्वपूर्ण समायोजनों की समीक्षा करना;
- मसौदा लेखा-परीक्षा रिपोर्ट में कमियां;
- लेखा परीक्षा के पश्चात किसी महत्वपूर्ण ध्यान देने योग्य क्षेत्र का पता लगाने के लिये लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा करना;
- आंतरिक लेखा-परीक्षा के कार्यक्षेत्र आवश्यकता और बारंबारता निश्चित करना, आंतरिक लेखा परीक्षकों के निष्कर्षों की समीक्षा और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता सुनिश्चित करना;
- जहां तक लागू हो, वित्तीय विवरणों के संबंध में लागू स्टॉक एक्सचेंज की विधिक आवश्यकताओं का अनुपालन;
- सांविधिक, अनुबंधित अथवा विनियामकों की समय-समय पर वांछित अन्य सभी मामलों से संबंधित अपेक्षाएं पूरी करने के कार्य को लेखा परीक्षा समिति देखेगी;

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति में कार्यपालक निदेशकगण, भारत सरकार के नामित निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक एवं दो गैर सरकारी गैर-कार्यपालक निदेशक, जिनमें से कम से कम एक सनदी लेखाकार होना चाहिये, शामिल होंगे. स्टाफ निदेशक एसीबी में शामिल नहीं किये जायेंगे.

दिनांक 31.03.2017 को लेखा परीक्षा समिति का संयोजन निम्नानुसार है:

1	श्री एस.बंद्योपाध्याय	अध्यक्ष
2	श्री बी.के.दिवाकर	सदस्य
3	डॉ. सौरभ गर्ग	सदस्य
4	श्री शेखर भटनागर	सदस्य
5	श्री एन. नित्यानंद	सदस्य

वर्ष के दौरान, लेखा परीक्षा समिति की 12 बैठकें आयोजित की गई.

13.05.2016	27.05.2016	16.07.2016	12.08.2016	23.09.2016	04.11.2016
15.11.2016	28.11..2016	23.01.2017	24.01.2017	04.02.2017	27.03.2017

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार रहा है:

निदेशकों के नाम	**उपस्थिति अभिलेख**	**कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें**	**लेखा परीक्षा समिति की अवधि (से - तक)**
श्री एस.बंद्योपाध्याय	11	12	01.04.2016-31.03.2017
श्री बी.के.दिवाकर	12	12	01.04.2016-31.03.2017
डॉ. सौरभ गर्ग	7	12	01.04.2016-31.03.2017
श्री शेखर भटनागर	10	12	01.04.2016-31.03.2017
श्रीमती एन.एस. रत्नप्रभा	2	2	01.04.2016-18.12.2016
श्री एन. नित्यानंद	10	10	21.06.2016-31.03.2017

बैंक के गैर-लेखा परीक्षित तिमाही परिणाम और वर्ष के लेखा परीक्षित परिणामों की समीक्षा बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई तथा निदेशक मंडल के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गयी.

iv) जोखिम प्रबंधन समिति

भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र क्रं.डीबीओडी नं.डीपी(एससी)बीसी/98/21.04.103/39 दिनांक 7 अक्तूबर, 1999 एवं दिनांक 20.04.2002 को आयोजित बोर्ड बैठक की कार्यसूची सं. बीएम/01/2002-03/3.2 तथा दिनांक 25.11.2002 को आयोजित बोर्ड बैठक की कार्यसूची सं. बीएम/09/2002-03/3.9 के अनुसार बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है. समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशकगण, भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक, भारिबैं द्वारा नामित निदेशक एवं तीन गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक शामिल है. अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशकों का प्रत्येक एक वर्ष के पश्चात आवर्तन किया जाता है.

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति का उद्देश्य बैंक द्वारा सामना किए जा रहे कुल जोखिमों की गणना करना एवं जोखिमों के स्तर को निर्धारित करना जो बैंक के हित के लिए अच्छा हो तथा बैंक के परिचालनों से सृजित हो रहे जोखिमों की पहचान, निगरानी एवं पैमाना निर्धारित करने के लिए अन्य जोखिम प्रबंधन संस्थानों से समन्वय स्थापित करना.

वर्ष के दौरान, इस समिति की निम्नलिखित तारीखों को 4 बैठकें आयोजित की गई:

16.07.2016	23.09.2017	23.01.2017	23.02.2017

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार रहा है:

निदेशकों के नाम	उपस्थिति अभिलेख	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	लेखा परीक्षा समिति की अवधि(से - तक)
श्री राजीव ऋषि	4	4	01.04.2016-31.03.2017
श्री आर.के.गोयल	2	2	01.04.2016-31.12.2016
श्री बी.के.दिवाकर	4	4	01.04.2016-31.03.2017
श्री आर.सी. लोढ़ा	4	4	01.04.2016-28.02.2017
श्री पी. आर. मूर्ती	1	1	17.02.2017-31.03.2017
डॉ. सौरभ गर्ग	2	4	01.04.2016-31.03.2017
श्रीमती एन.एस.रत्नप्रभा	1	1	01.04.2016-18.12.2016
श्री एस. बंद्योपाध्याय	4	4	01.04.2016-31.03.2017
श्री के. आर. पटेल	4	4	01.04.2016-31.03.2017
श्री एन. नित्यानंद	2	2	21.06.2016-31.03.2017

v) पारिश्रमिक समिति एवं निदेशकों को पारिश्रमिक

- पूर्ण-कालिक निदेशकों को कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए, निदेशक मंडल की पारिश्रमिक समिति का गठन वित्त मंत्रालय के संप्रेषण एफ.नं.20.1.2005-बीओ-I दिनांक 09.03.2007 के अनुसार किया गया. इस समिति में भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक एवं 2 स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं. वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान, पूर्णकालिक निदेशकों को कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन देने पर विचार करने के लिए पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई है.
- गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशकों / गैर कार्यपालक निदेशकों को मण्डल की प्रत्येक बैठक में उपस्थित होने के लिए ₹ 20,000/- बैठक फीस एवं बोर्ड की

विभिन्न उप-समितियों की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए ₹ 10,000/- बैठक फीस का भुगतान किया जाता था. जो कि सामान्य यात्रा एवं विराम भत्ता व्यय के अलावा है. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशकगण एवं निदेशकगणों, जो भारत सरकार / भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी हैं, को बैठक फीस का भुगतान नहीं किया जाता है

❖ वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक और कार्यपालक निदेशकों को वेतन, भत्ते एवं परिलब्धियों के रूप में कुल निम्नलिखित राशि का भुगतान किया गया है:

क्र.सं	नाम	₹ लाख में
1.	श्री राजीव ऋषि,अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेश	28.70
2.	श्री राज कुमार गोयल,कार्यपालक निदेशक	38.94
3.	श्री बी. के. दिवाकर,कार्यपालक निदेशक	23.11
4.	श्री आर. सी. लोढ़ा,कार्यपालक निदेशक	39.54
5.	श्री पी. आर. मूर्ती, कार्यपालक निदेशक	2.58

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बैंक ने पात्र निदेशकों को बोर्ड की बैठकों में उपस्थित रहने के लिए ₹ 10,00,000/- (रुपये दस लाख मात्र) तथा बोर्ड की उप-समिति की बैठकों में उपस्थित रहने के लिए ₹ 14,50,000/- (रुपये चौदह लाख पचास हजार मात्र) के बैठक शुल्क का भुगतान किया.

vi) नामांकन समिति:

भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र क्रं. डीबीओडी नं.बीसी.नं.46 एवं 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 1 नवम्बर, 2007 के साथ पठित डीबीओडी नं. बीसीनं.95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 के शर्तों के अनुसार, बोर्ड की पात्रता अर्थात (i) शैक्षिक योग्यता, (ii) अनुभव एवं विशेष%ाता का क्षेत्र एवं (iii) ट्रेक रिकॉर्ड और ईमानदारी, के आधार पर अधिनियम (अर्थात शेयरधारक निदेशक) की धारा 9(3)(i) के अंतर्गत वर्तमान निर्वाचित निदेशक(कों)/ऐसे व्यक्ति जो निदेशक नियुक्त होने वाले है, की 'फिट एवं प्रोपर' स्थिति को निर्धारित करने के लिए समुचित सावधानी की प्रक्रिया को करने के लिए बैंक की नामांकन समिति का गठन किया गया है.

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान, शेयर धारक निदेशक - श्री एस. बंद्योपाध्याय एवं श्री केतुल आर. पटेल के फिट एवं प्रोपर मानदंडों को निर्धारित करने के लिए दिनांक 16.07.2016 को नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई थी एवं समिति के अनुसार श्री एस. बंद्योपाध्याय एवं श्री केतुल आर. पटेल फिट एवं प्रोपर स्थिति में हैं, जो तीन वर्ष अर्थात 1 जुलाई 2015 से 30 जून 2018 तक की अवधि के लिए बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1070 की धारा 9(3)(i) के अंतर्गत शेयर धारक निदेशकों के रूप में निर्वाचित किए गए हैं.

vii) शेयरधारकों की संबंध समिति

सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के साथ पठित शेयर बाजार के सूचीकरण करार के अनुपालन में, स्टेकधारकों की संबंध समिति का गठन विशेष तौर पर शेयर धारकों, लाभांश धारकों एवं अन्य प्रतिभूति धारकों की शिकायतों सहित शेयर्स के अंतरण संबंधित, वार्षिक रिपोर्ट की प्राप्ति न होना, लाभांश की प्राप्ति न होने इत्यादि से संबंधित शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों के निवारण की प्रणाली को देखने के लिये किया गया है. वर्ष के दौरान, निवेशकों से प्राप्त सभी संदर्भों/शिकायतों का उत्तर दिया जा चुका है/निपटान किया जा चुका है. सामान्यत: निवेशकों की शिकायतों पर कार्रवाई, सम्बद्ध जानकारी प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर कर ली जाती है. इस समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशकगण एवं दो स्वतंत्र निदेशक हैं.श्रीमती एन.एस.रत्नप्रभा वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान इस समिति की अध्यक्षा थी. दिनांक 18.12.2016 को उनकी अवधि की समाप्ति के पश्चात श्री एस. बद्योपाध्याय इस समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए थे. अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशकों का प्रत्येक वर्ष के पश्चात आवर्तन किया जाता है.

वर्ष के दौरान, इस समिति की निम्नलिखित तारीखों को 4 बैठकें आयोजित की गई:

13.04.2016	23.09.2016	21.12.2016	23.02.2017

समिति के सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार है :

निदेशकों के नाम	उपस्थिति अभिलेख	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	लेखा परीक्षा समिति की अवधि (से - तक)
श्रीमती एन.एस.रत्नप्रभा	2	4	01.04.2016-18.12.2016
श्री राजीव ऋषि	4	4	01.04.2016-31.03.2017
श्री आर.के. गोयल	3	3	01.04.2016-31.12.2016
श्री बी.के. दिवाकर	4	4	01.04.2016-31.03.2017
श्री आर.सी. लोढ़ा	4	4	01.04.2016-28.02.2017
श्री पी. आर. मूर्ती	1	1	17.02.2017-31.03.2017
श्री एस.बंद्योपाध्याय	4	4	01.04.2016-31.03.2017
श्रीमती एन.एस.रत्नप्रभा	2	2	01.04.2016-18.12.2016
श्री के.आर.पटेल	4	4	01.04.2016-31.03.2017
श्री एन. नित्यानंद	2	2	21.06.2016-31.03.2017

वर्ष 2016-17 (दिनांक 01.04.201 से 31.03.2017 तक) के दौरान निवेशक शिकायत का विवरण निम्न प्रकार है:

1	वर्ष के प्रारंभ में लंबित शिकायतें	निरंक
2	अप्राप्त शेयर प्रमाणपत्र/अप्राप्त शेयर के पत्र	6
3	अप्राप्त लाभांश वारंट	169
4	अप्राप्त वार्षिक रिपोर्ट/ईजीएम सूचना	61
5	अप्राप्त धनवापसी आदेश	8
6	धनवापसी लिखत में सुधार	0
7	अन्य (एनएसई, बीएसई, सेबी)	2
8	प्राप्त कुल शिकायतें	246
9	निपटाई/ध्यान दी गई कुल शिकायतें	246
10	वर्ष के अंत में लंबित कुल शिकायतें	निरंक

हम पुष्टि करते हैं कि निवेशक की कोई भी शिकायत 30 दिन से अधिक अवधि हेतु बिना ध्यान दिए/लंबित नहीं रही है.

4. अनुपालन अधिकारी

श्री आनंद कुमार दास, सहायक महाप्रबंधक-एमबीडी/कंपनी सचिव,निर्गम बैंकर, मर्चेन्ट बैंकिंग एवं डिबेंचर ट्रस्टीशिप के अनुपालन अधिकारी के अलावा वे बैंक द्वारा जारी एवं स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों तथा अपरिवर्तनीय ऋण प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण, बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) के साथ किए गए इक्विटी सूचीकरण करार के अनुसार बैंक के अनुपालन अधिकारी हैं

5. सार्वजनिक निर्गमों, राइट निर्गमों, अधिमान निर्गमों इत्यादि से प्राप्तियां.

वर्ष के दौरान, बैंक ने भारत सरकार को दिनांक 8 सितम्बर, 2016 को अधिमानी आधार पर 12,38,06,796 इक्विटि शेयर्स का आबंटन करते हुए ₹1297 करोड़ (प्रीमियम सहित) की राशि जुटाई है. इसके अतिरिक्त बैंक ने दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 को अधिमानी आधार पर भारतीय जीवन बीमा निगम को

1,71,44,954 इक्विटी शेयर जारी एवं आबंटित कर ₹ 156.79 करोड़ की इक्विटी पूंजी की उगाही भी की है.

भारत सरकार द्वारा धारित प्रत्येक ₹ 10 लाख के अंकित मूल्य की 5830 नवोन्मेषी स्थायी कर्ज लिखत के उन्मूलन के द्वारा बैंक ने ₹ 583.00 करोड़ की इक्विटी पूंजी की उगाही की है एवं शेयर आवेदन राशि खाते में रखी है, शेयरों का आबंटन लम्बित है. इसके अतिरिक्त, दिनांक 31.03.2017 को बैंक ने भारत सरकार से ₹ 100.00 करोड़ की पूंजी निधि भी प्राप्त की है एवं इसे नये खोले गए खाते नाम - ''सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शेयर आवेदन राशि'' शेयरों का आबंटन लंबित में रखा गया है.

दिनांक 7 मार्च, 2017 को बैंक ने बासल III के अनुपालित टियर II बॉन्ड जारी कर ₹ 500.00 करोड़ की भी उगाही की है.

पूंजी पर्याप्ता अनुपात को मजबूत करने एवं बैंक के दीर्घावधि संशाधनों को बढ़ावा देने के लिए, ये निधियां टियर I एवं टियर II को प्राथमिक रूप से बढ़ावा देने के लिए उगाही की है.

6. संप्रेषण के माध्यम :

तिमाही वित्तीय परिणाम (गैर-लेखापरीक्षित परंतु सांविधिक लेखापरीक्षकों की सीमित समीक्षा के अधीन) तथा लेखापरीक्षित वार्षिक परिणाम सामान्यतया इकॉनामिक टाइम्स, फाइनेंशियल एक्सप्रेस, बिजनेस स्टैण्डर्ड, पुढारी (मराठी), इत्यादि जैसे अंग्रेजी, हिंदी, मराठी एवं अनेक स्थानीय भाषा के विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए थे. इन परिणामों को बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर भी प्रदर्शित किया गया.

7. आचार संहिता

बैंक ने निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ प्रबंधतंत्र के लिए आचार संहिता अपनाई है. इसका पाठ बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है. समीक्षाधीन वर्ष के लिए, सभी निदेशकों एवं वरिष्ठ प्रबंधतंत्र द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की गई है और अनुपालन की पुष्टि का प्रमाणपत्र अनुलग्नक I में दिया गया है.

बैंक की प्रतिभूति में इनसाइड ट्रेडिंग रोकने के लिए, बैंक ने अपने निदेशकों एवं नामित कर्मचारियों के लिए आचार संहिता बनाई है.इसकी प्रतिलिपि बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in में ''इन्वेस्टर रिलेशन'' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है.

8. अन्य प्रकटीकरण

- बैंकिंग कारोबार के सामान्य व्यवहारों के अलावा, बैंक ने इसके प्रवर्तकों, निदेशकों अथवा प्रबंधतंत्र, उनकी सहायक कंपनियों अथवा रिश्तेदारों इत्यादि से ऐसा कोई लेनदेन नहीं किया है, जिससे कि बैंक के व्यापक हितों पर प्रतिकूलता संभावित हो. वर्ष के दौरान, बैंक और इसके गैर-कार्यपालक निदेशकों के बीच कोई आर्थिक संबंध अथवा संव्यवहार नहीं हुआ है.

- बैंक में यह सुस्थापित प्रथा है कि जिन निदेशक, जिनसे संबंधित या उनके रिश्तेदारों से संबंधित जब कोई मामला बोर्ड में चर्चाधीन होता है, तब वे बोर्ड एवं बोर्ड की उप-समितियों की चर्चा में भाग नहीं लेते हैं.वर्ष के दौरान, संबंधित पक्ष के साथ कोई भी महत्वपूर्ण लेन देन नहीं हुआ जिससे बैंक के हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव हो सकता था.

- बैंक ने पूंजी बाजार से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, स्टॉक एक्सचेंज या अन्य सांविधिक प्राधिकारी को लागू नियमों एवं विनियमों का अनुपालन किया है. समीक्षा वर्ष के दौरान, पूंजी बाजार से संबद्ध किसी भी मामले में, किसी भी स्टॉक एक्सचेंज, सेबी अथवा किसी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा बैंक पर कोई अर्थदंड अथवा प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई है.

- लोक हित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण संकल्प(पीआईडीपीआई) के अंतर्गत व्हिसल ब्लोअर शिकायतों पर बैंक केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है. ''सेन्ट विजिल'' नाम से बैंक का वेब आधारित पोर्टल भी है जो रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति की पहचान को बिना बताए जोकि केवल मुख्य सतर्कता अधिकारी को पता होगी, कर्मचारियों के अनाचार की रिपोर्टिंग को सुसाध्य बनाता है. जो अनाचार को नियंत्रित रखता है, धोखाधड़ी से बचाता है एवं कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाता है. ''सेन्ट विजिल'' निदेशकों के लिए भी उपलब्ध है.इसके अतिरिक्त निदेशक एवं कर्मचारी आवश्यकता के आधार पर लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को भी उनकी पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर मिल सकते हैं.वर्ष 2016-17 के दौरान इस संबंध में किसी भी व्यक्ति ने लेखापरीक्षा समिति से संपर्क नहीं किया. इसके अतिरिक्त यह भी अभिपुष्ट किया जाता है कि लेखापरीक्षा समिति ने किसी भी व्यक्ति को संपर्क करने से मना नहीं किया है.

- बैंक ने सूचीकरण करार के खंड 49 की अनुबद्ध आवश्यकताओं का, जहां तक खंड की आवश्यकताओं से, बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949, बैंकिंग

कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 एवं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, प्रावधानों, विनियमों का उल्लंघन नहीं होता है, अनुपालन किया है.

- ❖ प्रमुख अनुषंगियों के निर्धारण की नीति बैंक की वेबसाइट पर www.centralbankofindia.co.in में ''इन्वेस्टर रिलेशन लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है.
- ❖ संबंधित पार्टियों के साथ व्यवहार करने संबंधी नीति बैंक की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है.
- ❖ www.centralbankofindia.co.in में ''इन्वेस्टर रिलेशन'' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है.

9. विवेकसम्मत आवश्यकताएं (सेबी सूचीकरण विनियमन की अनुसूची II का भाग ई)

क्र.सं.	गैर-अनिवार्य	कार्यान्वयन की स्थिति
1.	गैर-कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष के कार्यालय का संस्था के खर्चे पर रखरखाव	लागू नहीं, चूंकि अध्यक्ष कार्यपालक है
2.	गत छह माह में महत्वपूर्ण घटनाओं के सार के साथ वित्तीय कार्यनिष्पादन की अर्द्धवार्षिक घोषणा शेयरधारकों को प्रेषित करना है.	बैंक ने दिनांक 30.09.2016 को समाप्त छ:माही के लिए एवं दिनांक 31.03.2017 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज भेजे हैं एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित किए हैं. इसके अतिरिक्त, बैंक की वेबसाइट पर भी वित्तीय परिणाम अपलोड किए थे.
3.	कंपनी गैर-सापेक्ष वित्तीय विवरणियों की व्यवस्था अपना सकती है.	बैंक के पास गैर- सापेक्ष वित्तीय विवरणियां हैं.
4.	अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के अलग अलग पद.	हमारा बैंक बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के अंतर्गत शासित है. अभी तक बैंक में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का एक पद है.
5.	आंतरिक लेखापरीक्षक की रिपोर्टिंग	आंतरिक लेखापरीक्षक बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के प्रति उत्तरदायी है.

10. सामान्य शेयरधारक सूचना

बैंक की 10वीं वार्षिक साधारण बैठक:

दिन एवं दिनांक : शुक्रवार, दिनांक 30 जून, 2017 को पूर्वान्ह 11.00 बजे चंदरमुखी, नरीमन पॉइन्ट, मुम्बई -400021 स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय का 9वां माला.

1. यह साधारण वार्षिक बैठक वित्तीय वर्ष 2016-17 से संबंधित है.
2. बही-बंदी की तारीख : दिनांक 27 जून, 2017 से 30 जून, 2017 (दोनों दिवस सहित)
3. वर्ष 2016-17 के लिए कोई लाभांश की अनुशंसा नहीं की गई है.

11. पिछले तीन वर्षों के दौरान साधारण सभा बैठक के आयोजन का विवरण निम्नलिखित है :

क्र.सं.	बैठक की प्रकृति	दिनांक एवं समय	स्थान
1.	नवीं वार्षिक साधारण बैठक	दिनांक 30 जून, 2016, पूर्वान्ह 11.00 बजे	9वां माला, चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुम्बई - 400021

2.	आठवीं वार्षिक साधारण बैठक	दिनांक 30 जून, 2015, पूर्वान्ह 11.00 बजे	सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर्स प्रशिक्षण महाविद्यालय, कूपर हॉस्पिटल/रिलायंस एनर्जी कार्यालय के पास, जेवीपीडी स्कीम, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई-400056
3.	सातवीं वार्षिक साधारण बैठक	दिनांक 30 जून, 2014, पूर्वान्ह 11.00 बजे	-----तदैव------

12. स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीकरण :

बैंक के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड एवं नैशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड, दोनों में सूचीबद्ध हैं. स्क्रिप कोड निम्नवत है:

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसई)	532885
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई)	CENTRALBK
आईएसआईएन नंबर	आईएनई 483A01010

दोनों स्टॉक एक्सचेंज को वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक सूचीकरण शुल्क अदा कर दिया गया है.

बैंक ने समय-समय पर वचन-पत्रों के रूप में गैर-परिवर्तनीय बॉण्ड (टियर-II पूंजी) जारी किए हैं. तत्संबंधी बकाया विवरण निम्नवत है:

दिनांक 31.03.2017 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बॉण्ड्स-टियर-II पूंजी की स्थिति:

सीरीज विवरण	जारी दिनांक	कुल मूल्य (₹करोड़ में)	आईएसआईएन
लोअर टियर II- सीरीज XII	03.03.2008	389.10	आईएनई483A09161
लोअर टियर II- सीरीज XIII	10.02.2009	270.00	आईएनई483A09187
लोअर टियर II- सीरीज XIV	21.12.2011	500.00	आईएनई483A09245
अपर टियर II- सीरीज I	14.11.2008	300.00	आईएनई483A09179
अपर टियर II- सीरीज II	17.02.2009	285.00	आईएनई483A09195
अपर टियर II- सीरीज III	23.06.2009	500.00	आईएनई483A09203
अपर टियर II- सीरीज IV	20.01.2010	500.00	आईएनई483A09211
अपर टियर II - सीरीज V	11.06.2010	1000.00	आईएनई483A09229
अपर टियर II - सीरीज VI	21.01.2011	300.00	आईएनई483A08015
बासल III अनुपालित क्र. I	08.11.2013	1000.00	आईएनई483A09260
बासल III अनुपालित क्र. II	07.03.2017	500.00	आईएनई483A09278
कुल		5544.10	

ये सभी बॉण्ड बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड में सूचीबद्ध किए गए हैं. बैंक ने वर्ष 2017-18 के लिए एक्सचेंज को वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान किया है.

बाजार मूल्य आंकड़े:

मासिक उच्च एवं न्यून भाव एवं एनएसई पर शेयरों के क्रय-विक्रय की प्रमात्रा (बैंक के शेयर मूल्य की एनएसई निफ्टी से तुलना सहित) निम्नवत है:

एनएसई					
माहअधिकतम मूल्य (₹)	अधिकतम मूल्य (₹)	न्यूनतम मूल्य (₹)	शेयर्स की संख्या	एनएसई निफ्टी	
				अधिकतम	न्यूनतम
अप्रैल, 2016	83.75	73.00	479474	7992.00	7516.85
मई, 2016	84.95	74.60	358181	8213.60	7678.35
जून, 2016	112.45	82.40	1230171	8308.15	7927.05
जुलाई, 2016	110.25	96.75	538498	8674.70	8287.55
अगस्त, 2016	112.00	85.60	1507881	8819.20	8518.15
सितम्बर, 2016	109.40	90.80	1162146	8968.70	8555.20
अक्तूबर, 2016	97.60	88.10	716222	8806.95	8506.15
नवम्बर, 2016	96.00	76.40	571318	8669.60	7916.40
दिसम्बर, 2016	89.55	81.50	278274	8274.95	7893.80
जनवरी, 2017	85.90	80.00	117950	8672.70	8133.80
फरवरी, 2017	93.30	83.10	351014	8982.15	8537.50
मार्च, 2017	107.20	85.90	1795729	9218.40	8860.10

मासिक उच्च एवं निम्न भाव एवं बीएसई पर शेयर्स के क्रय-विक्रय की प्रमात्रा (बैंक के शेयर मूल्य की सेंसेक्स से तुलना सहित) निम्नवत है:

बीएसई					
माहअधिकतम मूल्य (₹)	अधिकतम मूल्य (₹)	न्यूनतम मूल्य (₹)	शेयर्स की संख्या	सेंसेक्स	
				अधिकतम	न्यूनतम
अप्रैल, 2016	83.00	73.15	1150256	26100.54	24523.20
मई, 2016	83.00	73.10	788076	26837.20	25057.93
जून, 2016	112.00	82.30	6817779	27105.41	25911.33
जुलाई, 2016	110.00	96.55	3042562	28240.20	27034.14
अगस्त, 2016	111.95	88.00	6626347	28532.25	27627.97
सितम्बर, 2016	109.50	91.20	5591148	29077.28	27716.78
अक्तूबर, 2016	97.40	88.20	2902934	28477.65	27488.30
नवम्बर, 2016	95.60	76.35	2261586	28029.80	25717.93
दिसम्बर, 2016	89.00	81.45	785615	26803.76	25753.74
जनवरी, 2017	85.00	81.00	422608	27980.39	26447.06
फरवरी, 2017	93.05	83.15	994511	29065.31	27590.10
मार्च, 2017	108.50	85.75	39965264	29824.62	28716.21

13. शेयर अंतरण एवं शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों का निवारण:

शेयर अंतरण, धन-वापसी आदेश, लाभांश भुगतान एवं निवेशकों से संबंधित अन्य गतिविधियों पर कार्रवाई हमारे रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के कार्यालय में की जाती है. इनमें से किसी भी दस्तावेज को जमा करने और किसी भी पूछताछ/शिकायतों/कठिनाइयों के संबंध में शेयरधारकों एवं निवेशकों से निम्न पते पर संपर्क करने का अनुरोध है:

लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
सी-101, 247 पार्क

एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम)
मुंबई-400 083
टेली.: 022-49186000
फैक्स: 022-49186060
ई-मेल आईडी: rnt.helpdesk@.linkintime.co.in

बैंक से पत्राचार करने का पता:
सहायक महाप्रबंधक-एमबीडी/कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
9वीं मंजिल, चंदरमुखी
नरीमन पॉइंट
मुंबई-400 021
संपर्क नं. 022- 4918 6270
फैक्स : 022- 2283 5198
ई-मेलआईडी:agmcompsec@centralbank.co.in; investors@centrabank.co.in

14. शेयरधारिता का संवितरण

i) **दिनांक 31.03.2017 को शेयरधारिता का संवितरण**

शेयरधारिता का संवितरण (शेयर्स)				
शेयर्स की शेयरधारिता	**शेयरधारकों की संख्या**	**कुल का प्रतिशत**	**शेयर्स**	**कुल का प्रतिशत**
1-500	131148	94.13	14664026	0.77
501-1000	4911	3.52	3796541	0.20
1001-2000	1817	1.30	2710869	0.14
2001-3000	513	0.37	1300358	0.07
3001-4000	253	0.18	895312	0.05
4001-5000	156	0.12	732281	0.04
5001-10000	271	0.19	1988256	0.10
10001 and above	263	0.19	1876083321	98.63
कुल	139332	100.00	1902170964	100.00

ii) **''सार्वजनिक'' की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता, जिनकी शेयरधारिता कुल शेयर्स की संख्या के 1% से अधिक है**

''सार्वजनिक'' की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता, जिनकी शेयरधारिता कुल शेयर्स की संख्या के 1% से अधिक है, को दर्शाने वाला विवरण		
शेयरधारक का नाम	**शेयर्स की संख्या**	%
भारतीय जीवन बीमा निगम	263153380	13.83

iii) **''सार्वजनिक'' की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता, जिनकी शेयरधारिता कुल शेयर्स की संख्या के 5% से अधिक है**

''सार्वजनिक'' की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता, जिनकी शेयरधारिता कुल शेयर्स की संख्या के 5% से अधिक है, को दर्शाने वाला विवरण		
शेयरधारक का नाम	**शेयर्स की संख्या**	%
भारतीय जीवन बीमा निगम	263153380	13.83

iv) दिनांक 31.03.2017 को शेयरधारिता का स्वरूप

दिनांक 31.03.2017 को शेयरधारिता का स्वरूप						
शेयरधारकों की श्रेणी	**शेयर्स की संख्या**		**शेयरधारकों की संख्या**		**कुल शेयर्स**	**धारिताका %**
	डीमेट	**भौतिक**	**डीमेट**	**भौतिक**		
केन्द्र सरकार	1546139179	0	1	0	1546139179	81.28
क्लियरिंग मेम्बर	7274267	0	366	0	7274267	0.38
अन्य कॉर्पोरेट निकाय	41976455	90	723	1	41976545	2.21
निदेशकगण	263	0	2	0	263	0.00
वित्तीय संस्थाएं	263153380	0	1	0	263153380	13.83
विदेशी निवेशक संस्थाएं	2212512	0	2	0	2212512	0.12
सरकारी कम्पनियां	700	0	1	0	700	0.00
हिंदू अविभाजित परिवार	1252298	0	4027	0	1252298	0.07
राष्ट्रीयकृत बैंक	244876	0	4	0	244876	0.01
गैर-राष्ट्रीयकृत बैंक	144055	0	4	0	144055	0.01
अनिवासी भारतीय	438595	121600	701	1	560195	0.03
अनिवासी (अप्रत्यावर्तनीय)	137155	0	322	0	137155	0.01
सार्वजनिक	29547068	13950	133034	112	29561018	1.55
ट्रस्ट	106533	0	16	0	106533	0.01
जीआईसी एवं उसकी अनुषंगियां	6857218	0	4	0	6857218	0.36
विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (कॉर्पोरेट)	2550770	0	10	0	2550770	0.13
कुल	**1902035324**	**135640**	**139218**	**114**	**1902170964**	**100.00**

v) लॉक-इन शेयर्स के ब्यौरे दर्शाता विवरण

क्र.सं.	**शेयरधारकों के नाम**	**लॉक-इन शेयर्स की संख्या**	**कुल शेयर्स के प्रतिशत के रूप में लॉक-इन शेयर्स (अर्थात (ए)+(बी)+(सी) का योग**
1	भारत के राष्ट्रपति	349179854	22.58
	भारतीय जीवन बीमा निगम	48586042	18.46
	कुल	397765896	20.91

vi) डिपॉजिटरी रसीद (डीआर) के ब्यौरे दर्शाता हुआ विवरण

क्र.सं.	**बकाया डीआर (एडीआर, जीडीआर, एसडीआर आदि) के प्रकार**	**बकाया डीआर की संख्या**	**बकाया डीआर के विचाराधीन शेयर्स की संख्या**	**कुल शेयर्स (अर्थात (ए)+(बी)+(सी) के कुल योग) के प्रतिशत के रूप में विचाराधीन बकाया डीआर**
	निरंक	निरंक	निरंक	निरंक

vii) डिपॉजिटरी रसीद (डीआर) के ब्यौरे दर्शाता हुआ विवरण, जहां विचाराधीन शेयर्स, कुल शेयर्स के 1% से अधिक है.

क्र.सं.	डीआर धारक का नाम	बकाया डीआर (एडीआर, जीडीआर, एसडीआर इत्यादि) के प्रकार	विचाराधीन बकाया डीआर शेयर्स की संख्या	कुल शेयर्स (अर्थात (ए)+(बी)+(सी) के कुल योग) के प्रतिशत के रूप में विचाराधीन बकाया डीआर
	निरंक	निरंक	निरंक	निरंक

viii) शेयर्स का डिमेटरियलाइजेशन

बैंक के शेयर्स का क्रय-विक्रय अनिवार्यत: डीमेट रूप में किया जाता है, बैंक ने पहले से ही शेयर्स के डीमेटरियलाइजेशन के लिए दोनों डिपॉजिटरी नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपॉजिटरीज़ लिमिटेड (एनएसडीएल) एवं सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ करार किया है.

दिनांक 31.03.2017 को शेयरधारकों द्वारा डीमेट एवं भौतिक स्वरूप में धारित शेयर्स के विवरण निम्नानुसार है :

	शेयरधारकों की संख्या	शेयर्स की संख्या	धारिता का %
भौतिक स्वरूप में	114	135640	0.01
एनएसडीएल	88403	329322715	17.31
सीडीएसएलङ	50815	1572712609	82.68
कुल	139332	1902170964	100.00

*केन्द्र सरकार द्वारा डीमेट रूप से धारित 1546139179 (81.28%) सहित.

कोई भी जीडीआर/एडीआर/वारण्ट अथवा परिवर्तनीय लिखत बकाया नहीं है.

ix) अदावाकृत उचंत खातों में शेयर्स:

सूचीकरण करार के खण्ड 5ए की शर्तों के अनुसार, दिनांक 31 मार्च, 2017 को ''अदावाकृत उचंत खाता'' में बकाया शेयर्स निम्नवत हैं :

क्र.सं.	विवरण शेयरधारकों की समग्र संख्या	शेयरधारकों की समग्र संख्या	समग्र बकाया शेयर्स
(i)	वर्ष के प्रारंभ में अदावाकृत उचंत खाता में समग्र शेयरधारकों की संख्या एवं बकाया शेयर्स	240	33,219
(ii)	वर्ष के दौरान, शेयरधारकों की संख्या, जिन्होंने अदावाकृत उचंत खातों से शेयर्स के अंतरण के लिए जारीकर्ता से संपर्क किया.	6	366
(iii)	वर्ष के दौरान, शेयरधारकों की संख्या, जिन्हें अदावाकृत उचंत खातों से शेयर अंतरित किए गए.	6	366
(iv)	वर्ष के अंत में अदावाकृत उचंत खातों में बकाया कुल शेयरधारकों एवं शेयर्स की संख्या.	234	32,853

कॉर्पोरेट गवर्नेंस के अनिवार्य अनुबंधों के अनुपालन का प्रमाणपत्र

स्टॉक एक्सचेंज के साथ किए गए सूचीकरण करार की शर्तों, सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट गवर्नेंस के अनिवार्य अनुबंधों के अनुपालन से संबंधित बैंक के सांविधिक लेखापरीक्षकों के द्वारा जारी प्रमाणपत्र संलग्न है

अनुलग्नक I

आचार संहिता के अनुपालन की घोषणा

मैं पुष्टि करता हूं कि बोर्ड के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधतंत्र ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए बैंक की आचार संहिता का निश्चित रूप से अनुपालन किया है.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 23 मई, 2017

राजीव ऋषि
